Vol.24, Issue 3 | Annual Subscription ₹480

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

जनवरी 2025

# रोटरी समाचार

भारत

www.rotarynewsonline.org



Rotary

Rotary
District 3212

THE MAGIC OF ROTARY

RYLA

A CSR initiative of V.V.V & SONS Edible Oils Ltd.

# START YOUR BUSINESS JOURNEY IN 3500 MINUTES

INVESTMENT Rs.3500 Only

(Incl. Accommodation / Food / T-Shirt / Certification / E-Book / CREA Programs)

*Terms & Conditions Apply

Join RYLA

## BATCH 43.0

17th, 18th & 19th JAN 2025

## STOP WORRYING ABOUT JOB(S); START PRODUCING JOB(S);

The 3 DAYS training workshop covers end-to-end journey of an Entrepreneur. The participants get benefitted right from identifying their best fi business, business processes, investment opportunities, Business Styles, Marketing & Selling, Schemes & Systems, supplemented with necessary skills to sustain as an Entrepreneur. Each episode will have a POWER TALK session by a top industrialist /businessman, who share their experiences, best practices and knowledge with the participants

## 1274 TRAINED
## 226 STARTERS
## FLY TO SINGAPORE

As a part of that program, we select 02 outstanding participants from each batch and sponsor them for a Five Days - Four Nights visit to Singapore (Airport-to-Airport Free), to learn different business processes.

**CONTACT**

94431 66650
94433 67248

**VENUE**

Hari's Hotel
NH 44, Near Tirumangalam Toll Plaza, Kappalur, Thirumangalam, Madurai

IDHAYAM
SAY IDHAYAM • SPELL HEALTH

PUNCH PG GURUKULAM

Powered by Srinidhi Building Sustainable Relationship

K.V. Ramaswamy MEMORIAL TRUST

LEKHA ads/Jan 25/Rotary/FIW

ADVT.

# विषयसूची

40
एक यादगार इंस्टिट्यूट

12
तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है... मनुष्य और प्रकृति के बीच

48
रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार ने किया अनाथ लड़कियों का समर्थन

18
सदस्यता गिरावट को रोकिए

52
एक स्कूल को मिला नया जीवन

24
अगला रोटरी शांति केंद्र पुणे या सोल में खुल सकता है

54
इस मुंबई क्लब की सर्वोच्च प्राथमिकता - किसान



Rotary

A publication of Rotary Global Media Network


## ई-संस्करण दर हुई कम

1 जुलाई 2024 से हमारी ई-संस्करण सदस्यता ₹420 से संशोधित कर ₹324 कर दी गई हैं।

## आकर्षक कवर चित्र




नवंबर अंक में रतन टाटा का कवर फ़ोटो और मृत्युलेख प्रभावशाली था, जिसने उनके बचपन, शिक्षा, सादगी, अनुग्रह और परोपकार को उजागर किया। उनकी ईमानदारी, ज्ञान और शिष्टाचार किसी से छुपे नहीं थे, और यह जानकर बहुत अच्छा लगा कि वह एक आर्च क्लम्फ सदस्य थे।

दिसंबर अंक में एक आंगनवाड़ी का आकर्षक कवर है, जिसमें वंचित बच्चों और गर्भवती माताओं के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा में सुधार के लिए रो ई मंडल 3012 के एआई जैसी प्रौद्योगिकी के अभिनव उपयोग की प्रशंसा की गई है। अध्ययन सामग्री, क्विज़, कहानियों एवं अन्य सामग्रियों वाला संवादात्मक डैशबोर्ड बच्चों को व्यस्त रखेगा।

*के एम के मूर्ति*
*रोटरी क्लब सिकंदराबाद - मंडल 3150*

मैं नवंबर अंक में दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा पर संपादक के संदेश और कवर स्टोरी की बहुत सराहना करता हूं। कवर स्टोरी में तस्वीरें अद्भुत हैं।

आरआईपीई मारियो डी कमार्गो के साक्षात्कार को पढ़ना दिलचस्प था, जो वास्तव में संरक्षित किये जाने लायक है। रोटेरियन के रूप में, हमें टीआरएफ के माध्यम से वैश्विक समुदायों की सेवा करने पर गर्व है।

*सौमित्र चक्रवर्ती*
*रोटरी क्लब कलकत्ता यूनिवर्स - मंडल 3291*

मैं *रोटरी समाचार* के कवर पर स्वर्गीय रतन टाटा को देखकर बहुत द्रवित हुआ। उनके निधन के बाद, मुझे इस प्रतिष्ठित उद्योगपति के बारे में एक लेख का बेसब्री से इंतजार था। संपादक के संदेश और कवर स्टोरी ने उनके जीवन के नए पहलुओं का खुलासा किया, जिसमें कुछ ऐसी जानकारी भी थी जो अन्य मीडिया में नहीं मिली। रतन टाटा की संघर्षों और असफलताओं को सफलता में बदलने की क्षमता वास्तव में प्रेरणादायक है, और उनका जीवन हमें ध्यान और लचीलेपन का महत्व सिखाता है। साथ की तस्वीरों ने लेख को और भी आकर्षक बना दिया। मुझे यह भी पता चला कि टाटा एकेएस के सदस्य थे। शब्दों की दुनिया लेख की भी सराहना करनी होगी। इसे साझा करने के लिए धन्यवाद।

*संजय बारी, रोटरी क्लब चोपड़ा - मंडल 3030*

रतन टाटा की कवर तस्वीर शानदार थी। इसके अलावा, संपादक का संदेश, महान व्यक्ति किस मिटटी के बने होते है, प्रशंसा के योग्य है।

*डेनियल चित्तिलापिल्ली*
*रोटरी क्लब कलूर - मंडल 3201*

रो ई मंडल 3040 ने राज्य सरकार के सहयोग से निरक्षरता को खत्म करने के लिए मध्य प्रदेश में एक सराहनीय परियोजना शुरू की है। अक्षर पोथी पुस्तक एक अनपढ़ को बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए उत्साहित करेगी। इसके बाद, वे सीखने के दूसरे स्तर पर चले जाएंगे और साक्षर हो जाएंगे। अन्य रो ई मंडल 100 प्रतिशत साक्षरता लाने के लिए रो ई मंडल 3040 के इस उदाहरण के साथ चलन का पालन कर सकते हैं। बेहतर साक्षरता दर के साथ, देश के लिए प्रगति हासिल की जा सकती है।

रो ई मंडल 3040 के रोटेरियन प्रशंसा के पात्र हैं और मैं उनकी इस महान पहल में सफलता की कामना करता हूं। आशा है कि वे जल्द ही अपनी यात्रा में एक मील का पत्थर पार करेंगे।

*एस मोहन, रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट - मंडल 3000*

### सदस्यता में गिरावट

मासिक रूप से प्रकाशित मंडलवार टीआरएफ योगदान और सदस्यता सारांश काफी जानकारीपूर्ण हैं। इसी तरह, रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय हमारी रोटरी पत्रिका के माध्यम से सभी सदस्यों को छमाही आधार पर रो ई बकाया संग्रह और संग्रहण से संबंधित व्यय आवंटन के बारे में जानकारी प्रदान कर सकता है।

*जैकब मैथ्यू*
*रोटरी क्लब एरुमेली - मंडल 3211*

हमारी क्लब परियोजनाओं के आपके उत्कृष्ट कवरेज ने वास्तव में रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल के सार को प्रस्तुतु किया है।

नया डिजाइन और लेआउट न केवल देखने में आकर्षक है बल्कि पत्रिका की समग्र पठनीयता और प्रभाव को भी बढ़ाता है। बहुत सारे विचार और रचनात्मकता हर विवरण में चली गई है, और आपकी और आपकी टीम के समर्पण की सराहना की जाती है।

आपका काम रोटरी की भावना के लिए एक प्रेरणा है और उसका साक्षी है, जिससे परियोजनाओं और उपलब्धियों को जीवन मिलता है। उत्कृष्टता के प्रति आपकी प्रतिबद्धता के लिए धन्यवाद।

*मधुसूदन राठी*
*रोटरी क्लब पुणे सेंट्रल - मंडल 3131*

संपादक रशीदा का लेख *संख्या में चौंकाने वाली गिरावट* एक बड़ी चिंता (नवंबर अंक) रोटरी नेतृत्वकर्ताओं के लिए आंखें खोलने वाला है। रो ई के अधिकांश

# आपके पत्र

आपके दिसंबर अंक में दिलचस्प लेख हैं। एक लेख देने के सिद्धांत के बारे में बात करता है। सभी रोटेरियन को देने के सिद्धांत का पालन करना चाहिए क्योंकि यह कर्म के सिद्धांत पर आधारित है। जितना अधिक हम देते हैं, उतना ही हम प्राप्त करते हैं।

दूसरा लेख *हरित ओडिशा के लिए प्रयास* बीज गेंदों को बनाने के बारे में है। हमारे क्लब ने स्कूली बच्चों के साथ यह परियोजना शुरू की और सड़क के किनारे के इलाकों, बंजर गलियों और सूखे शहरी क्षेत्रों में इन बीज गेंदों को फैलाया। भारत को हरा-भरा बनाने के मिशन का समर्थन करने के लिए प्रत्येक क्लब को बड़े प्रयास करना चाहिए।

*पीयूष दोशी, रोटरी क्लब बेलूर - मंडल 3291*

एक अभिनव पहल में, रो ई मंडल 3233 ने चेन्नई में क्लबों के सभी पूर्व अध्यक्षों के लिए *कलंगराई विलक्कु* (लाइट हाउस) नामक एक सम्मेलन का आयोजन किया। डीजी महावीर बोथरा ने पूर्व अध्यक्षों की मेंटरशिप भूमिका को याद किया। यह कार्यक्रम उनके प्रयासों की सराहना करने हेतु आयोजित किया गया था। इस अद्भुत सम्मेलन की व्यवस्था के लिए रो ई मंडल 3233 को बधाई।

*एन जगदीशन, रोटरी क्लब एलुरु - मंडल 3020*

दिसंबर अंक की कवर स्टोरी *रोटरी की नई पहल: भारत की पहली ए आई आधारित आंगनवाड़ी* प्रभावशाली है। मुझे यह जानकर खुशी हो रही है कि गरीब बच्चों की सीखने की क्षमताओं को बेहतर ढंग से समझने के लिए एआई तकनीकों को अपनाया गया। *नन्हे कदमो की उड़ान* नामक परियोजना भारत में आंगनवाड़ियों की शिक्षण प्रणाली को बदल सकती है। वास्तव में, रो ई मंडल 3012 की एक सकारात्मक पहल।

इसी तरह, साइकिल प्रदान करने में रोटरी क्लब जुबली हिल्स, रो ई मंडल 3150, (नवंबर अंक) की पहल ने झारखंड के पाकुड़ गांव में छात्रों को स्कूल आने-जाने का एक प्रभावी साधन दिया है। लेकिन यह पहल अधिक प्रभावी हो सकती थी अगर क्लब ने बारिश के दौरान उनके लिए एक सामान्य परिवहन की व्यवस्था की होती।

*निरंजन कर, रोटरी क्लब भुवनेश्वर - मंडल 3262*

अध्यक्ष और उच्च अधिकारी अमेरिका से हैं, और इसका मुख्यालय भी इवेन्स्टन में है। यह गंभीर चिंता का विषय है कि जिस स्थान पर रोटरी का जन्म हुआ, वहां हमारी सदस्यता में भारी गिरावट आ रही है।

आरआईपीई मारियो डी कैमार्गो का कहना है कि अमेरिका की सदस्यता में 29 प्रतिशत की गिरावट आई है। वह कहते हैं कि रोटरी ने 20 वर्षों में 100,000 रोटेरियन खो दिए हैं। जबकि भारत ने 103 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, और दो दशकों की अवधि में 638 नए क्लब जोड़े गए। यह लेख दुनिया भर के रोटेरियनों को बहुत सारी शोध सामग्री प्रदान करता है।

*टोमी ईपेन*
*रोटरी क्लब एलेप्पी - मंडल 3211*

क्या आपने रोटरी न्यूज़ प्लस पढ़ा है? यह ऑनलाइन प्रकाशन हर सदस्य की ईमेल आईडी पर भेजा जाता है। **रोटरी न्यूज़ प्लस** को हमारी वेबसाइट *www.rotarynewsonline.org* पर पढ़ें।

**सोशल मीडिया पेजों की जानकारी**

मेटा द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के कई रोटरी क्लब और जिले के फेसबुक पेज और इंस्टाग्राम अकाउंट बंद कर दिए गए हैं। समाधान खोजने के लिए मेटा के साथ काम करने के बाद, रोटरी से जुड़े कई पेज बहाल किए गए।

यदि आपके क्लब/जिलों के सोशल मीडिया पेज बंद कर दिए गए हैं, तो कृपया इस लिंक पर दिए गए फॉर्म को पूरा करें - *on.rotary.org/fbissue* - और अपने ब्रांड राइट्स प्रोटेक्शन टूल के भीतर मेटा की 'अनुमति सूची' में पेज जोड़ने के लिए सबमिट करें। आरआई इस पर कार्रवाई करेगा। व्यवस्थापकों को विशिष्ट निर्देशों (मेटा के मार्गदर्शन से) और आरआई से उनके बहाली प्रयासों का समर्थन करने के लिए एक आधिकारिक पत्र के साथ एक ईमेल प्राप्त होगा।

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं *rotarynews@rosaonline.org* या *rushbhagat@gmail.com* पर संपादक को मेल कीजिए।

*rotarynewsmagazine@gmail.com* पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए।

आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकारी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा *rushbhagat@gmail.com* या *rotarynewsmagazine@gmail.com* पर भेजे जाने चाहिए।

WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

चित्र: क्रिस्टिन आर्मब्रस्टर

# खुशियाँ लाएं

मैं हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ मैकमुरे, पेंसिल्वेनिया के अपने गृह क्लब की बैठकों में जाता हूँ। कुछ साल पहले, एक व्यक्ति देर से आया। उसे डांटने के बजाय हमने उसका स्वागत किया। तब से हमने बैठकों के लिए आने वाले प्रत्येक सदस्य के लिए तालियाँ बजाने की परंपरा बना ली। इस तरह के अभिवादन के साथ न मुस्कुराना बहुत मुश्किल है।

कोई भी चीज़ सदस्यों को जोड़ने और उन्हें रोके रखने के लिए एक क्लब को जीवंत, सक्रिय, स्वागतयोग्य और हाँ मज़ेदार बनाने से अधिक प्रभावी नहीं हो सकती।

रोटरी की ओर आकर्षित होने के कारणों पर विचार करें। संभावना है कि वो कारण सिर्फ सेवा परियोजनाएं या पेशेवर नेटवर्किंग नहीं होगा। कारण वहाँ के लोग - उनकी मित्रता, साझा हँसी और एक सामान्य उद्देश्य के लिए मिलकर काम करने की खुशी थी। यही वो चीजें है जो हमें वापस लौटने के लिए प्रेरित करती है।

यदि आप अपनी बैठकों में उस आनंद की तलाश कर रहे हैं तो अपने आप से और अपने साथी सदस्यों से कुछ कठिन प्रश्न पूछने से न डरें। अगर आप एक संभावित सदस्य होते तो क्या आप अपने वर्तमान क्लब में शामिल होते? यह एक शक्तिशाली सवाल है लेकिन यहाँ नहीं रुके।

क्या आपके क्लब के सदस्यों को अपनापन महसूस होता है? क्या आपकी बैठकें मजेदार हैं? यदि नहीं, तो आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं?

यहाँ एक क्लब का सही दिशा में आगे बढ़ने का एक उदाहरण दिया गया है। रोटरी क्लब फुकुशिमा, जापान ने 2021 से पर्यावरणीय जिम्मेदारी को सामुदायिक मनोरंजन के साथ जोड़ना शुरू किया। जापान में लोगों ने कचरा उठाने को स्पोगोमी नामक एक खेल बना लिया है और हर साल यह क्लब इस खेल का आयोजन करता है। इस साल 400 से अधिक प्रतिभागियों ने एक-दूसरे का उत्साह बढ़ाते हुए एकजुट होकर अपने समुदाय को बेहतर बनाने के लिए काम किया।

यह कार्यक्रम यह दिखाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे रोटरी क्लब एक ही समय में व्यापक वैश्विक चुनौतियों के लिए जागरूकता बढ़ाने के साथ ही मज़े कर सकते हैं और परिवर्तन ला सकते हैं। और इसका समावेशी, पारिवारिक मित्रवत प्रारूप हर उम्र के लोगों को भाग लेने का अवसर प्रदान करता है।

अवरोधन और संस्कृति साथ-साथ चलते हैं। हमारे क्लब की संस्कृति जितनी स्वस्थ होगी हमारे सदस्यों के रुकने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। रोटरी पत्रिका हमारे क्लब की संस्कृति को बढ़ाने और सदस्य जुड़ाव को गहरा करने के लिए प्रेरणा का एक उत्कृष्ट संसाधन है। मैं आपको इन पृष्ठों में दी गई कहानियों और रणनीतियों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ ताकि आप अन्य क्लबों की सफलताओं से प्रेरित होकर अपने लिए उचित निर्णय ले सकें।

एक साथ मिलकर हम अधिक व्यस्त, सुखद और समावेशी रोटरी बना सकते हैं जिसका हिस्सा बनने पर हर सदस्य गर्व महसूस कर सकें। तो चलिए हम एक नए उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ें और *रोटरी के जादू* के साथ जिएं।

**स्टेफ़नी ए अर्चिक**
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

# सभी के लिए एक आदर्श इंस्टिट्यूट

रोई निदेशक अनिरुद्ध रॉयचौधरी द्वारा आयोजित और पीडीजी जॉन डैनियल की अध्यक्षता वाले कोच्चि जोन इंस्टीट्यूट का सबसे अच्छा हिस्सा आखिरी के लिए बचाया गया था। वह थी स्वादिष्ट साद्य दावत - एक पारंपरिक केरल भोजन - जो प्रतिभागियों को अंतिम दिन दोपहर के भोजन में दिया गया था। निःसंदेह, बैठकर भोजन करना एक बड़ी राहत थी; खड़े रहकर एक भारी चाइना प्लेट को पकड़ना, उस पर भोजन, चम्मच और कांटे को संतुलित करने में मज़ा कहाँ है? केले के पत्तों पर परोसा गया, उससे निकलने वाली मनमोहक सुगंध, पत्तों के स्वाद के साथ मिलकर, किसी के भी मन को तृप्त कर सकती थी। न केवल परोसा गया भोजन स्वादिष्ट था, बल्कि जिस तरीके और प्यार के साथ इसे परोसा गया था उसने उन प्रतिभागियों का दिल जीत लिया। परोसने वाली महिलाएं आपके आस-पास लगातार घूम रह थी, आपके केले के पत्ते में ख़त्म हो गए व्यंजनों पर कड़ी नज़र रखते हुए और एक मुस्कान के साथ उसे अधिक परोसने के लिए। ऐसा लगा जैसे हर मेहमान अपनी ही शादी में एक *माप्पिळ्ळई* (दूल्हा) था! नाश्ते में *अप्पम* भी एकदम सही थे!

अब जब किसी भी कार्यक्रम के सबसे महत्वपूर्ण पहलू - भोजन - को श्रेय दिया जा चुका है, तो टीम कोच्चि के सदस्यों को अन्य पहलुओं पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पाया गया। उदाहरण के लिए, परिवहन को लें, जो किसी भी रोटरी आयोजनों में एक प्रमुख सिरदर्द साबित होता है। आयोजकों द्वारा बड़ी संख्या में प्रतिनिधियों को संभालने की दुविधा को समझा जा सकता है, लेकिन कोच्चि में मौजूद करीब 1,200 प्रतिनिधियों ने पाया कि विभिन्न होटलों से उन्हें आयोजन स्थल तक लाने और ले जाने के साथ-साथ हवाई अड्डे और रेलवे स्टेशन का स्थानांतरण बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से चलता रहा।

मुझे यकीन है कि ऐसा करने के लिए बहुत ही बुद्धिशीलता और निष्पादन कौशल की आवश्यकता रही होगी, लेकिन आखिर में, इस संस्थान में हर पसंद, जुनून या वरीयता को संतुष्ट करने के लिए घटनाओं का एक ग्रहणशील मिश्रण था। चाहे वह मनोरंजन हो, या तो सत्रों के दौरान या शाम में मद्य के मिश्रण के साथ, पारंपरिक केरल स्नेक बोट दौड़ जैसी खेल गतिविधियां हो या टीआरएफ एवं सेवा परियोजनाओं के लिए धन जुटाने के लिए हाफ मैराथन, वह ईंधन जो इतने सारे रोटेरियनों की कल्पना को प्रज्वलित करता है, सब कुछ वहां मौजूद था। केरल का स्वाद नकली हाथियों की पंक्ति, *चेंडा मेलम* प्रदर्शन, केरल-शैली के स्ट्रीट फूड और यादगार फोटो के लिए उपलब्ध विभिन्न पृष्ठभूमि में लिया जा सकता था।

अंतिम लेकिन सबसे महत्पूर्ण था वक्ताओं का चुनाव जिसने आरएनटी टीम को रिपोर्ट करने के लिए कुछ दिलचस्प भाषण दिए। पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक, भले ही उन्होंने मुख्य हॉल में अनावश्यक रूप से अत्यधिक एयर कंडीशनिंग पर चुटकी ली, उन्होंने सादगी के साथ उन गंभीर चुनौतियों को सामने रखा जो हम पृथ्वी ग्रह पर इस तरह के विचारहीन कृत्यों से थोप रहे थे, जिससे कि उच्च हिमालय में विनाशकारी परिणाम दिखना शुरू हो चुके है, उस जगह जहां वह रहते हैं।

सांसद और केरल के रहवासी शशि थरूर ने अपनी बुद्धि और आकर्षण - एक महिला प्रतिनिधि जिन्हें बीच में जाना पड़ा, ने मुझसे एक वीडियो रिकॉर्डिंग भेजने का आग्रह किया, जिसे मैंने निश्चित रूप से अस्वीकार कर दिया - से एक प्रश्नोत्तर सत्र में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया जहां उन्होंने अपने पूछताछकर्ता पीआरआईडी ए एस वेंकटेश द्वारा फेंकी गई कुछ गुगलियों को सफलतापूर्वक खेला, जिसमें उन्होंने त्रुटिहीन उच्चारण और निकट-परिपूर्ण अंग्रेजी में चतुराई एवं तथ्यों से भरे उत्तर दिए। नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और बच्चों के अधिकारों के हिमायती कैलाश सत्यार्थी ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और यह याद रखने की अपील की ''कि हर बच्चा और हर बचपन मायने रखता है।''

कार्यक्रम स्थल का चुनाव - ग्रैंड हयात कोच्चि, वेम्बनाड झील के बैकवाटर से सटा एक वाटरफ्रंट लक्ज़री रिज़ॉर्ट - भी एकदम सही था। होटल के कर्मचारियों द्वारा दी गई सेवा असाधारण थी, जिसमें कार्यक्रम स्थल पर महिलाओं के लिए चमचमाते साफ-सुथरे और बदबू रहित शौचालय भी शामिल थे

रशीदा भगत

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

# इस साल, एक नियमित सदस्य बनें

जनवरी एक नई शुरुआत का प्रतीक है, हमने अब तक जो हासिल किया है यह उसका मूल्यांकन करने और भविष्य की सफलता की योजना बनाने का समय है।

रोटरी फाउंडेशन ने इस वर्ष 2025 तक रोटरी की अक्षय निधि को 2.025 बिलियन डॉलर तक बढ़ाने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह केवल तभी संभव होगा जब इस संदेश को पढ़ने वाले प्रत्येक व्यक्ति के द्वारा उदार समर्थन प्राप्त होगा।

जनवरी को व्यावसायिक सेवा माह के रूप में भी मनाया जाता है जब हम रोटरी द्वारा किए गए कार्यों के लिए प्रत्येक सदस्य के पेशेवर कर्तव्य की महत्वपूर्ण भूमिका को सराहते है।

अक्टूबर में आर्क क्लम्फ सोसाइटी सप्ताहांत के दौरान गे और मुझे हमारे कुछ सबसे उदार समर्थकों के बीच प्रतिनिधित्व किए गए विविध व्यवसायों से प्रेरणा मिली। इनमें शिक्षक, इंजीनियर, स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर और बिल्डर शामिल थे। उन्हें एकजुट करना रोटरी फाउंडेशन के माध्यम से एक बेहतर दुनिया के निर्माण के लिए एक साझा प्रतिबद्धता थी।

हम में से बहुत से लोग व्यावसायिक सेवा के माध्यम से रोटरी में अपनी पेशेवर समझ का योगदान देते हैं। तकनीकी सलाहकारों का रोटरी फाउंडेशन कैडर इसका उदाहरण है। ये रोटरी सदस्य परियोजना नियोजन, अनुदान आवेदन और मूल्यांकन में अपने विशेष कौशलों का उपयोग करते हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सकें कि आपके द्वारा वित्तपोषित और कार्यान्वित परियोजनाएं टिकाऊ और प्रभावी हो।

सुरक्षित जल पहल से लेकर साक्षरता कार्यक्रमों तक रोटरी फाउंडेशन का कार्य हमारे सदस्यों के नियमित दान पर निर्भर होता है। कई लोगों के लिए एक सुविधाजनक समाधान रोटरी डायरेक्ट है जो मासिक, त्रैमासिक या वार्षिक योगदान करने का एक आसान तरीका प्रदान करता है। यह प्रभावी ढंग से योजना बनाने, तात्कालिक आवश्यकता के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने और लोगों के जीवन को परिवर्तित करना जारी रखने में रोटरी को सक्षम बनाता है।

वार्षिक रूप से 1000 डॉलर या उससे अधिक का योगदान देने वाले लोगों को पॉल हैरिस सोसाइटी सम्मानित करती है इससे फाउंडेशन मजबूत होता है। पॉल हैरिस सोसाइटी के सदस्य, क्लंफ सोसाइटी के सदस्यों और रोटरी डायरेक्ट योगदानकर्ताओं की तरह ही निरंतर दान देने की भावना को साकार करते हैं।

इस वर्ष के लिए अपने व्यक्तिगत लक्ष्य निर्धारित करते समय यह याद रखें कि रोटरी फाउंडेशन का समर्थन करके आप वैश्विक स्तर पर अपना प्रभाव बढ़ाते हैं। प्रत्येक योगदान - चाहे वो छोटा हो या बड़ा - सार्थक परिवर्तन लाने वाली प्रेरक गति में अपना योगदान देता है। तो चलिए 2025 में कदम रखने के साथ हम रोटरी फाउंडेशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करें।

हमारे महान संगठन में दूसरों के साथ हमारे प्रयासों और योगदानों को मिलाकर हम वास्तव में कह सकते हैं कि चाहे हमारा व्यवसाय या स्थान जो भी हो, हम अच्छाई के लिए एक वैश्विक शक्ति में योगदान दे रहे हैं।

आप सभी को आपके कार्य के लिए धन्यवाद।

**मार्क डेनियल मलोनी**

ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन



## गवर्नर्स काउंसिल

| | |
|---|---|
| RID 2981 | बस्करन एस |
| RID 2982 | शिवकुमार वी |
| RID 3000 | राजा गोविंदसामी आर |
| RID 3011 | महेश पी त्रिखा |
| RID 3012 | प्रशांत राज शर्मा |
| RID 3020 | डॉ एम वेंकटेश्वर राव |
| RID 3030 | राजिंदर सिंह खुराना |
| RID 3040 | अनीश मलिक |
| RID 3053 | राहुल श्रीवास्तव |
| RID 3055 | मोहन पाराशर |
| RID 3056 | डॉ राखी गुप्ता |
| RID 3060 | तुषार शाह |
| RID 3070 | डॉ परमिंदर सिंह ग्रोवर |
| RID 3080 | राजपाल सिंह |
| RID 3090 | डॉ संदीप चौहान |
| RID 3100 | दीपा खन्ना |
| RID 3110 | नीरव निमेश अग्रवाल |
| RID 3120 | परितोष बजाज |
| RID 3131 | शीतल शरद शाह |
| RID 3132 | डॉ सुरेश हीरालाल साबू |
| RID 3141 | चेतन देसाई |
| RID 3142 | दिनेश मेहता |
| RID 3150 | शरथ चौधरी कटरागड्डा |
| RID 3160 | डॉ साधु गोपाल कृष्ण |
| RID 3170 | शरद पाई |
| RID 3181 | विक्रमदत्त |
| RID 3182 | देव आनंद |
| RID 3191 | सतीश माधवन कननोर |
| RID 3192 | एन एस महादेव प्रसाद |
| RID 3201 | सुंदरवदिवेलु एन |
| RID 3203 | डॉ एस सुरेश बाबू |
| RID 3204 | डॉ संतोष श्रीधर |
| RID 3211 | सुधी जब्बार |
| RID 3212 | मीरनखान सलीम |
| RID 3231 | राजनबाबू एम |
| RID 3233 | महावीर चंद बोथरा |
| RID 3234 | एन एस सरवनन |
| RID 3240 | सुखमिंदर सिंह |
| RID 3250 | बिपिन चाचान |
| RID 3261 | अखिल मिश्रा |
| RID 3262 | यज्ञनिस महापात्रा |
| RID 3291 | डॉ कृष्णेंदु गुप्ता |

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित।
संपादक: **रशीदा भगत**

योगदान का स्वागत है लेकिन संपादित किया जाएगा। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

## न्यासी मंडल

| | |
|---|---|
| राजु सुब्रमण्यन<br>**रो ई निदेशक और अध्यक्ष, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट** | RID 3141 |
| अनिरुधा रॉयचौधरी<br>**रो ई निदेशक** | RID 3291 |
| डॉ भरत पांड्या<br>**टीआरएफ ट्रस्टी** | RID 3141 |
| राजेंद्र के साबू | RID 3080 |
| कल्याण बेनर्जी | RID 3060 |
| शेखर मेहता | RID 3291 |
| अशोक महाजन | RID 3141 |
| पी टी प्रभाकर | RID 3234 |
| डॉ मनोज डी देसाई | RID 3060 |
| सी भास्कर | RID 3000 |
| कमल संघवी | RID 3250 |
| डॉ महेश कोटबागी | RID 3131 |
| ए एस वेंकटेश | RID 3234 |
| गुलाम ए वाहनवती | RID 3141 |

## निर्वाचित रो ई निदेशक

| | |
|---|---|
| एम मुरुगानंदम | RID 3000 |
| के पी नागेश | RID 3191 |

**कार्यकारी समिति के सदस्य (2024-25)**

| | |
|---|---|
| एन एस महादेव प्रसाद<br>**अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3192 |
| अखिल मिश्रा<br>**सचिव, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3261 |
| आर राजा गोविंदसामी<br>**कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3000 |
| राखी गुप्ता<br>**सलाहकार, गवर्नर्स काउंसिल** | RID 3056 |



**संपादक**
रशीदा भगत

**उप संपादक**
जयश्री पद्मनाभन

**प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक**
विश्वनाथन के

**रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट**
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
*rotarynews@rosaonline.org*
*www.rotarynewsonline.org*

Magazine


टीआरएफ ट्रस्टी का संदेश

# TRF का समर्थन

चलिए 2025 में प्रवेश करते हुए हम टीआरएफ के प्रति अपने समर्थन को नवीनीकृत करें। चाहे वह पोलियो उन्मूलन हो (और हम वहाँ पहुंचेंगे) या प्रोग्राम्स ऑफ स्केल, शांति और सद्भावना या 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर का अक्षय निधि निर्माण हो, वास्तव में टीआरएफ ज़िंदगियों को छूते हुए समुदायों एवं देशों में परिवर्तन ला रहा है।

आप जैसे समर्पित, उत्साही और सहयोगी रोटेरियनों के समर्थन के कारण ही यह संभव हो पाया है। टीआरएफ के प्रति आपके अद्वितीय समर्थन के लिए धन्यवाद। जब हम फाउंडेशन को देते हैं तो हम एक रोटरी परिवार के रूप में एक साथ मिलकर एक बड़ा प्रभाव ला सकते हैं जो हम अकेले नहीं कर सकते। आपका योगदान ही परियोजनाओं के निधियन के लिए अनुदान बनता है, जो लोगों के जीवन को बदलते हुए स्थायी परिवर्तन लाता है। इसलिए मैं आपसे अनुरोध करता हूँ:

- **वार्षिक निधि का समर्थन करें:**
  - दानकर्ताओं की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि करें। 28 प्रतिशत रोटेरियन दाताओं ने 2023-24 में वार्षिक निधि में योगदान दिया। पिछले वर्ष के 50 प्रतिशत दाताओं ने पुनः दान दिया और उनमें से 50 प्रतिशत ने दान नहीं किया। (क्या यह पंक्ति ऐसी होनी चाहिए: पिछले वर्ष के पचास प्रतिशत दाताओं ने पुनः दान किया।) बार-बार दान देने के लिए प्रोत्साहित करें।
  - टीआरएफ में 100 प्रतिशत क्लब योगदान को बढ़ावा देना सुनिश्चित करें। 2021-22 में हमारे पास फाउंडेशन में 100 प्रतिशत क्लब योगदान देने वाले तीन मंडल थे, 2022-23 में ऐसे आठ मंडल थे और 2023-24 में ऐसे 10 मंडल थे। 2024-25 में पहले से ही 12 मंडलों ने 100 प्रतिशत क्लब योगदान प्राप्त कर लिया है। यह बहुत अच्छी बात है। इन मंडलों को बधाई।
  - छोटे दाताओं को न भूलें। सही दिशा में छोटे कदमों से महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की जाती हैं। क्लब समारोहों, क्लब इंस्टॉलेशन, क्लब यात्राओं आदि पर इन दाताओं को सम्मानित करें।
  - वार्षिक निधि में *अपना* योगदान देकर उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नेतृत्व करें।
  - पॉल हैरिस सोसाइटी में शामिल होने के लिए अधिक रोटेरियनों को प्रोत्साहित करें।
- **अक्षय निधि का समर्थन करें:** अक्षय निधि हमारे रोटरी फाउंडेशन के लिए एक उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करती है। 2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर का लक्ष्य है। जब हम इस लक्ष्य तक पहुंचते हैं तो यह हमें हर साल 50 मिलियन डॉलर की खर्च योग्य आय देगा। सोचें कि हम कितना अच्छा कर सकते हैं। इसलिए कृपया अक्षय निधि में योगदान दें। अपनी अक्षय निधि को बढ़ाकर हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि रोटरी हमारे जीवनकाल के बाद भी दुनिया में अच्छा कर सकती है।

आर्क क्लम्फ ने एक बार टिप्पणी की थी, हमें रोटरी के लिए महत्वाकांक्षी होना चाहिए। तो चलिए हम अपनी महत्वाकांक्षा को टीआरएफ के लिए समर्पित करते हुए फाउंडेशन का समर्थन करें। याद रखें 'हृदय के लिए दूसरों की मदद करने हेतु पहुंचने और उन्हें ऊपर उठाने से बेहतर कोई और व्यायाम नहीं है।' यह रोटरी फाउंडेशन का जादू है।

**भरत पांड्या**
टीआरएफ ट्रस्टी

# निदेशक का संदेश

## उद्देश्य और संभावनाओं का एक नया साल

प्रिय साथी रोटेरियन,

नववर्ष की शुभकामनाएँ! जब हम 2025 का स्वागत करते हैं, आइए हम इस नई शुरुआत को नई ऊर्जा, उद्देश्य और जुनून के साथ अपनाएं। नए साल की शुरुआत हमेशा एक निमंत्रण की तरह होती है - बड़े सपने देखने, साहसी कार्य करने और दुनिया पर एक अमिट छाप छोड़ने की पुकार।

हम में से हर एक के पास बदलाव लाने की शक्ति है, न केवल बड़े योगदानों के माध्यम से बल्कि छोटे, सार्थक कृत्यों के माध्यम से जो तरंगनुमा प्रभाव उत्पन्न करते हैं। रोटरी की विरासत इसी आधार पर बनी है: जीवन बचाने में, समुदायों को बदलने में और उस जगह आशा जगाने की क्षमता में जहां इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

इस वर्ष, आइए हम अपनी परंपराओं का सम्मान करने और परिवर्तन की लहर को अपनाने के बीच सही संतुलन खोजें। *रोटरी की कार्य योजना* का समर्थन करके, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी परिकल्पना हमारे आधारभूत मूल्यों से नज़रें हटाये बिना, आज की दुनिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित हो।

शांति की लालसा रखने वाली दुनिया में, हमें इसके कट्टर पैरोकार होने चाहिए। उस संदेश की कल्पना करें जो हम तब भेजते हैं जब हम एक खेल के मैदान, पार्क या सामुदायिक स्थान में शांति स्तंभ खड़ा करते हैं - सद्भाव और एकता का एक मूक लेकिन शक्तिशाली प्रतीक। हर ऐसे कार्य के साथ, हम दूसरों को एक साझा भविष्य में विश्वास करने के लिए प्रेरित करते हैं, जहां सद्भावना बनी रहती है।

साथ ही, हमें पर्यावरणीय स्थिरता को दोगुना करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। हर पेड़ जो हम लगाते हैं, हर संसाधन जिसका हम संरक्षण करते हैं और हर हरित पहल जिसका हम समर्थन करते है, हमें एक स्वस्थ ग्रह के करीब ले जाता है। यह सिर्फ एक दायित्व नहीं है; यह भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमारी विरासत है।

और जब हम आज की चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, आइए हम कल के नेतृत्वकर्ताओं को सशक्त बनाना न भूलें। रोटेरेक्टर परिवर्तन लाने वालों की अगली लहर हैं। उन्हें सलाह और समर्थन देकर, हम रोटरी के सेवा के मिशन की निरंतरता सुनिश्चित करते हैं।

हमारे द्वारा पूरी की जाने वाली प्रत्येक परियोजना के साथ, हमारे द्वारा एकत्रित किये गए प्रत्येक डॉलर और हमारे द्वारा शामिल किये जाने वाले प्रत्येक नए सदस्य के साथ, हम जादू बनाते हैं - उस तरह का जादू जो जीवन बदलता है और दूसरों को हमसे जुड़ने के लिए प्रेरित करता है। आइए *रोटरी के फोर-वे टेस्ट* को अपना मार्गदर्शक बनाकर इस जादू को जिएं, जो सत्य, न्याय, सद्भावना और सभी के लाभ को सुनिश्चित करता है।

2025 एक कोरी किताब है, जिसे हमें आशा, सेवा और प्रभाव के जीवंत रंगों से भरना है। आइए, हम साथ मिलकर सपने देखें, कार्य करें और उन लक्ष्यों को हासिल करें जिन्हें हमनें पहले कभी नहीं किया।

**अनिरुद्धा रॉयचौधरी**
रो ई निदेशक, 2023-25

Rotary Institute KOCHI 2024

**निम्नलिखित पृष्ठों में कोच्चि रोटरी इंस्टिट्यूट का विस्तृत कवरेज प्रस्तुत किया गया है।**



हेमंत बंसवाल

*इंस्टिट्यूट के संयोजक रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी (बाएं) इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष पीडीजी जॉन डेनियल के साथ।*

*पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक*

# तीसरा विश्व युद्ध शुरू हो चुका है... मनुष्य और प्रकृति के बीच: वांगचुक

**रशीदा भगत**

एक ऐसी दुनिया में जहां हिंसा और संघर्ष राष्ट्रों को अलग कर रहे हैं और दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध छेड़े जा रहे हैं, पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने कोच्चि संस्थान के प्रतिभागियों के मन में एक अलग ही विचार डाला, जब उन्होंने कहा: ''जब हम वैश्विक शांति के बारे में बात करते हैं, तो आज की समस्या राष्ट्रों के बीच चल रहे विशाल युद्ध की नहीं है बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच चल युद्ध की है।''

मेरा मानना है कि तीसरा विश्व युद्ध पहले से ही मनुष्य और प्रकृति के बीच चल रहा है।

उन्होंने आंकड़ों से अपनी बात साबित की। हर साल, सात मिलियन लोग अकेले वायु प्रदूषण से मारे जाते हैं। यदि आप अन्य जलवायु संबंधित मौतों को जोड़ते हैं, तो यह आंकड़ा 10 मिलियन तक पहुँच जाता हैं। ''मैं सोच रहा था कि 10 मिलियन लोगों के इस आंकड़े का क्या मतलब है... यह संख्या क्या है? मैंने स्वाभाविक रूप से दो बड़े युद्धों, प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय के बारे में सोचा, जो एक साथ लगभग 10 वर्षों तक चले। लगभग सात मिलियन लोग उनमें मारे गए, लेकिन पर्यावरण में आ रही गिरावट एवं प्रदूषण से संबंधित कारणों से हर साल 10 मिलियन लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसका मतलब है कि तीसरा विश्व युद्ध पहले से ही चल रहा है।''

लेकिन इस बड़ी समस्या का जवाब ''सौर-तापित इमारतों या इलेक्ट्रिक वाहनों या किसी भी रूप की प्रौद्योगिकी में नहीं मिलेगा। जब धार्मिक नेता, जिन्हें लोग सुनते हैं... वैज्ञानिकों की तो कोई नहीं सुनता... इस विषय को अपने प्रवचन में उठाएंगे और इसे प्राथमिकता देंगे, तब हमें इस समस्या का समाधान मिलेगा।''

लेकिन इससे भी बेहतर, उन्होंने कहा, ''हम एक बार फिर प्रकृति उपासक बन जाते हैं, जैसा कि हम किसी भी धर्म के आने से पहले थे। उन्होंने जल्दी से आगे कहा कि इसके लिए हमें अपने वर्तमान धर्मों को छोड़ना नहीं है, लेकिन बस उसे थोड़ा बदलना है और हिंदू, मुस्लिम, ईसाई या बौद्ध प्रकृति उपासकों का एक अनुकूलित, अद्यतित संस्करण बनना है, और यह हमें रोशनी दिखाएगा।''

वांगचुक ने न केवल ''हमारे भविष्य बल्कि इस ग्रह को साझा करने वाले अन्य प्राणियों का भी ध्यान रखने वाली जीवनशैली अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आज की दुनिया की समस्याओं का जवाब विकास की उस अंधी दौड़ में नहीं है जिसे हम पिछले 300 वर्षों से देखा रहे है; उसकी अधिकता हमें और नीचे ही ले जाएगी।''

वे भारतीय परम्परागत ज्ञान और बुद्ध की 2,500 वर्ष पूर्व कही बात में अपना उत्तर तलाशते है कि ''मनुष्य की सफलता हजारों इच्छाओं को पूरा करने में नहीं है, जैसे कि बढ़िया कार, मकान, वस्त्र और भौतिक सम्पदा, बल्कि किसी एक इच्छा की पूर्ती की बजाय उसका त्याग करने में है। इस ग्रह पर हमें इस तरह के नवाचार की आवश्यकता है, न कि तकनीकी या इंजीनियरिंग प्रकार के।''

स्टूडेंट्स एजुकेशनल एंड कल्चरल मूवमेंट ऑफ लद्दाख (एसईसीएमओएल) के संस्थापक-निदेशक, जिनके जीवन के अनुभव पर बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर *द 3 इडियट्स* में वैज्ञानिक फुनसुख वांगडू के रूप में आमिर खान की भूमिका आधारित थी, ने कोच्चि संस्थान के दर्शकों को अपनी गहन बातों से मंत्रमुग्ध कर दिया, जो सादगी भरे शब्दों में लिपटी हुई थी।

सबसे पहले, लद्दाख के नाजुक पारिस्थितिकी क्षेत्र में रहने वाले पर्यावरणविद् ने अत्यधिक ठंडे ऑडिटोरियम की एक चुटकी ली जहां संस्थान के सत्र आयोजित किए गए थे, और जहां पुरुष जैकेट पहने हुए थे। ''मैंने एक शर्ट के साथ कोच्चि की गर्मी का आनंद लेने की उम्मीद की थी। मुझे नहीं पता था कि मुझे लद्दाख की तरह ही कपड़े पहनने पड़ेंगे और मैं आप में से कई लोगों को थ्री-पीस सूट में देख पा रहा हूं।'' अत्यधिक एयर कंडीशनिंग से होने वाले नुकसान के बारे में बताते हुए उन्होंने

# वांगचुक का जादुई स्कूल

*एसईसीएमओएल (लद्दाख के छात्र शैक्षिक और सांस्कृतिक आंदोलन) स्कूल।*

उच्च हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण क्षरण से उत्पन्न जलवायु संकट से जन्मी चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए, हम लद्दाख में आसन्न आपदा को कम करने हेतु अनुकूलन एवं नवाचार करने के लिए अपने प्रयास कर रहे हैं। हमारे स्कूल में पिछले 35 वर्षों से, हम स्थानीय स्तर पर अनुकूलन के तरीकों की खोज कर रहे हैं। लेकिन आज हमें विश्व स्तर पर अनुकूलन और नवाचार करने की आवश्यकता है। हमारे छोटे-मोटे प्रयास अकेले काफी नहीं है, जाने-माने पर्यावरणविद् सोनम वांगचुक ने कोच्चि इंस्टीट्यूट को संबोधित करते हुए कहा।

शिक्षा प्रणाली, जहां विफलता एक बड़ी बात होती थी, में सुधार लाने के लिए 1990 में शुरू किया गया यह स्कूल, यह युवाओं को भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश करता है जो अतीत से बहुत अलग है।

यह (एसईसीएमओएल) स्कूल हमारे पैरों के नीचे पाई जाने वाली मिट्टी या मिट्टी जैसी प्राकृतिक सामग्री से बनाया गया था। और यह सूर्य द्वारा संचालित है। लद्दाख जैसे अत्यंत ठंडे स्थान में, सर्दियों में इस स्कूल को गर्म करने या यहां तक कि खाना पकाने के लिए भी कोई ऊर्जा या जीवाश्म का उपयोग नहीं किया जाता है। इस स्कूल में सौर ऊर्जा के साथ सब कुछ होता है, जो कि शायद दुनिया का पहला कार्बन-तटस्थ स्कूल भी है, उन्होंने कहा।

वांगचुक ने कहा कि लेकिन यह सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा नहीं है। छात्र चीजों को छूकर और अनुभव करके और उनको मिलने वाली शिक्षा से वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने के माध्यम से सीखते हैं। बल्कि, मैं कहूंगा, वे दुनिया को एक कक्षा बनाते हैं और इन समस्याओं को हल करने के लिए किताबें देखते है... एक ऐसे परिसर में जहां सौर उर्जा से खाना पकाना, बिजली बनाना, जैविक बागवानी करना और भी बहुत कुछ किया जाता है। सूरज के साथ लगभग हर चीज होती है, जो हमारे पास प्रचुर मात्रा में है, चाहे वह खाना पकाना हो या ताजी सब्जियों का उत्पादन करने वाले ग्रीन हाउस, लाइटिंग, बिजली, पानी गर्म करना, पम्प चलाना हो... यहां तक कि हमारे परिसर की गायें भी सौर-तापित गौशाला में रहती हैं।

स्कूल सबसे कठोर, दूरस्थ एवं परित्यक्त स्थान में निर्माण के नवाचार की कहानी बताता है; ऐसी इमारतों को संवाहनीयता की आवश्यकता वाले किसी भी स्थान पर बनाया जा सकता है। इन इमारतों में +18 डिग्री सेल्सियस का आतंरिक तापमान होता है, जबकि बाहर -20 डिग्री का तापमान होता है, और ऐसा बिना किसी तेल, हवा, लकड़ी, कोयले या अन्य ईंधन के इस्तेमाल से किया जाता है। और सुंदरता यह है कि अभिविन्यास के लिए ज्यामिति और समाधान के लिए भौतिकी के थोड़े प्रयोग के साथ, इमारतें गर्मियों में सबसे ठंडी और सर्दियों में सबसे गर्म रहती हैं।

वांगचुक ने कहा कि इस तकनीक को अब लद्दाख के बाकी हिस्सों में भी फैलाया जा रहा है, जहां भारी सैन्यीकरण हुआ है। इसका मतलब है कि 100,000 सैनिक स्वयं को गर्म रखने के लिए तेल और जीवाश्म ईंधन जलाएंगे, क्योंकि कई दक्षिण भारत जैसे गर्म स्थानों से आते हैं। इससे कार्बन उत्सर्जन इस हद तक होता है जिसकी आप कल्पना भी नहीं कर सकते। तीन देशों - भारत, चीन और पाकिस्तान - की सेनाओं से उस अति नाजुक क्षेत्र में एक मिलियन टन उत्सर्जन। इसलिए हम अब इस तकनीक को भारतीय सेना को दे रहे हैं, जो मेरा मानना है कि तीनों में पारिस्थितिक रूप से सबसे प्रगतिशील सेना है।

उन्होंने कहा, हमारी सेना अब पूरी तरह से सौर-तापित, कार्बन-तटस्थ आश्रयों में रहती है जो हमारे द्वारा उनके सहयोग से बनाए जाते हैं। यह उन्हें जीवाश्म ईंधन के उपयोग, कार्बन उत्सर्जन और आग दुर्घटनाओं से बचाता है। उस क्षेत्र में दुश्मन की आग की तुलना में आकस्मिक आग से अधिक सैनिक मरते हैं। इसलिए अब हमारे सैनिक उन ऊंचाइयों पर गर्म और खुश रहते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि उनके या हमारे घरों में, और स्कूल में, तापमान हमेशा सबसे ठंडी सर्दियों में 18 से 25 के बीच रहता है। किसी भी समय, यह दिल्ली के एक घर की तुलना में गर्म होता है। और जब भी मैं लद्दाख से दिल्ली आता हूं, मुझे ठंड लगती है। विज्ञान और नवाचार का थोड़ा सा उपयोग करके आप ऐसा कर सकते है।■

कहा कि भारत में 27 डिग्री सेल्सियस का तापमान आरामदायक है; हर एक डिग्री को कम करने के लिए छह प्रतिशत ऊर्जा की आवश्यकता होती है। कमरे का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस बनाए रखने का मतलब 40-50 प्रतिशत अधिक ऊर्जा खर्च करना है।

बेशक इन दिनों लद्दाख में तापमान -20 डिग्री सेल्सियस था और जल्द ही यह -25 डिग्री सेल्सियस तक चला जाएगा, उन्होंने आयोजकों को धन्यवाद दिया जिन्होंने कोच्चि में जैकेट पहनाकर मुझे घर जैसा महसूस कराया!

वांगचुक इसके बाद हमारी दुनिया के सामने मौजूद जलवायु संकट की परत दर परत छीलने लगे, विशेष रूप से नाजुक हिमालयी क्षेत्र की जहां से मैं आता हूं और जहां हम वास्तविक समय में जलवायु परिवर्तन का खामियाजा देख रहे हैं। कोई भी जगह अधिक भिन्न नहीं हो सकती है; लेकिन लद्दाख एक अन्य ग्रह की तरह है, और यह हिमालय या ट्रांस-हिमालय में नहीं बल्कि उसके पार है, और जहां प्रकृति ने हमें असहाय छोड़ दिया है।

उन्होंने कहा कि हिमालय कश्मीर, शिमला की तरह हरा-भरा है। लेकिन हिमालय के पार एक बहुत ही अलग दुनिया है। ''जब मैं सुबह अपनी खिड़कियां खोलता हूं, तो यह पृथ्वी की तुलना में मंगल ग्रह की तरह दिखता है। बाहरी अंतरिक्ष की तरह, यहां तापमान गर्मियों में +35 डिग्री सेल्सियस से सर्दियों में -35 डिग्री सेल्सियस तक जाता है। वह कहते है अगर आपका सिर धूप में है, और पैर छाया में हैं, तो यह एक ऐसी जगह है जहां आप एक ही समय में सनबर्न और शीतदंश दोनों का अनुभव कर सकते हैं।''

इस क्षेत्र में सबसे गंभीर तरीकों से जलवायु परिवर्तन का सामना करने के बावजूद, मानवीय हस्तक्षेप जादू कर सकता था, और उन्होंने किया भी। एक लद्दाखी गांव में हरे-भरे मैदान की तस्वीरें दिखाते हुए उन्होंने कहा कि ''यह प्रकृति का नहीं बल्कि हमारे पूर्वजों का एक ऐसे क्षेत्र में किया गया कारनामा है, जहां मानसून मेहरबान नहीं है जैसा कि आपके क्षेत्रों में हैं।''

इस तरह के हरे मैदान स्थानीय किसानों द्वारा अभिनव अनुकूलन के कारण संभव हुए, जिन्होंने चट्टानों को तराशकर पिघलने वाले ग्लेशियरों को रास्ता दिखाया और रेतीली भूमि के सूखे इलाकों में पानी की बूँदें पहुंचाई। ''उनके द्वारा किये गए जादू की वजह से, हम जौ, गेहूं, खुबानी, सेब, आड़ू, प्लम यहाँ उगा पा रहे हैं। और न केवल लोग युगों से जीवित हैं, बल्कि उनकी रंगीन सभ्यता भी अपने स्वयं के संगीत, नृत्य, साहित्य और आध्यात्मिकता के साथ समृद्ध हुई है।''

लेकिन अब, ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण, इस क्षेत्र को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''हमारे ग्लेशियर बहुत तेजी से पिघल रहे हैं। आप टेलीविजन पर देख सकते हैं, लेकिन आप नहीं जानते कि इसका ऊँचे हिमालय में रहने वालों पर क्या असर पड़ेगा, और बहुत जल्द इसका प्रभाव देश और दुनिया के बाकी हिस्सों पर होगा। विशेष रूप से उत्तर भारत पर।''

वांगचुक ने कहा कि इस क्षेत्र में दुनिया के अधिकांश ग्लेशियर और बर्फ के रूप में ताज़ा पानी मौजूद है। ''उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव के बाद इस क्षेत्र को तीसरा ध्रुव, हिंदुकुश हिमालय,'' कहा जाता है। हवाई जहाज से खींची गई एक तस्वीर दिखाते हुए उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में करीब 50,000 ग्लेशियर हैं जो ग्रह के लिए बहुत कीमती हैं। ''और जैसे-जैसे वे पिघलते हैं, आप उत्तर भारत की नदियों को मैदानी इलाकों में बहते हुए और जीवन को पोषण देते हुए पाते हैं। ग्रह का यह हिस्सा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगभग दो बिलियन लोगों या दुनिया की एक चौथाई आबादी का समर्थन करता है।''

लेकिन ये ग्लेशियर खतरनाक दर से पिघल रहे थे। एक ऊंचे ग्लेशियर की तस्वीर को दिखाते हुए जो कभी बहुत ऊंचा हुआ करता था जिसे मैं एक किशोर के रूप में देखता था, आज खुद की एक छाया मात्र बनकर रह गया है। हर गर्मियों में यह पिघलकर बहता है, और ग्रह के गर्म होने एवं भीषण गर्मी के कारण छोटा हुआ जाता है।

ग्लेशियर के पिघलने के मायने गंभीर थे। एक उदाहरण देते हुए, पर्यावरणविद् ने कहा कि 2006 में, उनके स्कूल के बगल में एक गांव में बाढ़ आई, जो विनाशकारी थी। इसने कई खेतों, जानवरों और घरों को मिटा दिया। अपने छात्रों के साथ वह राहत प्रयासों के लिए वहां गए थे। उन्होंने 80 साल के एक ग्रामीण से पूछा कि ऐसी आपदाएं कितनी बार होती हैं, तो उनका जवाब था कि उन्होंने अपने जीवन में ऐसा कुछ नहीं देखा है। ''यह 2006 की बात थी; अगली आपदा 2010 में आई, जब लेह शहर का एक चौथाई हिस्सा बह गया और 1,000 लोग खो गए, इसके बाद 2013 और 2017 में दो और आपदाएं आई, जिनके बीच कई छोटी भी आई।''

*पीआरआईडी कमल सांघवी और आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी के साथ वांगचुक।*

उच्च हिमालय में यह गंभीर स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के जीवन को तबाह कर रही थी, ''यह उस पानी को भी छीन रही है जो आपके बच्चों को अगली पीढ़ी में मिलना चाहिए था, जिससे अभी तो बाढ़ आ रही है लेकिन अगली पीढ़ी को सूखे का सामना करना पड़ेगा। क्योंकि ये वे ग्लेशियर हैं जिन्होंने उत्तर भारतीय, गंगा और पाकिस्तान में सिंधु के मैदानों को पोषित किया है। पानी का एक रोष में नीचे आना विनाशकारी है; लेकिन कल जो होगा वह और भी विनाशकारी होगा।''

## कृत्रिम ग्लेशियरों का निर्माण

वांगचुक ने रोटेरियनों से ''जलवायु संकट की गंभीरता को समझने और वर्तमान संकट के खिलाफ स्वयं को बदलने और अभिनव रूप से अनुकूलन करने की तत्काल आवश्यकता'' का आग्रह करते हुए कहा कि ग्लेशियरों के पिघलने से पानी की आसन्न कमी से निपटने के लिए, ''हमने कृत्रिम ग्लेशियरों पर यह सोचकर काम करना शुरू कर दिया है कि भले ही प्राकृतिक ग्लेशियर पिघल रहे हों, जब तक कि कुछ समाधान न हो, आइए ग्लेशियरों को खुद फिर से बनाएं।''

इसमें धारा के पानी को फिर से जमाया जाता है, ''जो सर्दियों के मौसम में भी बहता है। आपको लगता है कि यह जम जाता है, लेकिन बर्फ के नीचे कुछ पानी बहता रहता है। हम ज्यामिति आकृतियों का उपयोग करके ग्लेशियरों को जमाते हैं, जिसे बच्चे स्कूल में सीखते हैं। सामान्य बर्फ क्षैतिज रूप से जमती है... जमीन पर, और यह सूरज के संपर्क में आकर वसंत की शुरुआत में पिघल जाती है। लेकिन जब आप थोड़ी ज्यामिति का उपयोग करते हैं, और गोलाकार और शंक्वाकार आकार बनाते हैं, तो आपको कम सतही क्षेत्र और उच्च आयतन मिलता है। और किसानों को बस यही चाहिए।''

उन्होंने कहा कि उन लोगों ने ऐसे ग्लेशियरों का निर्माण भी किया जिनकी ऊंचाई 6 से 12 मंजिला थी, जिसमें बड़े ग्लेशियरों की क्षमता 10 मिलियन लीटर पानी सहेजने की थी। ''वे सर्दियों में बनते हैं और फिर, आकार के कारण, जमीन पर बर्फ के विपरीत, मार्च या अप्रैल में पिघलते नहीं हैं। वे जून तक रहते हैं जब किसानों को वास्तव में पानी की आवश्यकता होती है और कहीं भी बर्फ का नामोनिशान नहीं होता है।'' चूंकि यह कृत्रिम रूप से बनाया गया ग्लेशियर धीरे-धीरे पिघलता है, पानी उपलब्ध हो जाता है क्योंकि सिस्टम ड्रिप सिंचाई की तरह काम करता है। तभी आप उस रेगिस्तान में पेड़ खिलते देखते हैं जहाँ कभी पेड़ नहीं उगते, उन्होंने कहा।

लेकिन, वांगचुक ने स्वीकार किया, ये बहुत छोटे उपाय थे और उन्हें वास्तव में उन पर गर्व नहीं था। ''ये छोटे कृत्रिम ग्लेशियर या सौर ऊर्जा हिमालय और उसके ग्लेशियरों की नियति नहीं बदलेंगे। इस ग्रह पर चीजों को बदलने के लिए नवाचार को बहुत बड़े पैमाने पर होने की जरूरत है।''

दुर्भाग्य से, हम पर्याप्त तेजी से अनुकूलन नहीं कर रहे है। ''हमें लगता है कि इंजीनियरों और प्रौद्योगिकीविदों को समाधान मिल जाएगा। तकनीक समस्या नहीं है, बल्कि यह दुनिया के प्रति हमारा दृष्टिकोण, आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारी संवेदनशीलता और केवल मनुष्यों के लिए नहीं बल्कि दूसरे प्राणियों के लिए हमारी सहानुभूति है। इस ग्रह पर अन्य सभी प्राणी... पौधे, जानवर, पक्षी, कीड़ों... का इस ग्रह पर समान अधिकार हैं। हम इंसानों को तो वास्तव में हम जो कर रहे हैं उसका दंड दिया जाना चाहिए।''

मनुष्य की नवाचार की पारंपरिक इच्छा पर भरोसा जताते हुए वांगचुक ने कहा, ''मुझे लगता है कि मनुष्य का सबसे बड़ा नवाचार रॉकेट या इलेक्ट्रिक वाहनों का आविष्कार नहीं है। मेरे लिए, उनका सबसे बड़ा नवाचार भगवान की अवधारणा है। इसे वर्तमान समय में फिर से अनुकूलित करने की आवश्यकता है।''

क्योंकि यह उस समय का है जब कोई कानून या व्यवस्था नहीं होती थी, जिसकी लाठी उसकी भैंस का हिसाब चलता था, ''और यदि किसी बात पर कोई मतभेद होता था, तो बलवान अपने बल के आधार पर विजय हासिल करता था। और कोई भी सवाल नहीं करता था।''

तो हिंसा से भरी दुनिया में, जहां जिसकी लाठी उसकी भैंस माना जाता था, मनुष्य किसी ऐसी चीज की अवधारणा के साथ आगे आये जो बहुत मजबूत थी - भगवान और धर्म - और देखो, इसने काम भी किया! लेकिन अब आज की समस्याओं से निपटने के लिए, ''एक नए संस्करण, गॉड 2.0 की आवश्यकता है, अवधारणा को वर्तमान समय के अनुकूल बनाया जाना चाहिए ताकि हम आज की समस्याओं का समाधान कर सकें,'' उन्होंने अपनी बात समाप्त की।

*चित्र: रशीदा भगत*

# XAVIER UNIVERSITY SCHOOL OF MEDICINE AND KLE ANNOUNCE

## 6 YEARS

PRE-MED TO

## DOCTOR OF MEDICINE / DOCTOR OF VETERINARY MEDICINE

## PROGRAMME

**First 2 years**
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

**Next 2 years**
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island - Netherlands

**Next 2 years**
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

## TO ATTEND WEBINAR

## REGISTER NOW

**XUSOM.COM/INDIA/**

**First 2 years**
Start @
KLE, Campus
Karnataka, India

**Next 3 years**
Continue @
Xavier's Campus
Aruba, Caribbean
island- Netherlands

**Final year**
Complete @
Xavier's affiliated
Teaching Hospitals
USA / Canada

**Limited Seats**

**Session starts in January 2025**

To apply, Visit:
**application.xusom.com**
email: infoindia@xusom.com

**XAVIER STUDENTS ARE ELIGIBLE FOR H1/J1 Visa PROGRAMME**

ADVT.

# सदस्यता गिरावट को रोकिए

रशीदा भगत

रो ई अध्यक्ष स्टेफनी अर्चिक ने कोच्चि जोन इंस्टीट्यूट में अपने उद्घाटन संबोधन में कहा कि जहाँ भारतीय रोटेरियन रोटरी में नए सदस्यों को आकर्षित करने में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे है वहीं सदस्यता गिरावट उनके लिए समस्या बन रही है और उनके सामने सदस्यता संबंधी मुद्दों को विभिन्न रूपों में संबोधित करने की चुनौती है।

रोटरी का भविष्य इसे बढ़ाने में निहित है; और ऐसा करने के तीन तरीके है। ''पहला, हमारे पारंपरिक क्लबों में नए सदस्य आकर्षित करें। लेकिन जिन लोगों को हमारे पारंपरिक क्लबों में कोई रुचि नहीं हैं उनके लिए नए मॉडल के साथ नए क्लब तैयार करें ताकि लोग हमारे संगठन में शामिल हो सकें। तीसरा तरीका यह है कि हमारे पास पहले से जो सदस्य मौजूद है उन्हें रोके रखें और हमें भारत में इसी पर काम करने की आवश्यकता है।''

भारतीय क्लबों के लिए ''नए सदस्यों को आकर्षित करना कोई समस्या नहीं है। आपकी आकर्षण दर आश्चर्यजनक है। लेकिन भारत की सदस्यता रिपोर्टों के विश्लेषण के बाद उन्होंने जाना कि हमेशा एक ग्राफ होता है जो ऊपर जाता है और फिर 31 दिसंबर और 1 जुलाई को गिरता है जो यह दर्शाता है कि सदस्यों ने क्लब छोड़ दिया है और अपने बकाया का भुगतान नहीं किया। अच्छी खबर यह है कि उस गिरावट के बाद हम वापसी करते हैं। लेकिन मेरा सवाल यह है कि अगर हमने उन सदस्यों को नहीं खोया होता तो वह ग्राफ कैसा होता? हम उस गिरावट को रोकने के लिए अपने क्लबों को अनूठा बना सकते हैं, ताकि लोग यहाँ रुकना चाहें।''

रो ई अध्यक्ष ने कहा इसका जवाब एक्शन प्लान में निहित है जो विशेष रूप से इस बारे में बात करता है कि प्रत्येक क्लब वहां सूचीबद्ध चार प्राथमिकताओं का उपयोग कैसे कर सकता है; क्लब की संस्कृति पर एक नज़र डालें, क्लब क्या कर रहा है और यह सोचें कि हम बेहतर से सर्वोत्तम कैसे बन सकते हैं या फिर शुरुआत में अगर हम उतने अच्छे नहीं है तो बेहतर कैसे बन सकते है। इसलिए एक्शन प्लान पर ध्यान दें और फिर आप समस्या का समाधान कर सकते हैं। हर दिसंबर और जुलाई में गिरावट देखने के बजाय हमें बढ़ते रहना चाहिए।

स्टेफनी ने कहा कि यह उनके लिए महत्वपूर्ण है ''क्योंकि जब मैं हर सुबह जागती हूँ तो मुझे एहसास होता है कि मेरे पास रोटरी में काम करने के लिए 30 साल नहीं हैं। रोटरेक्टर कर सकते हैं पर मैं नहीं। मुझे यह देखकर खुशी होती है कि रोटरी में रोटरेक्टर और युवा पेशेवर आ रहे है क्योंकि मुझे पता है कि जब मैं यहाँ नहीं रहूँगी तब भी हमारे संगठन का जादू जारी रहेगा। और यह हम में से प्रत्येक के लिए सच है।''

वह रोटरी में बिताए 34 वर्षों के लिए बहुत आभारी है, जिसने उन्हें नेतृत्व, ईमानदारी, विविधता और अन्य मूल्यों जैसे महत्वपूर्ण अनुभव प्रदान किए।

अगले महत्वपूर्ण मुद्दे पर आगे बढ़ते हुए उन्होंने 'बिल्ट इन एट्रिशन' कारक के बारे में बात की ''जिसका अर्थ यह है कि अगर हम अपने सदस्यों की लगातार वृद्धि के बारे में जानबूझकर प्रयास नहीं करेंगे तो हमारा क्लब निश्चित रूप से खत्म हो जाएगा। यह हर साल होगा; यदि क्लब में 20 सदस्य है, तो दो सदस्य गुजर जाएंगे, दो स्थानांतरण के कारण बाहर चले जाएंगे और एक बस ऐसे ही छोड़कर जा सकता है क्योंकि उसे क्लब की गतिविधियां पसंद नहीं आ रही। तो पहले साल यदि आप नए सदस्यों को नहीं जोड़ेंगे तो आपका 20 सदस्यों का क्लब अचानक से 15 का हो जाएगा। अगर आप जानबूझकर प्रयास नहीं करेंगे तो अगले साल इसमें केवल 12 सदस्य




*रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक*

"

सिर्फ़ इसलिए कि आपके पास कोई पदवी नहीं है इसका मतलब यह नहीं है कि आप नेता नहीं हैं; इसलिए अच्छे प्रोजेक्ट जारी रखें।

**स्टेफ़नी अर्चिक**
रो ई अध्यक्ष

*बाएं से: रो ई निदेशक अनिरुधा रॉयचौधरी, शिप्रा, अध्यक्ष स्टेफ़नी, इंस्टिट्यूट अध्यक्ष पीडीजी जॉन डैनियल और मीरा।*

होंगे... दुनिया के हर क्लब को निश्चित रूप से नए सदस्यों को लाने और रोटरी के जादू को साझा करने के बारे में सोचना होगा ताकि हम एक उज्ज्वल और बेहतरीन भविष्य की ओर आगे बढ़ते रहें।''

दूसरा बड़ा विचार जिस पर रोटेरियनों को ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है वो यह है कि ''हम शांति निर्माता हैं और हमारे पास इस कार्य में मदद करने के लिए अनेक उपकरण हैं। रोटरी विश्व समझ और शांति की नींव पर आधारित है। लेकिन हम शांति के मध्यस्थ या ऐसे लोग और संगठन नहीं हैं जो बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत कर सकें या युद्ध को रोक सकें। हम ऐसा नहीं करते हैं। शांति निर्माताओं के रूप में हम संघर्ष को होने से पहले उसे रोकते हैं। हम उन परिस्थितियों का निर्माण करते हैं जो एक शांतिपूर्ण समाज के लिए आवश्यक है। अगर लोगों के पास खाने के लिए पर्याप्त भोजन नहीं है तो हम आगे आकर उन्हें भोजन प्रदान करते हैं। अगर लोगों को स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता है तो हम आगे आकर उन्हें वो प्रदान करते हैं। यदि लोग अशिक्षित हैं तो हम आगे आकर उन्हें शिक्षित करते हैं। अगर लोगों को रोजगार की आवश्यकता है तो हम उन्हें कौशल प्रदान करते हैं। इसलिए हम एक शांतिपूर्ण समाज के अस्तित्व के लिए आवश्यक परिस्थितियों का निर्माण करते हैं। हताश लोग हताश चीजें करते हैं; जैसे अगर किसी के पास पानी नहीं है तो वे अंततः स्वच्छ पानी तक पहुंच के लिए लड़ेंगे।''




*रोटरी शांति स्तंभ।*

स्टेफनी ने रोटेरियनों से रोटरी लर्निंग सेंटर में पॉजिटिव पीस एकेडमी का दौरा करने का आग्रह किया। यह एक ऑनलाइन कार्यक्रम था, ''जहाँ दो घंटे में आप सकारात्मक शांति के आठ स्तंभों के बारे में जान सकते है।'' एक अन्य उपयोगी कार्यक्रम यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम है जहाँ छात्र विभिन्न देशों का दौरा करते हैं, मेजबान परिवारों, शिक्षकों, रोटेरियनों के साथ बातचीत करते हैं और नई संस्कृतियों, भाषाओं और दृष्टिकोणों को सीखते हैं। संक्षेप में वे एक समय में शांति का निर्माण कर रहे होते है।

उन्होंने रोटेरियनों से रोटरी पीस पोल प्रोजेक्ट नामक एक शानदार कार्यक्रम लागू करने का आग्रह किया जिसमें विभिन्न स्थानों और समुदायों में पोल लगाना शामिल है। ''ये पोल एक दृश्यात्मक स्मारक

बन जाएंगे जिन पर स्थानीय भाषाओं में मधरती पर शांति कायम रहेफ लिखा होगा। इन नए पीस पोल पर एक क्यूआर कोड भी है जिसमें रोटरी के बारे में जानकारी है। मुझे पीस पोल प्रोजेक्ट पसंद है क्योंकि यह न केवल स्थानीय रोटेरियनों को गर्व की भावना से भर देता है बल्कि यह एक दृश्यात्मक स्मारक है जो समुदाय को यह याद दिलाता है कि रोटरी शांति निर्माण के बारे में है,'' उन्होंने आगे कहा।

इस विचार का उद्देश्य युद्धों को रोकना नहीं था, बल्कि स्थानीय लोगों को विश्व शांति की आवश्यकता से जुड़ी बातचीत में शामिल करना था।

रो ई अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस्तांबुल में रोटरी के नवीनतम शांति केंद्र की स्थापना का जश्न मनाने के लिए वह 20-21 फरवरी, 2025 को *हीलिंग इन अ डिवाइडेड वर्ल्ड* नामक एक अध्यक्षीय शांति सम्मेलन आयोजित कर रही हैं। शानदार वक्ताओं की उस संगोष्ठी में हम शांति के बारे में बात करेंगे और शांति गतिविधियों में शामिल होंगे, एक पीस पोल स्थापित करेंगे, शांति केंद्र का दौरा करेंगे और शांति कार्यक्रम का अध्ययन करने वाले छात्रों से मिलेंगे। उन्होंने हॉल में मौजूद रोटेरियनों से इस्तांबुल में उस सम्मेलन में भाग लेने का आग्रह किया।

वह खुद अमेरिका के एक पीस सेंटर के स्नातक समारोह में शामिल हुई थीं और वहाँ के छात्रों की प्रस्तुतियों को सुना कि वे यहाँ से प्राप्त अनुभव के साथ दुनिया को कैसे बदलेंगे। ''जब मैंने हैरानी के साथ उन 25 युवाओं को सुना कि कैसे वे प्रभावशाली तरीकों से दुनिया को बदलने जा रहे है तो मैंने सोचा कि जब मैं 25 साल की थी तो मैं क्या कर रही थी? खैर, मैं निश्चित रूप से दुनिया को बदलने के लिए कुछ नहीं कर रही थी!''

यह कहते हुए कि यह उनका 10वां इंस्टिट्यूट था, स्टेफ़नी ने रोटरी नेतृत्व और परियोजनाओं के लिए निरंतरता के महत्वपूर्ण मंत्र को भी दोहराया। ''सिर्फ इसलिए कि हमारा नेतृत्व बदलता रहता है, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें परियोजनाओं को करना बंद कर देना चाहिए,'' और याद किया कि रो ई अध्यक्ष के रूप में शेखर मेहता ने एक कार्यक्रम (लड़कियों का सशक्तिकरण) को नाम दिया था, जिसने हर जगह तहलका मचा दिया था और तब से क्लब युवा लड़कियों एवं महिलाओं का समर्थन करते आ रहे है। पिछले साल गॉर्डन (मेकनली) ने हमारे मन में यह विचार जगाया कि मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से निपटना और इससे संबंधित कलंक को दूर करने में मदद करना कितना महत्वपूर्ण है और दुनिया भर के क्लबों ने इसे अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य पर पहल करना जारी रखा।''

इसलिए नेतृत्व में परिवर्तन को अपनाते हुए - सभी स्तरों पर - अच्छे कार्यक्रम को जारी रखना चाहिए, यह याद रखते हुए कि ''जब नए लोग आते हैं, तो हमें नए विचार और नए दृष्टिकोण प्राप्त होते हैं। तो चलिए हम आने वाले लोगों के साथ मिलकर काम करने पर अपना ध्यान केंद्रित करें और यह भी याद रखें कि सिर्फ इसलिए कि आपके पास कोई पद नहीं है इसका मतलब यह नहीं है कि आप नेता नहीं हैं। हमें अपने क्लबों को मजबूत बनाने के लिए एक साथ मिलकर काम करना होगा ताकि हम स्थायी परिवर्तन ला सकें।''

एक रजाई जिसपर बने प्रत्येक सुंदर चतुर्भुज का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि ये सब एक साथ बहुत खूबसूरत रंग-बिरंगे और जीवंत लगते है, रोटरी भी इसी तरह विभिन्न वर्गों के साथ एक खूबसूरत रजाई की तरह है... ''वे एक भाषा नहीं बोलते, कोई पुरुष है, कोई महिला या कोई ट्रांसजेंडर आदि। एक साथ मिलकर वे दिखाते हैं कि हम एक संगठन के रूप में कितने अद्भुत हैं। हमारी भिन्नताएं ही हमें दुनिया में सबसे मजबूत और सर्वश्रेष्ठ बनाती हैं।''

अपने संबोधन में संयोजक और रो ई निदेशक अनिरुद्ध रॉयचौधरी ने कहा कि अध्यक्ष और पीडीजी जॉन डैनियल के नेतृत्व में इंस्टिट्यूट की टीम ने इसे एक यादगार अनुभव बनाने के लिए कड़ी मेहनत की थी जिसमें स्नेक बोट रेस, टीआरएफ के लिए धन संचयन हेतु एक गोल्फ टूर्नामेंट, एक हाफ मैराथन जैसी रोमांचक गतिविधियां और अनूठी परियोजनाओं का उद्घाटन शामिल था। इंस्टिट्यूट में 50 रोटरेक्टर भाग ले रहे थे, जिनमें डीआरआर और डीआरआर-निर्वाचित शामिल थे।

प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जॉन डेनियल ने कहा कि इस इंस्टिट्यूट में रिकॉर्ड संख्या में 1,200 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया था।

*चित्रः हेमंत बंसवाल*

*इंस्टिट्यूट संयोजक आरआईडी रॉयचौधरी और शिप्रा, इंस्टिट्यूट अध्यक्ष डैनियल और मीरा, और सह-अध्यक्ष माधव चंद्रन, संस्थान के उद्घाटन समारोह में अध्यक्ष स्टेफ़नी के साथ। पीडीजी टॉम गम्प और उनकी पत्नी कैतरीन भी चित्र में शामिल हैं।*

**"हम शांति के दलाल या ऐसे लोग नहीं हैं जो बंधकों की रिहाई के लिए बातचीत कर सकें या युद्ध को रोक सकें। शांति निर्माता के रूप में, हम संघर्ष को होने से पहले ही रोक देते हैं।**

**स्टेफ़नी अर्चिक**
**रो ई अध्यक्ष**

# अप्रयुक्त सीएसआर संसाधन और उपेक्षित कैडर

जयश्री

*रोटरी का जादू* सिर्फ वरिष्ठ नेताओं के बीच नहीं होता। यह वहाँ होता है जहाँ आप होते हैं - आपके क्लबों में, आपके समुदायों में, हर बार जब आप किसी विचार पर कार्यवाही करते हैं और किसी का जीवन बदलते हैं। एक बेहतर दुनिया बनाने के लिए आप जो कुछ भी करते हैं उसके लिए धन्यवाद। इन शब्दों के साथ रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी उर्चिक ने रोटेरियनों को टीआरएफ संगोष्ठी में फाउंडेशन को अपना योगदान जारी रखने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने जीवन और समुदायों को बदलने में टीआरएफ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए अपने अनगिनत अनुभवों में से कुछ साझा किए।

इन अनुभवों में से एक ''वियतनाम के रोटरी स्कूल ऑफ पेंसिल्वेनिया का एक क्षण था जहाँ एक छोटी लड़की ने गर्व से उन्हें स्कूल की शौचालय सुविधाएं दिखाते हुए कहा, यह हमारे स्कूल का सबसे अच्छा स्थान है क्योंकि अब हमें चावल के खेतों में नहीं जाना पड़ता। एक अन्य यादगार अनुभव क्लब के मंडल अनुदान द्वारा समर्थित भोजन वितरण कार्यक्रम का था। जैसे ही मैंने आलू, हॉट डॉग्स, मांस और सलाद को एक महिला के बॉक्स में रखा तो उसने मेरी ओर देखकर कहा, मधन्यवाद, महोदया। मुझे आज रात के भोजन में पॉपकॉर्न नहीं खाना पड़ेगा। इन वर्षों में मेरे पास इस तरह के अनगिनत अनुभव हैं। फाउंडेशन के लिए जो सबसे ज्यादा मायने रखता है वह आप और मैं हैं। यह जुनून और विचार ही है जो हम तब लाते हैं जब हम यह सवाल करते है कि हम अपने समुदाय में क्या बेहतर कर सकते हैं।''

*रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक*

टीआरएफ न्यासी भरत पांड्या द्वारा संचालित एक पैनल चर्चा में इंस्टिट्यूट के संयोजक और रो ई निदेशक अनिरुद्ध रॉय चौधरी, रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यम और टीआरएफ न्यासी मार्ता हेलमैन ने रोटरी के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार साझा किए।

भारत के सीएसआर परिदृश्य पर प्रकाश डालते हुए सुब्रमण्यन ने कहा कि कॉर्पोरेट योगदान हर साल ₹30,000 करोड़ से अधिक होता है। ''हमने अभी तक सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और अन्य औद्योगिक इकाइयों की पूरी क्षमता का लाभ नहीं उठाया, जो वास्तव में ऐसे विश्वसनीय निकायों की तलाश में हैं जहाँ उनकी निधि सार्थक प्रभाव ला सकें। रोटरी का सावधानीपूर्वक वित्तीय प्रबंधन और सामुदायिक परियोजनाओं के प्रति इसकी प्रतिबद्धता इसे एक आदर्श साझेदार बनाती है,'' उन्होंने रोटेरियनों से अपने पेशेवर नेटवर्क का लाभ उठाने का आग्रह किया।

उन्होंने टीआरएफ के तकनीकी कैडरों के महत्व पर भी जोर दिया जिनका उपयोग कम किया जाता है। अनुपालन सुनिश्चित करने के अलावा ये कैडर अनुदान प्रस्तावों को मजबूत बना- सकते हैं, आवेदन की गलतियों और अस्वीकृतियों को कम कर सकते हैं। वे रोटरी के सात ध्यानाकर्षण क्षेत्रों के विशेषज्ञ हैं। उन्हें जल्द ही क्षेत्र विशेषज्ञ के रूप में शामिल करें, उन्होंने सलाह दी।

आरआरएफसीयों की भूमिका की सराहना करते हुए रो ई निदेशक ने टिप्पणी की, योगदान बढ़ रहे है और 100 प्रतिशत योगदान करने वाले क्लब अब एक वास्तविकता बन चुके हैं। इतने वर्षों से हम अपने अच्छे काम को छिपाने से लेकर गर्व से अपने प्रभाव को प्रदर्शित करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। चलिए हम दान को अपने जीवन का एक हिस्सा बनाएं।

रोटरी के पोलियो उन्मूलन प्रयासों पर पंड्या के एक प्रश्न का उत्तर देते हुए रो ई निदेशक रॉयचौधरी ने कहा कि पोलियो के खिलाफ लड़ाई एक महत्वपूर्ण चुनौती बनी हुई है खासकर पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे क्षेत्रों में जहाँ राजनीतिक अस्थिरता और पहुँच एक समस्या बनी हुई हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए रोटरी ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय पोलियो प्लस समिति और क्षेत्रीय साझेदारों के माध्यम से रणनीतिक कार्यवाही शुरू की और टीकाकरण पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया। रोटरी दुनिया को पोलियो मुक्त बनाने को लेकर आश्वस्त है। हालांकि परिणाम संतोषजनक है पर असली उपलब्धि इस मिशन में ही निहित है। उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में टीआरएफ ने पोलियो-स्थानिक देशों और उनके पड़ोस में गतिविधियों को तेज करने के लिए अपने साझेदार, वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल को 27.5 मिलियन डॉलर जारी किए। नेतृत्व पर रो ई निदेशक ने कहा, प्रभावशाली परिणाम सुनिश्चित करने के लिए नेतृत्व महत्वपूर्ण है। यह विश्वास और जिम्मेदारी को बनाए रखता है, जो रोटरी के कार्य की नींव है।

*बाएं से: एक पैनल चर्चा के दौरान टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या, रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी, टीआरएफ ट्रस्टी मार्था हेलमैन और रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन।*

भारत के तीसरे दौरे पर आईं टीआरएफ न्यासी मार्था हिलमैन के लिए, ''प्रत्येक यात्रा रोटरी के मानवीय कार्यों के जादू देखने का एक अवसर होता है। शिक्षा, पर्यावरण, चिकित्सा देखभाल और व्यावसायिक प्रशिक्षण में अपने निवेश के माध्यम से आप वो जादू कर रहे हैं। उन्होंने 2019 में बेंगलुरु में एक चेक डैम परियोजना के दौरे को याद किया। मैं इसकी सरलता और पर्यावरण पर इसके गहरे प्रभाव से बहुत प्रभावित हुई - इससे शुष्क भूमि में नई जान आई और स्थायी कृषि को बढ़ावा मिला। रोटरी के सभी वैश्विक अनुदानों का आठवां हिस्सा भारत में है। हालांकि योगदान के मामले में भारत दूसरे स्थान पर है मगर वैश्विक अनुदानों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने में यह पहले स्थान पर है। बाकी दुनिया ने देखा है कि आप सीएसआर की मदद से क्या कर रहे हैं और हम दुनिया भर में उस सफलता का अनुकरण किए जाने की उम्मीद करते हैं,'' उन्होंने कहा।

पांड्या के सवाल का जवाब देते हुए कि टीआरएफ रोटरी एक्शन प्लान के साथ कैसे तालमेल बैठाता है, मार्था ने कहा, ''टीआरएफ हमारा एक्शन प्लान है। इसने यूक्रेन युद्ध राहत के लिए 17 मिलियन डॉलर का वित्त पोषण किया जिससे संघर्षों के बीच भी रोटरी को बढ़ने में मदद मिली। जब यूक्रेन में युद्ध शुरू हुआ तो रोटरी लगभग 1,000 रोटेरियनों के साथ एकदम नवजात थी। पिछली बार जब मैंने जाँच की थी तो यह संख्या बढ़कर 1,600 हो गई। बम गिर रहे हैं फिर भी व्यापारियों और महिलाओं के पास रोटरी में शामिल होने का समय है क्योंकि वे इसका प्रभाव देख रहे हैं। रोटरी बदल रही है। सबसे बड़ा अनुकूलन निश्चित रूप से इसका वातावरण है क्योंकि हम यह सीख रहे हैं कि जब तक हमारा पर्यावरण स्वस्थ या अनुकूल नहीं होगा तब तक कोई शांति कोई खुशी नहीं हो सकती। एक्शन प्लान सिर्फ फाउंडेशन और हमारे द्वारा किए जाने वाले काम के बारे में बात करने का एक अन्य तरीका है।''

रोटरी के शांति केंद्रों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा: ''शांति केवल युद्ध की अनुपस्थिति नहीं है। युद्ध विराम - जैसे कि लेबनान में है - शांति का पर्याय नहीं है। सच्ची शांति जमीन से जुड़ी रहती है और इसके लिए प्रणालीगत मुद्दों को संबोधित करने वाले ढांचे की आवश्यकता होती है। यह दुनिया भर में रोटरी के शांति दूतों द्वारा किया गया चुनौतीपूर्ण एवं दीर्घकालिक कार्य है।''

रोटरी के भविष्य के बारे में उन्होंने कहा, ''हमने अपनी पोलियो परियोजनाओं से दो चीजें सीखी हैं - एक, क्लब स्तर पर महान पहल शुरू होती है। पोलियो एक क्लब परियोजना के रूप में शुरू हुआ। और दूसरी, अगर हम चीजों को बड़ा, बेहतर और सही ढंग से करें तो हम दुनिया को बदल सकते हैं - जैसे प्रोग्राम्स ऑफ स्केल की अवधारणा जो एक क्लब परियोजना है। हैप्पी स्कूल एक क्लब परियोजना है लेकिन इसपर भारत के सभी क्लबों द्वारा एक साथ काम किया जाता है। हैप्पी स्कूल पूरे भारत के सभी स्कूलों को बदल देंगे।''

भारत के योगदान को सारांशित करते हुए पंड्या ने पिछले कुछ वर्षों में टीआरएफ को देने में महत्वपूर्ण वृद्धि का उल्लेख किया। योगदान 2019-20 में 7.1 मिलियन डॉलर से बढ़कर 2022-23 में 8.9 मिलियन डॉलर हो गया, जिसमें 12 मंडलों ने इस साल केवल पांच महीनों में 100 प्रतिशत दान करने की उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है।

''हमारे ज़ोन कुल वैश्विक अनुदान का 22-23 प्रतिशत करते हैं। हमने पिछले रोटरी वर्ष में 17.97 मिलियन डॉलर के 279 अनुदानों को निष्पादित किया है, जो 2022-23 में 14.3 मिलियन डॉलर के 219 अनुदानों से अधिक है।'' उन्होंने कहा कि सीएसआर अनुदानों में क्लबों का प्रदर्शन भी सराहनीय है। 2021-2022 सीएसआर अनुदानों का पहला वर्ष था। तब यह 2.8 मिलियन डॉलर था, जो पिछले साल बढ़कर 8.1 मिलियन डॉलर हो गया। भारत के रोटरी क्लबों ने 390 से अधिक कॉर्पोरेट्स के साथ साझेदारी की है और 10.6 मिलियन डॉलर एकत्रित किए हैं।

''अगर रोटेरियन रोटरी का दिल हैं, तो फाउंडेशन इसकी रीढ़ है; रोटरी में होने वाले अधिकांश अच्छे काम टीआरएफ के माध्यम से और इसके कारण ही होते हैं। आपकी उदारता दुनिया भर में करोड़ों लोगों की उम्मीदों और सपनों को पूरा करने में मदद करती है,'' उन्होंने कहा।■

# अगला रोटरी शांति केंद्र पुणे या सोल में खुल सकता है

रशीदा भगत

**अगला रोटरी शांति केंद्र पुणे में सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय या सोल में खुल सकता है, टीआरएफ न्यासी मार्ता हेलमैन, जो अमेरिका के बूथबे हार्बर रोटरी क्लब की सदस्य है, ने कोच्चि संस्थान में एक साक्षात्कार में *रोटरी न्यूज़* को बताया। उन्होंने ओटो और फ्रैन वाल्टर फाउंडेशन से 15 मिलियन डॉलर की भारी धनराशि प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसने टीआरएफ के लिए तुर्की के इस्तांबुल में अपना नवीनतम रोटरी शांति केंद्र स्थापित करना संभव बनाया।**

पेश हैं इंटरव्यू के अंश:

**इससे पहले कि हम टीआरएफ के लिए आपके और आपके दिवंगत पति द्वारा लाये गए बड़े निवेश पर आएं, हमें बताएं कि आप रोटरी में क्यों, कब और कैसे शामिल हुई।**

मेरे दिवंगत पति और मैं 2003 में एक साथ रोटरी में शामिल हुए। हम अपने छोटे समुदाय में नए थे, बे हार्बर में तब रहने आये ही थे, और रोटरी में शामिल हो गए क्योंकि हम लोगों से मिलना चाहते थे। बस इतनी सी बात थी।

**अब तक की आपकी यात्रा?**

पहले वर्ष में मुझे नहीं लग रहा था कि रोटरी मेरे लिए थी। फिर मुझे अंतरराष्ट्रीय सेवा का पता चला, अनुदानों से उत्साहित हो होकर मैं 2006-07 में मेरा क्लब की अध्यक्ष बनी, और उसके ठीक बाद, अनुदान समन्वयक के रूप में मंडल संस्थान समिति (जो अब पीस मेजर गिफ्ट्स इनिशिएटिव हो गई है) में शामिल हो गई। मैं 2012-13 में मंडल गवर्नर, 2018-2019 में आईए प्रशिक्षक और 2022 में टीआरएफ न्यासी बनी।

**शांति केंद्र की फंडिंग कैसे हुई?**

मेरे दिवंगत पति न्यूयॉर्क शहर में एक अंतरराष्ट्रीय कानून फर्म में एक वकील थे, जिसके संस्थापक भागीदार ओटो वाल्टर थे, जो नाजियों से बचने के लिए 1937 में जर्मनी से अमेरिका आ गए थे। वह चार भाषाएं जानते थे, लेकिन अंग्रेजी नहीं। जर्मनी से उनकी कानून की डिग्री अमेरिका में किसी काम की नहीं थी; वह महामंदी का दौर था, जिसमें 25 प्रतिशत बेरोजगारी और यहूदियों एवं अप्रवासियों के खिलाफ द्वेष था। लेकिन उन्होंने कड़ी मेहनत की, यहां वापस कानून की पढ़ाई की, 50 के दशक के मध्य में स्नातक की उपाधि प्राप्त की, और एक अन्य प्रवासी जर्मन यहूदी के साथ अपनी कानूनी फर्म शुरू की।

**1937 में उनकी उम्र कितनी थी?**

उनका जन्म 1909 में हुआ था; तो उस समय वह जवान थे। उन्होंने जर्मनी वकालत शुरू की, लेकिन उन पर पाबन्दी लगा दी गई क्योंकि पहले नाजी घृणा कानूनों में से एक यह था कि यहूदी कोई पेशा नहीं कर सकते, जैसे डॉक्टर, वकील, व्यवसाय कार्यकारी। उन्हें अपने धर्म के कारण वकालत नहीं करने दी गई, और फिर कुछ अन्य बुरी चीजें हुईं, इसलिए उन्होंने जर्मनी छोड़ दिया।

खैर, अमेरिका में उनकी लॉ फर्म ने बहुत अच्छा काम किया। 80 के दशक की शुरुआत में, तीन चीजें हुईं। सबसे पहले, उन्होंने पर्याप्त व्यक्तिगत संपत्ति इकट्ठा कर ली थी जिससे उन्होंने एक पारिवारिक परोपकारी संगठन की शुरुआत की। दूसरा, वह स्पष्ट रूप से बुधवार को समय निकलकर लंच कर सकते थे और वह न्यूयॉर्क सिटी रोटरी क्लब में शामिल हो गए। तीसरा, उनकी लॉ फर्म ने मेरे पति, एक नव-दीक्षित लॉ ग्रेजुएट को फर्म में शामिल होने के लिए काम पर रखा।

**हम न्यूयॉर्क शहर की ही बात कर रहे हैं ना...**

हां, और 80 से 90 के दशक की शुरुआत के बीच, ओटो और मेरे पति फ्रैंक का रिश्ता बॉस से संरक्षक और फिर दोस्ती में बदल गया। और 90 के दशक की शुरुआत में, ओटो ने अपनी वसीयत को फिर से लिखा; उनकी कोई संतान नहीं थी। अपनी विरासत का एक छोटा हिस्सा हेयरड्रेसर, ड्राइवर और डोरमैन के नाम करने के बाद, उन्होंने इस पारिवारिक संगठन के नाम सब कुछ कर दिया और मेरे पति को संगठन के निष्पादक के रूप में नियुक्त किया।

2003 में, 90 से अधिक उम्र में ओटो की मृत्यु हुई; छह सप्ताह के भीतर उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई। मेरे पति और मुझ पर एक अमीर आदमी के परोपकारी कार्यों की जिम्मेदारी आई।

*टीआरएफ ट्रस्टी मार्ता हेलमैन*

**क्या आप इसका आंकड़ा बता सकती हैं?**

लगभग 18 मिलियन डॉलर; रॉकफेलर जितनी तो नहीं, लेकिन उन्होंने बहुत अच्छा किया था। उन्होंने 30 वर्ष की उम्र में शून्य से शुरुआत की और यह छोड़कर गये। उनके जीवन का लक्ष्य यह था कि उनकी जन्मभूमि, जर्मनी, और उनकी कर्मभूमि, अमेरिका, फिर कभी आपस में युद्ध ना करें। उन्होंने अपना जीवन उस पर काम करते हुए बिताया, और दोनों देशों की सरकारों ने उन्हें सम्मानित किया।

इस बीच मेरे पति, जो शीत युद्ध के दौरान अमेरिकी वायु सेना में थे, बर्लिन में तैनात थे क्योंकि उनका काम सोवियत हवाई पायलटों की बातें सुनना था। बाद में उन्हें विस्थापित व्यक्तियों का साक्षात्कार करना पड़ा जो पूर्वी यूरोप में सोवियत नियंत्रित देशों से भाग रहे थे।

**उन्होंने सेना में कितने समय तक सेवा की?**

वायु सेना में पांच साल, उसके खुफिया विभाग में एक हवलदार के रूप में। अब मैं ऐसे किसी भी बच्चे को नहीं जानती जो यह कहे कि बड़ा होकर वह किसी परोपकारी व्यक्ति द्वारा छोड़ी गई संपत्ति को प्रबंधित करना चाहता है। यह किसी की भी सूची में नहीं होता है। लेकिन ऐसा फ्रैंक और मेरे साथ हुआ।

सबसे पहले, हमने 3 मिलियन डॉलर का एक चेक लिखा, और अमेरिका में उनके लॉ स्कूल में ओटो के नाम पर एक कुर्सी स्थापित की। इसके बाद 15 मिलियन डॉलर बचे। हमनें एक बोर्ड का गठन किया, जिसने उन दिशानिर्देशों को तैयार किया जो ओटो द्वारा अपने जीवनकाल में किए गए खर्चों पर आधारित थे। और चूंकि वह एक रोटेरियन थे, और शांति में इतनी दिलचस्पी रखते थे, हमनें रोटरी शांति केंद्रों को वित्त पोषित करना शुरू कर दिया, और मास्टर डिग्री स्तर पर ओटो एंड फ्रैंक वाल्टर के नाम पर एक अक्षय निधि की शुरुआत की।

यह 2013, 14, 15 की बात थी। 2018 में, टीआरएफ न्यासियों ने मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका क्षेत्र में नए शांति केंद्रों की शुरुआत का फैसला किया। 2020 में जब मैं कोविड महामारी की शुरुआत में जूम मीटिंग पर थी, मैंने रो ई के उपाध्यक्ष यिंका बाबलोला को सुना, जो नाइजीरिया से हैं और जो युगांडा (अफ्रीका) के मेकरेरे में खुलने जा रहे नए शांति केंद्र के बारे में बात कर रहे थे। यिंका ने कहा कि मकेरेरे के इतिहास में यह पहली बार है कि अफ्रीकी शांति निर्माताओं को अफ्रीकी समस्याओं का अफ्रीकी समाधान निकलने में प्रशिक्षित करने के लिए अफ्रीका में एक संस्थान स्थापित किया गया था।

एक विशेषाधिकार प्राप्त समुदाय से विशेषाधिकार प्राप्त व्यक्ति के रूप में, मैं उन शब्दों से दंग रह गई - गुलाम व्यापार के 400 साल, उपनिवेशीकरण के

150 साल, और यहां एक अफ्रीकी कह रहा है कि यह पहली बार है कि दुनिया ने अफ्रीका को अपने भविष्य की तलाश के साधनों के लिए अपने भीतर देखने के लिए कहा था। इसलिए मैंने अपने पति से बात की और हमने ओटो एंड फ्रैंक वाल्टर फाउंडेशन के बोर्ड से बात की। इसका परिणाम यह हुआ कि 2020 के अंत में, मैंने इवेन्स्टन फोन किया और मध्य पूर्व में स्थापित होने वाले नए शांति केंद्र के नामकरण अधिकार खरीदने की लागत पूछी... बाद में 2020 में, वे इस्तांबुल पर सहमत हुए।

2021 में, ट्रस्टियों ने योगदान स्वीकार किया। मैं आपको बताना चाहूंगी, यह रोटरी के इतिहास में पहली बार है कि एक परियोजना/कार्यक्रम का नाम योगदानकर्ता के नाम पर रखा गया था। हमनें सब कुछ रोटरी के प्रवर्तकों पॉल हैरिस, आर्च क्लंफ के नाम पर रखा है, लेकिन उन व्यक्तियों के नाम पर नहीं जिनका पैसा था। हमारे लिए, यहीं सौदे की शर्त थी; और रोटरी को इससे कोई समस्या नहीं थी।

**तो आपने सारा पैसा दे दिया?**

हाँ, सब कुछ; संगठन का काम पूरा हुआ। कुछ नहीं बचा। सारे बैंक खाते बंद कर दिए गए। दूसरी असामान्य बात यह है कि हालांकि परोपकार के क्षेत्र में 15 मिलियन डॉलर बहुत बड़ी रकम नहीं है, यह वास्तव में बाल्टी में एक बूंद समान है। और रोटरी को हमारे सदस्यों से एवं व्यक्तियों से सारा पैसा मिलता है और गेट्स के अपवाद के साथ निगमों से बहुत कम पैसा मिलता है।

तो यह 2021 की बात थी। मैं उस दल का हिस्सा थी जिसने दो साल पहले इस्तांबुल में बहसेसेहिर विश्वविद्यालय का चुनाव किया था। पहले छात्रों का चयन किया जा चुका है, और अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक फरवरी में इस्तांबुल में शांति सम्मेलन आयोजित कर रही हैं। तो यह कहानी है।

**आपके और आपके पति के लिए यह फैसला करना कितना मुश्किल था? क्या आपके पास अन्य विकल्प थे?**

मेरे पति हमेशा से मानते थे कि छोटे पारिवारिक संगठनों को हमेशा के लिए नहीं रहना चाहिए क्योंकि किसी बिंदु पर संस्थापक, और जो उनके लिए महत्वपूर्ण था, उसे भुला दिया जाता है। ऐसा नहीं है कि पैसे का दुरुपयोग किया जाता है, लेकिन यह सिर्फ एक ट्रेडमिल जैसा बन जाता है... पैसा बैंक अधिकारी की सास की चैरिटी में जाता है, ऐसा कुछ। और हम नहीं चाहते थे कि ओटो एंड फ्रैंक वाल्टर फाउंडेशन के साथ ऐसा हो। हम चाहते थे कि ओटो का नाम हमेशा के लिए जीवित रहे... हम बस इतना चाहते थे कि उनके नाम और उनकी तस्वीर छात्र केंद्र में हो, ताकि छात्रों को उनके और उनके जीवन की कहानी के बारे में पता चल सके।

हमें लगा कि अगर ओटो अपनी विरासत बिना किसी निर्देश के हमारे भरोसे छोड़ सकते है, तो हम निश्चित रूप से सही काम करने के लिए टीआरएफ पर भरोसा कर सकते हैं।

**यह दुख की बात है कि आपके पति, जिनका 30 महीने पहले निधन हो गया, इस केंद्र को देखने के लिए जीवित नहीं रहे।**

हां इस बात का दुःख है, लेकिन वह यह जानने तक जीवित थे कि केंद्र स्थापित किया जाएगा, लेकिन स्थान का चयन करने से पहले ही उनकी मृत्यु हो गई। कोई बात नहीं। यह साबित करता है कि शांति एक ऐसी चीज है जो किसी के जीवनकाल से बड़ी होती है। मैं आपको बताना चाहूंगी कि फ्रैंक और ओटो दोनों मेरे साथ ही है, और हर रोज़ मुझे उनका और उनकी इच्छाओं का एहसास रहता है। एक इस कान में फुसफुसाता है और दूसरा दूसरे कान में वहीं बात फुसफुसाता है। वे लगभग हमेशा ही एक जैसी बात करते है!

**हमारी संकटग्रस्त दुनिया में शांति प्रयासों की स्थापना बहुत महत्वपूर्ण है। रोज़ हम संघर्ष, हिंसा और आक्रामकता को देखते हैं। आपके विचार क्या है।**

हम वर्तमान युद्धों को रोक नहीं सकते; हम युद्धविराम की घोषणा नहीं कर सकते, लेकिन हमें मध्य पूर्व में संघर्षों को हल करने के लिए एक और पीढ़ी तक काम करना होगा, शायद 100 साल, या 200 साल। वर्तमान समस्याएं एक साल पहले शुरू नहीं हुई थीं; 11 अक्टूबर, 2023 को जो हुआ, वह मध्य पूर्व में नहीं, बल्कि पश्चिम में किए गए निर्णयों से और बढ़ गया, जब ब्रिटिश साम्राज्य को तराशा गया था, और 1947 में एक युद्ध हुआ जिसमें फिलिस्तीनी बेघर लोग बन गए थे। वे तब से शरणार्थी शिविरों में रह रहे हैं। इसलिए, हमें शांति के लिए एक बार में में एक कदम उठाना होगा।

और हम रातोंरात परिवर्तन की उम्मीद नहीं कर सकते, लेकिन इसमें पीढियां लगेंगी, क्योंकि आज हम जिन समस्याओं में हैं, उन्हें विकसित होने में पीढ़ियों

का समय लगा। 11 अक्टूबर को जो हुआ वह भयानक, डरावना है। लेकिन आपको उन आतंकवादियों के काम को गाजा के लोगों के साथ भ्रमित नहीं करना चाहिए, जिनका पीढ़ियों से उनके जीवन पर कोई नियंत्रण नहीं है। गाजा और फिलिस्तीन की स्थिति, निश्चित रूप से, मध्य पूर्व में सबसे निराशाजनक है, लेकिन इस क्षेत्र में कई अन्य भी हैं। मैं हमेशा रोटेरियन से प्रभावित होती हूं क्योंकि जब आप स्कूलों का किताबें, या पोलियो टीकाकरण करते हैं तो आप उन्हें गिन सकते हैं। लेकिन आप शांति की गिनती नहीं कर सकते। और फिर भी, इसके बावजूद, टीआरएफ में हमारे लगभग 2 बिलियन डॉलर की अक्षय निधि से, लगभग 250 मिलियन डॉलर - जो कि उस अक्षय निधि का आठवां हिस्सा है - शांति के लिए रोटेरियनों द्वारा दिया गया है।

रोटेरियनों को शांति से प्यार हैं, और रोटेरियन उस शांति के निर्माण के लिए टीआरएफ पर भरोसा करते हैं। और हमें बस यह जानना होगा कि जैसा कि मेरे पति का जीवन और मृत्यु साबित करती है, जैसा कि ओटो की मृत्यु साबित करती है, यह किसी एक के जीवनकाल में नहीं होगा।

**लेकिन केवल मध्य पूर्व की बात नहीं है। हम देखते हैं कि हमारे आस-पास की दुनिया के इतने सारे हिंसक समूहों द्वारा टुकडें दिए जा रहे है।**

जी हाँ, आज के समय में हम हर जगह ऐसा देख सकते हैं... आपके देश में, मेरे देश में, जहां दक्षिणपंथी, राष्ट्रवादी नेता सत्ता पर काबिज हो रहे हैं। यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक भयानक समस्या है और रोटरी इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती है। हम जो कर सकते हैं वह है वंचित और क्षतिग्रस्त लोगों के लिए जमीनी स्तर पर काम करना। हमारे रोटरी शांति निर्माता राजनयिक नहीं हैं। वे सूट में नहीं घूमते हैं। वे कमजोर लोगों के लिए गैर-सरकारी संगठनों के साथ जमीन पर काम कर रहे हैं, एक समय में एक जीवन और एक परिस्थिति को बदलते हुए।

और हमारे पास अब 1,900 स्नातक हैं, और नए शांति केंद्रों के साथ हमारे पास और भी अधिक होंगे। लेकिन यह हमेशा एक प्रक्रिया रहेगा। यह कभी पूरा नहीं होगा।

> हम वर्तमान युद्धों को रोक नहीं सकते या युद्ध विराम की घोषणा नहीं कर सकते, लेकिन हमें मध्य पूर्व में संघर्षों को हल करने के लिए अगली पीढ़ी के साथ हमें 100 या 200 वर्षों तक काम करना होगा।

**उम्मीद है कि अगला केंद्र भारत में खुलेगा। भारत कोशिश कर रहा है। न्यासी भरत पांड्या भी इस बारे में बात करते रहे हैं।**

तो अब स्थिति इस प्रकार है। 2018 में न्यासियों के पास थाईलैंड के चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय में एक स्नातक प्रमाणपत्र कार्यक्रम चल रहा था। उन्होंने पांच विश्वविद्यालयों द्वारा पेश किए गए मास्टर कार्यक्रम के विपरीत स्नातक प्रमाणपत्र कार्यक्रम को बढाने के लिए रोटरी शांति केंद्र विकसित करने का फैसला किया। उन्होंने स्नातक प्रमाणपत्र कार्यक्रम को केवल क्षेत्रीय बनाने का निर्णय लिया है।

अब हम एशिया केंद्र के लिए एक स्कूल का चयन कर रहे हैं। एशिया एक बड़ा स्थान है और शायद दो या तीन शांति केंद्रों का उपयोग कर सकता है, लेकिन इसके लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है। हमारे पास केवल एक केंद्र के लिए धन है; हमने 12 देशों के 60 विश्वविद्यालयों में 60 स्कूलों के साथ शुरुआत की। आवश्यकता इतनी थीं कि इसे बहुत से रोटेरियनों वाली एक जगह पर होना चाहिए और जहां सभी संभावित छात्रों के लिए बीजा उपलब्ध हो, और यह एक ऐसा विश्वविद्यालय होना चाहिए जिसने शांति निर्माण में विशेषज्ञता साबित की हो।

हमने पुणे और दक्षिण कोरिया के सोल के स्कूलों में स्थान चयनित करके उनका दौरा किया। दोनों बहुत मजबूत दावेदार हैं; भारत और कोरिया दोनों बहुत मजबूत रोटरी देश हैं; भारतीय और कोरियाई रोटेरियन दोनों सोचते हैं कि उनके देश में शांति केंद्र होना चाहिए। और मैं उनसे असहमत नहीं हो सकती। लेकिन हमारे पास केवल एक के लिए ही धन है।

**क्या फंडिंग तैयार है, और इसकी लागत क्या है?**

हाँ, यह तैयार है; इसकी कीमत करीब 20 मिलियन डॉलर है। न्यासी फरवरी में बैठक कर रहे हैं और फैसला करेंगे, इसलिए तब तक हम सभी को अपनी सांस रोककर रखनी होगी। काश हम दो का चयन कर सकते, लेकिन हम नहीं कर सकते!

एक बार नए स्कूल का चयन हो जाने के बाद, यह सर्दियों या 2027 की जनवरी में खुल जाएगा। या जब भी उस स्कूल में वसंत सेमेस्टर शुरू होता है।

मैं यह बताना चाहूंगी कि पिछले 25 वर्षों में हमारे रोटरी शांति केंद्रों में, एशिया के एक चौथाई छात्र भारत से होते हैं। भारत हमारे शांति केंद्रों का बहुत मजबूत उपयोगकर्ता है।

*चित्र: रशीदा भगत*
*एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा*

आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी (बाएं) और पीडीजी जॉन डेनियल के साथ रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक।

पीआरआईपी शेखर मेहता और आरआईपीएन सांगकू युन।

Rotary Institute KOCHI 2024

टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या और माधवी।

महिला प्रतिनिधियों के साथ पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी।

# कोच्चि की झलकियाँ

टीआरएफ डिनर पर।

पीआरआईपी राजेंद्र साबू और उषा, आरआईडी राजू सुब्रमण्यन और आरआईडीई के पी नागेश के साथ।

आरआईडीई एम मुरुगानंदम और सुमति।

*आरआईडी गण राजू सुब्रमण्यन और अनिरुद्धा रॉयचौधरी।*



*पीआरआईडी गण पी टी प्रभाकर और महेश कोटबागी (दाएं)।*

*विनीता वेंकटेश के साथ कैतरीन गम्प।*

*पीआरआईपी के आर रवींद्रन और वानती के साथ आरआईडी सुब्रमण्यन और विद्या।*

जॉन डेनियल
और मीरा।

आरआईपीएन सांगकू युन, पूर्व टीआरएफ
ट्रस्टी गुलाम वाहनवती के साथ।

टीआरएफ ट्रस्टी मार्ता हेलमैन, विद्या और
आरआईडी सुब्रमण्यन।

गुलाम वाहनवती, राजेंद्र साबू और मार्ता।

विद्या सुब्रमण्यन के साथ महिला प्रतिनिधि।

पीआरआईडी ए एस वेंकटेश और विनीता।

अनिरुद्धा रॉयचौधरी और राजेंद्र साबू।

भरत पांड्या, माधवी और राजू सुब्रमण्यन।

*पीआरआईडी सी भास्कर और माला।*

*पीआरआईडी कमल संघवी और सोनल।*

*आरआईपीएन युन के साथ पीआरआईपी रवींद्रन।*

*महेश कोटबागी और अमिता।*

*बाएं से: डीजीएन रविशंकर डकोजू, उषा साबू, पीआरआईपी रवींद्रन, वानती और पाओला डकोजू।*

*चित्र: रशीदा भगत, जयश्री और हेमन्त बंसवाल*
*एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा*

# रोटरी की सेवा और प्रभाव की विरासत

**जयश्री**

हम रोटेरियन इस ग्रह के उत्कृष्ट किरायेदार हैं क्योंकि हम वास्तव में *स्वयं से ऊपर सेवा* के आदर्श वाक्य पर खरे उतरते हैं। आइए, हम एक साथ आशा के वास्तुकार, करुणा के पैरोकार और परिवर्तन के अग्रणी बने रहें। विचारशील नियोजन और दृढ़ प्रतिबद्धता के माध्यम से, हम न केवल जीवन को बदलने के लिए काम करेंगे, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक उज्ज्वल, अधिक न्यायसंगत भविष्य का निर्माण करेंगे,'' पीआरआईपी शेखर मेहता ने कोच्चि रोटरी इंस्टीट्यूट के उद्घाटन सत्र के दौरान कहा।

उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सुनियोजित मानवीय परियोजनाओं ने पूरे भारत में समुदायों को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि पोलियो उन्मूलन के लिए वैश्विक लड़ाई इस बात का उदाहरण है कि रणनीति, क्रियान्वयन और आंकलन के साथ एक अच्छी तरह से परिभाषित कार्यक्रम असाधारण परिणाम कैसे प्राप्त कर सकता है। रोटरी की साक्षरता पहल भी इस दृष्टिकोण का एक और उदाहरण है। ''भारत सरकार के एनसीईआरटी कार्यक्रम में रोटरी के योगदान की वजह से, पूरे भारत में कक्षा 1-12 के लाखों छात्र हमारी दृश्य-श्रव्य सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। हमारी वयस्क साक्षरता परियोजना एक और मील का पत्थर है, जो हजारों महिलाओं और पुरुषों को गरिमा, स्वतंत्रता और साक्षरता से मिलने वाली आज़ादी के साथ सशक्त बनाती है।'' हैप्पी स्कूल पहल स्कूलों को छात्रों के लिए स्मार्ट, जीवंत सीखने के वातावरण में बदल रही है, उन्होंने कहा।

स्वास्थ्य सेवा में, रोटरी का प्रभाव समान रूप से गहरा है। देश भर में डायलिसिस केंद्र स्थापित करने और बाल हृदय सर्जारियां करने से लेकर नेपाल में स्वास्थ्य कार्यक्रमों का समर्थन करने और श्रीलंका में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के प्रति जागरूकता कार्यक्रम चलाने तक, रोटरी की बड़े पैमाने पर परियोजनाएं समुदायों को बदलना जारी रखती हैं। मेहता ने कहा, ''हमारा जुनून और उद्देश्य हमारी ताकत है,'' और रोटरी क्लब दिल्ली प्रीमियर द्वारा एक जल परियोजना के लिए प्रोग्राम्स ऑफ़ स्केल अनुदान हासिल करने पर खुशी व्यक्त की। इस तरह की पहल का दूरगामी प्रभाव अच्छी तरह से वित्त पोषित, बड़े पैमाने पर परियोजनाओं की क्षमता को प्रदर्शित करता है। मैं न्यासियों से आग्रह करता हूं कि वे इस मॉडल को प्रति वर्ष दो अनुदानों तक विस्तारित करने पर विचार करें, प्रत्येक ध्यानाकर्षण क्षेत्र के लिए एक।

टीआरएफ में रोटरी मंडलों के योगदान को ध्यान में रखते हुए, उन्होंने टिप्पणी की, न केवल हम हर साल उदारता से योगदान देते हैं, ''बल्कि हम इस धन को अपने स्थानीय समुदायों में प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करते हैं, जिससे विश्वास, विकास और प्रभाव का चक्र बनता है।''

सदस्यता वृद्धि पर, उन्होंने रोटरी के विस्तार के ''ध्रुव तारे'' के रूप में भारत की भूमिका का जश्न मनाया। यह मजबूत वृद्धि, असाधारण सेवा और योगदान के साथ मिलकर, ''हमारे ज़ोनों को संगठन के भीतर एक शक्तिपुंज के रूप में स्थापित करती है। 120 साल पुराने संगठन के रूप में, हमारी विरासत अविश्वसनीय है, लेकिन हमारी क्षमता उससे भी अधिक है।''

प्रभाव को बढ़ाने के लिए, उन्होंने मंडल नेतृत्वकर्ताओं को ध्यानाकर्षण क्षेत्र के तहत रणनीतिक, बहु-वर्षीय परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने; बड़ी और टिकाऊ पहल की ओर क्लबों का मार्गदर्शन करने के लिए ''सेवा का मेनू'' प्रदान करने; और प्रत्येक परियोजना के लिए स्पष्ट कार्यान्वयन योजनाएं और प्रभाव आंकलन सुनिश्चित करने का सुझाव दिया।

मेहता ने कहा कि दिल्ली में 2029, 2031 या 2032 के लिए रो ई सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव बोर्ड को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में एक सम्मेलन यहां किए जा रहे असाधारण काम की एक आदर्श स्वीकृति होगी। आइए एकजुट हों और इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए मिलकर काम करें।''

इस सत्र के मेजबानी करने वाले पीआरआईडी सी भास्कर ने कहा, ''सेवा केवल एक परियोजना नहीं है; यह जीवन का एक तरीका है जहां दानकर्ता को प्राप्तकर्ता जितना ही लाभ होता है। साधारण से दिखने वाला कार्य, जैसे कि एक संघर्षरत छात्र की आर्थिक रूप से मदद करना, वंचित समुदायों की वकालत करना, या सहानुभूति से किसी की बात सुनना, बहुत मूल्य रखते हैं। इसके लिए केवल सेवा करने की इच्छा की आवश्यकता होती है।'' ■

*कोच्चि इंस्टीट्यूट में मीरा डेनियल ने पीआरआईपी शेखर मेहता और राशी को सम्मानित किया गया।*

Rotary District 3192

THE MAGIC OF ROTARY

Rtn. Stephanie A Urchick
Rotary International President 2024-25

PDG Rtn. T N Subramanian
Rotary International Director 2023-25

PDG Rtn.Lt. K P Nagesh
Rotary International Director Elect 2025-27

Rtn. N S Mahadev Prasad
Rotary District Governor, RID 3192 2024-25

Rtn. Aniruddha Roy Chowdhury
RI Director of Zone 5 & 6(2023 - 2025)

Rtn. Shankar Srinivas
Chairman, South Asia International Peace Conference 2025

JOIN NOW

REGISTER NOW!

# SOUTH ASIA INTERNATIONAL PEACE CONFERENCE - 2025

GET YOUR EARLYBIRD OFFER NOW..!

Let's create a world where Peace is nurtured by nature and well-being!

**Date & Venue:**
**22nd & 23rd March 2025 @ KTPO Whitefield, Bengaluru, India**

SAVE THE DATE

Join Rotary in India for an extraordinary gathering dedicated to fostering peace through critical global issues: the environment and health. This landmark conference will bring together thought leaders, policymakers, and change makers to explore how sustainable environmental practices and better healthcare can lead to lasting peace.
Be part of the dialogue, take action, and help shape a future where peace thrives through a healthier planet and healthier people.

## Goals & Outcomes - Health

- Promote Access to Healthcare
- Enhance Health Education
- Support Disease Prevention and Treatment
- Improve Maternal and Child Health
- Address Mental Health Issues
- Strengthen Healthcare Infrastructure
- Support Clean Water and Sanitation
- Empower Healthcare Workers
- Foster Collaboration and Innovation

Scan for Registration

www.saipc.in

FOR QUERIES, PLEASE CONTACT: INFO.DGOFFICE2425@GMAIL.COM,
MOBILE NO. +91 8123303888 / +91 81233 84222,
OFFICE POSTAL ADDRESS: # 192, 3RD FLOOR,18TH CROSS, 20TH MAIN, MRCR,
VIJAYANAGAR, BENGALURU- 560 040
KARNATAKA, INDIA

ADVT.

# पूर्व अध्यक्षों का सम्मान

**रशीदा भगत**

कोच्चि इंस्टिट्यूट में, तीन पूर्व रो ई अध्यक्षों को रोटरी में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

शांति के विषय पर इंस्टिट्यूट को संबोधित करते हुए, रो ई के पूर्व अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी ने कहा कि ''हम एक बहुत ही परेशान दुनिया में रहते हैं जहां इतने सारे राष्ट्र संघर्ष करते हैं। जब आप दुनिया को इस तरह की कशाकशी में देखते हैं, तो आप सोचते है कि क्या हमारी दुनिया में शांति कभी संभव है।''

जबकि संयुक्त राष्ट्र 21 सितंबर को शांति दिवस के रूप में मनाता है, उन्होंने महसूस किया कि हर दिन को शांति दिवस के रूप में चिह्नित करने की आवश्यकता है, क्योंकि दुनिया में भूख से संबंधित कारणों से प्रतिदिन 15,000 लोग मारे जाते हैं, लगभग एक बिलियन लोग कुपोषण से पीड़ित होते हैं; एक बिलियन से अधिक लोगों के पास सुरक्षित पेयजल तक पहुंच नहीं होती है; और एक बिलियन, उनमें से दो-तिहाई महिलाएं, निरक्षर हैं। उन्होंने कहा कि सबसे खराब स्थिति यह है कि वर्तमान में दुनिया भर में 20 महत्वपूर्ण सशस्त्र संघर्ष चल रहे थे, जिसमें 300,000 बच्चे युद्ध की चपेट में है, और लगभग 37 मिलियन लोग बेघर हो गए है या अपनी मातृभूमि में ही शरणार्थियों के रूप में रह रहे है।

इस तरह के परेशान करने वाले परिदृश्य में, रोटेरियन रोटरी फाउंडेशन के माध्यम से बहुत मदद कर सकते थे, और उन्होंने वास्तव में ऐसा किया भी। ''विकासशील देशों में भी, 100 डॉलर बहुत बड़ी राशि नहीं है। इतनी राशि में आप अपने साथी के साथ एक एक अच्छे रेस्तरां में खाना खा सकते है या एक अच्छे जूते ले सकते है। लेकिन वहाँ, वास्तविक दुनिया में इसके मायने आशा और निराशा, जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर भी हो सकता है,'' उन्होंने

*प्रतिनिधियों को संबोधित करते पीआरआईपी राजेंद्र साबू। तस्वीर में उषा साबू और रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी भी शामिल हैं।*

*पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी को संस्थान में सम्मानित किया गया। (बाएं से) टीआरएफ ट्रस्टी मार्ता हेलमैन, पीडीजी रवि वडलामणि, शिप्रा, आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी और इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष जॉन डेनियल चित्र में शामिल हैं।*

उनसे टीआरएफ में योगदान करने का आग्रह करते हुए कहा।

बेनर्जी ने रोटेरियनों से आग्रह किया कि वे अफगानिस्तान में आज पैदा होने वाली हर लड़की के बारे में सोचें, जिन्हें ''अमानवीय'' परिस्थितियों में बड़ा होना होगा। ''आज वास्तविक सीमाएं राष्ट्रों के बीच नहीं हैं, बल्कि शक्तिशाली और शक्तिहीन, स्वतंत्र और बंधक, विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित लोगों के बीच हैं। यदि रोटेरियन सच्चे शांतिदूत बनना चाहते हैं, तो हमें इस विभाजन को पाटना होगा और इस अंतर को ख़त्म करना होगा।'' रोटरी शांति केंद्र दुनिया में शांति को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रहे है, और उन्हें रोटेरियन के समर्थन की आवश्यकता है।

यह तो स्पष्ट है कि जब तक गरीबी और भूख मौजूद है, तब तक परस्पर समझ और शांति दुनिया से दूर रहेगी। इसलिए सभी रोटेरियनों का सामान्य लक्ष्य मानव दुख को मिटाना होना चाहिए, ठीक वैसे ही ''जैसे हमने व्यवस्थित रूप से पोलियो को समाप्त किया। हम आज यहां इसलिए हैं क्योंकि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है, चुनौतियां पूरी की जानी हैं, कहानियों को सुखद अंत दिया जाना बाकी है,'' उन्होंने आगे कहा।

अपनी संक्षिप्त बातचीत में, पीआरआईपी राजेंद्र साबू ने याद किया कि जब उनका रो ई अध्यक्ष के रूप में कार्यकाल पूरा हो गया था, तो वह सोच रहे थे कि उन्हें आगे क्या करना चाहिए और ''मेरी पत्नी उषा ने मुझसे कहा कि आपनी अध्यक्षीय थीम थी स्वयं से परे देखना, और आपको ऐसा ही करना जारी रखना होगा।'' उनकी प्रमुख पहलों में से एक चिकित्सा मिशनों का आयोजन था और उन्होंने अफ्रीका और भारत में 45 चिकित्सा मिशन आयोजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

पीआरआईपी के आर रवींद्रन, जो अपनी पत्नी वनथी के साथ आये थे, को भी इंस्टिट्यूट में सम्मानित किया गया, और रोटरी में उनके योगदान को याद किया गया।

लेकिन सभी की निगाहें उषा साबू पर टिकी थीं, जिन्होंने अपने संक्षिप्त और दिल से दिए गए संबोधन के माध्यम से हॉल में कई आंखें नम कर दीं। उन्होंने कहा, ''मैं आप सभी को आपकी गर्मजोशी और हम दोनों के प्रति सम्मान के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। राजा अक्सर ठीक से अपनी भावनाएं व्यक्त नहीं कर पाते हैं। ऐसा इसलिए था क्योंकि कोविड ने उनकी सुनने और बोलने की क्षमता प्रभावित की थी। लेकिन रोटरी के प्रति उनका जुनून और समर्पण में कोई कमी नहीं थी। 90 से अधिक उम्र में, वह रोटरी और आप सभी के लिए उनके प्यार के कारण यहां है। हमें अपने विचारों और प्रार्थनाओं में रखें ताकि हम रोटरी के लिए जो कुछ भी कर सकते हैं उसे जारी रख सकें,'' उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा।

***बाएं से:** आरआईडी रॉयचौधरी, पीआरआईपी के आर रवींद्रन, वानती और शिप्रा।*

*चित्र: रशीदा भगत*

Rotary Institute KOCHI 2024

# नए ए के एस सदस्यों का सम्मान

**जयश्री**

जोन इंस्टीट्यूट की पूर्व संध्या पर नौ रोटेरियनों को प्रतिष्ठित आर्क क्लम्फ सोसाइटी में शामिल किया गया। उनकी उदारता के लिए उन्हें धन्यवाद देते हुए रो ई अध्यक्ष स्टेफनी अर्चिक कहा, ''आप जैसे व्यक्ति अपने दृष्टिकोण और उदारता के साथ फाउंडेशन को मजबूत बनाते हैं। आप रोटरी द्वारा पूरे विश्व में किए जा रहे अद्भुत कार्य - जादू - को संभव बनाते हैं।''

टीआरएफ न्यासी भरत पांड्या ने दानकर्ताओं को आश्वासन दिया कि उनका पैसा उसके उद्देश्य अनुसार सही दिशा में, संरचित तरीके से खर्च किया जाएगा और उन्हें न्यासियों, ''आपके द्वारा प्रभावित अनगिनत ज़िंदगियों और हमारे रोटरी नेताओं की ओर से धन्यवाद दिया।''

टीआरएफ न्यासी मार्था हेलमैन ने संस्थान में टीआरएफ न्यासी प्रमुख मार्क मैलोनी का प्रतिनिधित्व करते हुए भारत के रोटेरियनों की पहलों की सराहना की। उन्होंने हैप्पी स्कूल कार्यक्रम के माध्यम से सरकारी स्कूलों के रूपांतरण को उजागर किया जिससे बच्चों को स्वच्छ, स्वस्थ और प्रेरक वातावरण प्राप्त हो रहा है और रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली प्रीमियर द्वारा चौथे प्रोग्राम्स ऑफ स्केल अनुदान की उपलब्धि पर भी प्रकाश डाला जो महत्वपूर्ण जल प्रबंधन परियोजनाओं का समर्थन करेगा और अनगिनत ज़िंदगियों को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।

''ये सब पहलें बहुत ही शानदार हैं; ये वित्तीय सहायता की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डालती हैं। रोटेरियनों के रूप में यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम आगे आकर इन परियोजनाओं की निगरानी करते हुए यह सुनिश्चित करें कि ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं फलती-फूलती रहें, उन्होंने कहा। नए एकेएस सदस्यों को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा, मुझे पता है कि यह अवसर कितना सार्थक है क्योंकि मैंने पिछले साल अपने प्रवर्तन का अनुभव किया है। इस सोसाइटी में आपका स्वागत है। हम सेवा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता, उदारता और उत्साह का जश्न मनाते हैं।''

इससे कुछ समय पहले नए एकेएस सदस्यों ने दान की महत्ता और उन्हें टीआरएफ का समर्थन करने के लिए प्रेरित करने वाली अपनी कहानियाँ साझा की।

*ए के एस सदस्यों पीडीजी एन सुब्रमण्यन और ललिता को (बाएं से) टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या, रो ई अध्यक्ष स्टेफनी अर्चिक और टीआरएफ ट्रस्टी मार्था हेलमैन द्वारा सम्मानित किया गया।*

*रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी और शिप्रा।*

***नीचेः** नए ए के एस सदस्य (दाएं से) एम आर रविशंकर, राजश्री और पीडीजी कृष्णन जी नायर, हेमंत भसीन, जोशिता और सौरभ खेमानी, महिंदर के जैन और मंजीत कृपलानी।*

*दाएं से: पीआरआईपी शेखर मेहता, आरआईपीएन संगकू युन और पीआरआईडी महेश कोटबागी। आरआईडीई एम मुरुगानंदम और उनकी पत्नी सुमति भी चित्र में शामिल हैं।*

*बाएं से: पीआरआईपी राजेंद्र साबू, पीआरआईडी सी भास्कर, पीआरआईपी के आर रवींद्रन, माला भास्कर, वनाती रवींद्रन, उमा नागेश और उषा साबू।*

*रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन और रो ई कोषाध्यक्ष रोंडा बेत स्टब्स।*

रो ई मंडल 3011 के **पीडीजी एन सुब्रमण्यम** ने कहा, ''इतने वर्षों में रोटरी के साथ हमारी साझेदारी ने मुझे दान की तुलना में परोपकार के मूल्य को सिखाया है। हमें रोटरी के वैश्विक दृष्टिकोण, इसके ध्यानाकर्षण क्षेत्र और वो साहसी लक्ष्य बहुत पसंद हैं जो हम अपने लिए निर्धारित करते हैं।''

रो ई मंडल 3211 के **पीडीजी कृष्णन जी नायर** ने कहा, ''जब तक मैं एक रोटेरियन हूँ और 1 डॉलर का भी दान करने की क्षमता रखता हूँ तो मैं इस फाउंडेशन का समर्थन करता रहूँगा। यह जानकर कि कोई, कहीं, हमारे योगदान के कारण एक खुशहाल और अधिक शांतिपूर्ण जीवन जी रहा है, मैं और मेरा परिवार बहुत खुश होते है और यही हमारा इनाम है।''

**सौरभ खेमानी** ने याद किया कि 2010 में उन्हें रोटरी क्लब कलकत्ता की सदस्यता से वंचित रहना पड़ा क्योंकि उनकी पत्नी पहले से ही एक रोटेरियन थीं। उन्हें पांच साल और इंतजार करना पड़ा जब रो ई ने युगल सदस्यता स्वीकार करने का फैसला किया। ''समाज सेवा एक चेक लिखने से बहुत अधिक है। वास्तविक जिम्मेदारी धन की व्यवस्था करने और परियोजनाओं के सफल समापन को सुनिश्चित करने से आती है।''

रोटरी क्लब दिल्ली साउथ एंड, रो ई मंडल 3011 के सदस्य, **हेमंत भसीन** ने 30 साल पहले एक रोटेरियन रही अपनी 96 वर्षीय मां को याद किया। उन्होंने अपने 70वें जन्मदिन पर अपने बच्चों द्वारा उपहार में दी गई मर्सिडीज़ को छोड़ने का अपना निर्णय साझा किया और उससे प्राप्त धन को एकेएस में शामिल होने हेतु टीआरएफ को दान करने का फैसला किया। मैंने उनसे आग्रह किया कि हमारे गैरेज में एक और वाहन जोड़ने के बजाय वे मुझे इस पैसे को टीआरएफ को दान करने दें ताकि किसी सार्थक परियोजना में इसका उपयोग हो सकें और हमें हमारे आसपास के लोगों का आशीर्वाद और सद्भावना प्राप्त हो सकें।

कैंसर से बचने वाले रोटरी क्लब मद्रास के 30 वर्षीय एक सदस्य *महिंदर जैन* ने कहा कि टीआरएफ में उनका योगदान दो कारणों का समर्थन करेगा - मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य और सामाजिक आर्थिक रूप से पिछड़े नारिकुरावा जनजाति को आश्रय प्रदान करना।

**मनजीत कृपलानी,** जो तीसरी पीढ़ी की रोटेरियन होने के साथ ही एक ऐसे परिवार से हैं जिन्होंने विभाजन की कठिनाइयों का सामना किया लेकिन हमेशा रोटरी के चार मार्ग परीक्षण द्वारा निर्देशित रही, ने कहा कि टीआरएफ में उनका दान उनके माता-पिता और दादा-दादी की स्मृति को सम्मानित करता है और उन्हें उम्मीद है कि हमारा योगदान हमारे साथी नागरिकों के स्वास्थ्य और दीर्घायु को बढ़ावा देगा। मंजीत रोटरी क्लब बॉम्बे, रो ई मंडल 3141 की सदस्य है।

रोटरी क्लब बैंगलोर मिडटाउन, रो ई मंडल 3191 के **एम आर जयशंकर** ने दक्षिण बेंगलुरु में शारीरिक रूप से विकलांग 101 लोगों को व्हीलचेयर वितरित करने और 125 वंचित लोगों को कम लागत वाले घर प्रदान करने में अपनी भागीदारी को याद किया।

रोटरी क्लब कोचीन सेंट्रल, रो ई मंडल 3201 के एक सदस्य, **कोचूसेफ चित्तिलापिल्ली** और रोटरी क्लब कोचीन साउथ, रो ई मंडल 3201 के सदस्य नवास मीरान को जोन इंस्टीट्यूट में उनकी अनुपस्थिति में सम्मानित किया गया।

*चित्र: हेमंत बंसवाल*

# एक यादगार इंस्टिट्यूट

**रशीदा भगत और जयश्री**

कोच्चि इंस्टिट्यूट भारत के रोटरी इतिहास में एक परिपूर्ण इंस्टिट्यूट के रूप में जाना जाएगा, क्योंकि इसमें प्रतिभागियों की जरूरतों एवं पसंद को पूरा करने के लिए सब कुछ था - कुछ उत्कृष्ट वक्ताओं से लेकर मानवीय परियोजनाओं, लजीज भोजन और मनोरंजन तक।

रो ई के पूर्व अध्यक्ष कल्याण बेनर्जी ने खुलासा किया कि यह कोच्चि में उनका पहला इंस्टिट्यूट नहीं है। वेम्बनाड झील के बैकवाटर से सटे एक वाटरफ्रंट लक्जरी रिसॉर्ट, ग्रैंड हयात कोच्चि, के आलीशान सभागार में बैठे प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए, उन्होंने याद किया कि कैसे वह कुछ रोटरी जोन इंस्टिट्यूटों के लिए कोच्चि आये थे, पहली बार 1995 में जब वह निदेशक के रूप में अपने पहले वर्ष में रो ई मंडल में थे।

तत्कालीन रो ई अध्यक्ष, स्वर्गीय ग्लेन किनरॉस विदेशों से आये कुछ अन्य उपस्थित लोगों के साथ वहां मौजूद थे। उन्होंने याद किया कि उन दिनों में कोच्चि में कोई वातानुकूलित सभागार नहीं था। इसलिए, हम बड़ी संख्या में मिश्रित क्षमता वाले पुराने मॉडल के खिड़की पर लगने वाले एयर कंडीशनर लाए और खिड़कियों में अंतराल को बंद करने की कोशिश की, और मशीनों को एक साथ चलाया। परिणामस्वरुप शीतलता का कुछ आभास हुआ जिसे प्रतिभागियों ने खुशी से स्वीकार किया, क्योंकि उनके पास कोई अन्य विकल्प नहीं था!

कोच्चि में जिस अगले इंस्टिट्यूट में उन्होंने भाग लिया, उसकी अध्यक्षता तत्कालीन रो ई निदेशक के आर रवींद्रन ने की थी, जब बेनर्जी को रो ई नामांकन समिति द्वारा रो ई अध्यक्ष के रूप में चुना गया था। नया वातानुकूलित सभागार तब काफी ठंडा था, लेकिन रोटेरियन का तापमान कई कारणों से बढ़ रहा था! ''इसलिए जब निदेशक अनिरुद्ध ने मुझे आने के लिए आमंत्रित किया, तो मैंने उनकी पूरी बात कहने से पहले ही कहा 'ठीक है, मैं वहां रहूंगा।' लेकिन उन्होंने मुझे बीच में टोकते हुए कहा कि मुझे मेरी पसंद के विषय पर बोलना है।''

लेकिन इसने एक दुविधा पैदा की; जब कोई विषय दिया जाता है, तो देने वाला जानता है कि वक्ता से क्या उम्मीद की जाती है। ''लेकिन जब आपको अपना विषय स्वयं चुनने दिया जाता है, तो यह एक समस्या बन जाता है क्योंकि आप 83 वर्ष के हैं, 15 साल पहले रोटरी अध्यक्ष रहे हैं, और वर्तमान युवा, रोटरी नेतृत्वकर्ता आपको एक विलुप्त डायनासोर के रूप में देखते हैं, और आप सोच में पड़ जाते है कि क्या कहना है,'' बेनर्जी ने कहा।

*आरआईपीएन संगकू युन सहित रोटरी नेता नौका दौड़ में भाग लेते हुए।*

## केरल कार्निवल

एक सुनियोजित और निष्पादित कार्यक्रम में, सोने पर सुहागा था रिसॉर्ट के भव्य वाटरफ्रंट पर आयोजित केरल कार्निवल, जिसमें मुख्य आकर्षण *वल्लम काली,* केरल की पारंपरिक स्नेक बोट रेस थी, जिसने लगभग 225 डीजीई और डीजीएन को रोमांचकारी अनुभव प्रदान किया। लगभग 150 पेशेवर नाविकों ने नावों को चलाया जिनमें रोटेरियन सवार थे। नकली हाथियों की एक पंक्ति, त्रिशूर पूरम, *चेंडा मेलम* प्रदर्शन, केरल शैली के स्ट्रीट फूड, खेल और पारंपरिक कला रूपों ने आकर्षण में इजाफा किया, जिससे यादगार फोटो अवसर पैदा हुए।

रोटरी की दुनिया में भारतीय रोटेरियन जिस चीज के लिए सबसे ज्यादा प्रसिद्ध हैं, वे हैं सेवा परियोजनाएं, और परंपरा को ध्यान में रखते हुए, इस आयोजन में कुछ भव्य यादगार परियोजनाओं का शुभारंभ या उद्घाटन किया गया।

रो ई अध्यक्ष स्टेफ़नी अर्चिक ने 119 महिलाओं (रो ई की 119वीं वर्षगांठ का प्रतीक) को सीएनजी

संचालित ऑटोरिक्शा प्रदान करने के लिए **ग्रीन एंजल्स परियोजना** शुरू की। इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष जॉन डैनियल के पारिवारिक चैरिटी - वाई-डैनियल फाउंडेशन - के सहयोग से की गई परियोजना वंचित महिलाओं को अपने परिवारों का समर्थन करने के लिए उपयुक्त आय के अवसर प्रदान करने की उम्मीद करती है।

टीम ने अध्यक्ष स्टेफनी के कोच्चि पहुंचने पर उनके लिए 'राज्य अतिथि' का दर्जा भी हासिल करने का प्रबंध किया।

आरआईपीएन सांगकू युन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई *आधी-मैराथन* में लगभग 5,000 बच्चों एवं वयस्कों ने भाग लिया। रोटरी क्लब कोचीन नाइट्स द्वारा समर्थित इस कार्यक्रम ने ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों का समर्थन करने के लिए ₹20 लाख जुटाए। रोटेरियनों के लिए रोटरी प्रेसिडेंट कप गोल्फ टूर्नामेंट ने टीआरएफ के लिए धन जुटाया।

छियालीस मंडल रोटरेक्ट नेतृत्वकर्ताओं को इंस्टिट्यूट में भाग लेने के लिए प्रायोजित किया गया था, जिसमें प्रशिक्षण के साथ-साथ आवास एवं भोजन भी शामिल था। पीडीजी डैनियल ने कहा, इस अनुभव ने रोटरेक्टरों को रोटरी के मूल्यों एवं संस्कृति में खुद को विसर्जित करने की अनुमति दी।

डीईआई पहल के प्रति रोटरी की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करते हुए, इंस्टिट्यूट में *मिरेकल ऑन व्हील्स* का एक असाधारण प्रदर्शन किया, जिसे भारत का एकमात्र समावेशी नृत्य थिएटर समूह कहा जाता है। व्हीलचेयर की आवश्यकता वाले नर्तकों सहित विभिन्न अपंगता वाले नर्तकों ने दर्शकों को गहराई से द्रवित एवं मंत्रमुग्ध किया। टीआरएफ रात्रिभोज के दौरान 11 वर्षीय गंगा शशिदार का भावपूर्ण वायलिन वादन भी उतना ही मनोरम था।

रश्मिता भगत

*पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी, पीडीजी रवि वडलमणि और टीआरएफ ट्रस्टी मार्ता हेलमैन के साथ।*

भोजन भी लजीज एवं देखने लायक था, जिसमें विभिन्न प्रकार के अंतरराष्ट्रीय व्यंजन, शाकाहारी और मांसाहारी विकल्प और जैन विशिष्टताओं ने उपस्थित लोगों को प्रसन्न किया। अंत में पारंपरिक *सद्या,* जिसे केले के पत्तों पर परोसा गया, ने अपने वास्तविक केरल के स्वाद के साथ दिल जीत लिया। प्रतिनिधियों ने राज्य की पारंपरिक वेशभूषा - महिलाओं के लिए *कसावु* साड़ी और पुरुषों के लिए *वेष्टी* - पहनकर माहौल जमा दिया।

रश्मिता भगत

*सद्या का आनंद ले रहे प्रतिनिधि।*

यह पहले दिन एक आदर्श आइस ब्रेकर था क्योंकि डीजीई और डीजीएन ने अपने जीवनसाथी के साथ कैनवास पर रोटरी के अपने दृष्टिकोण को चित्रित किया। इसके बाद बैकवाटर पर एक क्रूज यात्रा भी शामिल थी। उपाधिग्रहण समारोह में **ड्रम सर्कल** एक बहुत ही सराहनीय कार्यक्रम था, जहां प्रत्येक निर्वाचित गवर्नर ने एकसाथ ताल मिलाकर वाद्य यंत्र बजाया, और जीवंत लय के माध्यम से एकता एवं सौहार्द को बढ़ावा दिया। शिप्रा रॉयचौधरी द्वारा समर्थित एक विचार बंगाल की प्रतिष्ठित *लाल-पाड़ शड़ा* साड़ियों (लाल बॉर्डर वाली सफेद साड़ी) में देदीप्यमान पत्नियों ने इस अवसर की भव्यता में इजाफा किया।

दिन के अंत में, यह स्पष्ट था कि संयोजक आरआईडी अनिरुद्ध रॉयचौधरी, अध्यक्ष पीडीजी जॉन डैनियल और इंस्टिट्यूट की टीम ने इस विशाल कार्यक्रम के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की थी। डेनियल ने कहा, ''तैयारियों को देखने के लिए मीरा और मैं 40 दिनों के लिए कोल्लम में अपने निवास से कोच्चि चले गए। हमारा दिन सुबह 4 बजे शुरू होता था, और रात 11 बजे तक चलता था, और वह बैक-टू-बैक बैठकों से भरा होता था। कुल मिलाकर 36 समितियाँ थीं!'' ■

Rotary Institute KOCHI 2024

# केवल भारत ही विश्व शांति की स्थापना कर सकता है

**वी मुत्तुकुमारन**

भारत वैश्विक शांति स्थापित करने की दिशा में नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए अच्छी तरह से तैयार है क्योंकि दुनिया हिंसा, संघर्षों, आर्थिक असमानताओं, पर्यावरणीय संकटों और तकनीकी व्यवधानों के साथ एक अभूतपूर्व उथल-पुथल देख रही है जिसने मानवता को खतरे में डाल दिया है, टीवी पत्रकार और फ़र्स्टपोस्ट यूट्यूब चैनल की संपादक पलकी शर्मा उपाध्याय कहती है।

कोच्चि इंस्टिट्यूट में 'रोटरी ब्रिंग्स पीस' नामक एक सत्र में बोलते हुए उन्होंने दुनिया में व्याप्त अनिश्चितताओं का एक जीवंत विवरण दिया। हमें वैश्विक व्यवस्था में प्रणालीगत विघटन को संबोधित करने की आवश्यकता है और ग्लोबल साउथ के नेता के रूप में भारत के पास एआई और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों के कारण युद्धों, आर्थिक असमानताओं और व्यवधानों के माध्यम से नेविगेट करने में दुनिया का नेतृत्व करने की अपार क्षमता है, उन्होंने कहा। वर्ष 2022 से चल रहे यूक्रेन युद्ध के परिणामस्वरूप वैश्विक अराजकता उत्पन्न हो गई क्योंकि इसने ऊर्जा बाज़ारों, खाद्य आपूर्ति को प्रभावित किया और यूरोप में 30 मिलियन से अधिक लोगों को विस्थापित किया, जो द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़ी संख्या है। 'यह सब बहुत अनिश्चित है क्योंकि हम नहीं जानते कि यूक्रेन युद्ध कैसे समाप्त होगा, वह चेतावनी देती है।''

भारत और अन्य देश कूटनीतिक समाधान के जरिए युद्ध को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन संघर्ष के प्रारम्भिक चरण में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि 'यह युद्ध का समय नहीं है।' 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा सैकड़ों इजरायलियों को बंधक बनाने और आतंकी हमला करने के बाद एक तरफ इजरायल और दूसरी तरफ हमास-हिजबुल्लाह-ईरान के बीच युद्ध बहुत बढ़ चुका है।

इस जटिल इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष के चलते पिछले दो वर्षों में गाजा में 40,000 से अधिक निर्दोष जानें गई है और ''वर्तमान में हमारे सामने सीरिया, यमन, सूडान और इथियोपिया के संघर्षों सहित लगभग 30 सशस्त्र संघर्ष चल रहे हैं।'' सीरिया में पिछले 13 वर्षों में भयानक गृह युद्ध के चलते पांच लाख से अधिक जानें गई हैं, वह कहती है।

## नॉन-स्टेट एक्टर्स

आज की संघर्ष-ग्रस्त दुनिया में राष्ट्र-राज्यों को आतंकवादियों, अकेले हमला करने वालों और भाड़े के सैनिकों जैसे गैर-राज्य ''अभिनेताओं के साथ संघर्ष करना पड़ता है जो आधुनिक युद्ध के किसी भी नियम का पालन नहीं करते हैं।''

अमेरिका के सैन्य-औद्योगिक परिसर को फायदा हुआ क्योंकि उसने पिछले 2-3 वर्षों में संघर्ष क्षेत्रों में 2.4 ट्रिलियन डॉलर की कीमत के हथियारों और शस्त्र प्रणालियों का 50 प्रतिशत से अधिक निर्यात किया है, पलकी शर्मा कहती है।

वी मुत्तुकुमारन

''आर्थिक असमानता पर अपना ध्यान केंद्रित करते हुए वह कहती हैं, वैश्वीकरण ने कुछ अमीर देशों और व्यक्तियों के हाथों में धन केंद्रित कर दिया है, विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार 9.2 प्रतिशत आबादी प्रति दिन 2 डॉलर से कम पर जीवन यापन करती है।'' संयुक्त राष्ट्र की एक अन्य रिपोर्ट में बताया गया कि 700 मिलियन लोग अत्यधिक गरीबी से प्रभावित हैं।

गरीबी के अभिशाप से निपटने के लिए ''केवल भोजन प्रदान करना पर्याप्त नहीं है क्योंकि हमें आश्रय, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है।'' उप-सहारा अफ्रीका, दक्षिण एशिया और लैटिन अमेरिका के कुछ हिस्सों में अत्यधिक असमानता और संकट है और इन क्षेत्रों में ''सामाजिक अशांति, संघर्ष और प्रवासन संकट को संबोधित करने की तत्काल आवश्यकता है।''

*टीआरएफ ट्रस्टी गुलाम वाहनवटी ने पीडीजी मुत्तुपलनियप्पन के साथ मिलकर पलकी शर्मा को प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड प्रदान किया।*

संयुक्त राष्ट्र के एक अध्ययन के अनुसार, ''जलवायु परिवर्तन वैश्विक शांति के लिए एक बड़ा खतरा है और यह ग्रीनहाउस गैसों के ऐतिहासिक उत्सर्जन के कारण सूखे, बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए एक बल गुणक है।''

जब राष्ट्र सीओपी शिखर सम्मेलन में निर्धारित उत्सर्जन लक्ष्यों को पूरा करने पर आरोप-प्रत्यारोप का खेल खेलते हैं, जलवायु परिवर्तन राजनीतिक सहमति की प्रतीक्षा नहीं करेगा। ''हमें यह समझना होगा कि बाढ़, सूखा और तूफान भू-राजनीतिक घटनाएं हैं। सबसे अधिक प्रभावित वो गरीब देश हैं जिनके पास प्राकृतिक संसाधन कम हैं क्योंकि वहाँ के लोग आजीविका की तलाश में दूसरी जगहों पर पलायन कर जाते हैं और इस तरह वे ग्रह शरणार्थी बन जाते हैं।'' कुछ यूरोपीय राष्ट्र अफ्रीकी राज्यों को अपने लोगों को खतरनाक नाव की सवारी करने से रोकने के लिए पैसे देते हैं। ''अगर फिर भी वे यूरोप या अमेरिका पहुँच जाते हैं तो उन्हें एलियंस करार देकर हिरासत में लिया जाता है और निर्वासित कर दिया जाता है,'' वह कहती हैं।

अकेले जलवायु परिवर्तन की घटनाओं ने पश्चिम और मध्य अफ्रीका के 4 प्रतिशत सकल घरेलू उत्पाद को कम कर दिया है।

एआई मंचों के माध्यम से उभरती हुई चुनौतियां एक बड़े तूफान के समान है क्योंकि हम यह नहीं जानते कि इसका नौकरी बाजारों और सामाजिक ताने-बाने पर क्या प्रभाव पड़ेगा। जबकि नीति निर्माता, एआई जैसे तकनीकी मंच के साथ तालमेल बैठाने की कोशिश कर रहे हैं, राजनेता लोगों की सेवा करने का दावा करते हैं लेकिन वास्तव में वे दूसरों की कीमत पर अपने ही हितों की सेवा करते हैं। 50 देशों में नए राजनीतिक ढांचे के लिए चुनाव हुए और ''जब भी कोई सत्ता परिवर्तन होता है हम युगांडा, मालदीव और बांग्लादेश की तरह अधिक व्यवधानों की उम्मीद कर सकते हैं। हम अभी भी नहीं जानते हैं कि ट्रम्प 2.0 का वैश्विक व्यवस्था पर क्या प्रभाव पड़ेगा।''

दशकों तक अनेकता में एकता के प्रेरक और अहिंसा एवं बहुलवाद में विश्वास रखने वाला भारत शांति सुनिश्चित करने के लिए भू-राजनीति में केंद्र स्तर पर एक प्रतिष्ठित स्थिति में था।

## हम सभी से बात करते हैं

भारत ने वर्तमान में जारी युद्धों में किसी भी देश का पक्ष नहीं लिया क्योंकि महम एक शांति निर्माण राष्ट्र हैं। हम अमेरिका से ड्रोन, हथियार, रूस से उच्च तकनीकी रक्षा मंच और तेल खरीदते हैं, ईरान और सऊदी अरब दोनों के साथ घनिष्ठ संबंध रखते हैं और इजरायल एवं फिलिस्तीन दोनों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखते हैं।

शांति नेतृत्व के लिए एक आदर्श उम्मीदवार के रूप में, ''हमारे साथ दुनिया के सभी देशों की सद्भावना है।'' भारत ने 40 देशों में अपनी शांति सेना भेजी है ''जिसमें 200,000 से अधिक भारतीय सैनिक कांगो, दक्षिण सूडान, लेबनान, अफगानिस्तान और अन्य देशों के हिंसाग्रस्त क्षेत्रों में आजीविका का पुनर्निर्माण कर रहे हैं।'' भारत संयुक्त राष्ट्र में बहुपक्षीय नियम आधारित वैश्विक व्यवस्था के अनुरूप सुधार लाने के लिए प्रयासरत है। ''दिल्ली में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने अफ्रीकी संघ को इस विशिष्ट समूह में शामिल किया।'' बहुपक्षीय विश्व व्यवस्था हेतु बातचीत को बढ़ावा देने के लिए अधिक सहयोग और साझेदारी की जा रही है जो अब हिंसा और संघर्षों से खंडित हो रही है।

इससे पहले, पूर्व न्यासी गुलाम वाहनवटी ने बताया कि एक तीसरा रोटरी शांति केंद्र स्थापित किया जाएगा जो एक अल्पकालिक कोर्स पेश करेगा और हर साल दो बैचों में 20 शांतिदूतों को प्रशिक्षित करेगा। यह केंद्र दक्षिण कोरिया या पुणे के सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय में स्थापित किया जाएगा। ''पहले से ही हमारे पास पांच शांति केंद्र हैं जो दीर्घकालिक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और दो केंद्र अल्पकालिक प्रमाणित कार्यक्रमों के लिए हैं, जो दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों से संबद्ध हैं,'' उन्होंने कहा। ''प्रत्येक शांति केंद्र हर साल 50 शांति विद्वानों को प्रशिक्षित करता हैं और उन सभी के वीजा, हवाई यात्रा, ठहरने, खाने-पीने और ट्यूशन फीस का खर्च रोटरी द्वारा वहन किया जाता है,'' उन्होंने कहा।

उन्होंने कहा कि रोटरी समझ, फैलोशिप और अखंडता के माध्यम से वैश्विक शांति के लिए प्रतिबद्ध है। वाहनवटी ने पीडीजी मुत्तु पालनिअप्पन के साथ पलकी शर्मा को प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड प्रदान किया।■

Rotary Institute KOCHI 2024

# एक स्थायी भविष्य की ओर

वी मुत्तुकुमारन

कोच्चि इंस्टीट्यूट में 'लुक बियॉन्ड योरसेल्फ' नामक एक सत्र में द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक पुनीत चटवाल ने कहा कि मजबूत संस्कृति और कॉरपोरेट मूल्य नेतृत्व उत्कृष्टता की नींव रखते हैं, जिसे सहयोग और निरंतर सफलता के माध्यम से बरकरार रखा जाना चाहिए।

''अपने मन में सरल, छोटे लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए काम करें, ताकि हम बिना किसी बाधा के अपनी ब्रांडिंग, प्राथमिकताओं और पोर्टफोलियो के पुनर्गठन पर ध्यान केंद्रित कर सकें। आइए हम एक विकासशील मानसिकता अपनाएँ, जो गठबंधनों एवं साझेदारी के माध्यम से परिचालन में समन्वय स्थापित कर सकें।'' जबकि आईएचसीएल भारत की पहली हॉस्पिटैलिटी कंपनी है जिसने बाजार पूंजीकरण में 1 ट्रिलियन डॉलर का आंकड़ा पार किया है, वर्ष 2017 में इसने भारी उतार-चढ़ाव का सामना किया।

1868 में इसके संस्थापक जमशेदजी टाटा द्वारा स्थापित टाटा समूह की सबसे पुरानी और अग्रणी कंपनियों में से एक के रूप में, आईएचसीएल को 2017 तक 'टाटा समूह के नगीने' के रूप में जाना जाता था।

''वैश्विक वित्तीय संकट (2007-08) और मुंबई के ताज होटल में 26/11 के आतंकी हमले के कारण इस साधन-संपन्न कंपनी ने विकास की दिशा में कमज़ोर प्रदर्शन किया, उन्होंने समझाया। लेकिन उन्होंने चुनौतियों

*रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी और राजू सुब्रमण्यन ने इंडिया क्लाइमेट कोलैबोरेटिव की सीईओ श्लोका नाथ को प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड प्रदान किया।*

का डटकर सामना किया, 'निडर बनने और कुछ अलग करने की हिम्मत की,' जिससे उन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों से उबरने के लिए फुर्तीला और नाजुक बनना सीख लिया।

2017 में 142 होटलों के मुकाबले, आज उनके पास दुनिया भर में 232 होटल हैं, सभी साझेदारी और गठजोड़ के माध्यम से किए गए हैं।

इसकी निरंतरता और सेवा की वजह से, हमें वैश्विक अध्ययनों द्वारा दुनिया के सबसे मूल्यवान होटल ब्रांडों में से एक का दर्जा दिया गया है। 150 से अधिक वर्षों की विरासत वाली एक गौरवशाली कंपनी के लिए, चटवाल ने कहा, ''हम अभी भी अपने संस्थापक के कथन को महत्व देते हैं: किसी भी उद्यम के लिए, समुदाय व्यवसाय का सिर्फ एक हितग्राही नहीं होता है, बल्कि इसके अस्तित्व का उद्देश्य होता है।''

इससे पहले, पीआरआईडी पीटी प्रभाकर ने याद किया कि कैसे एक छोटे उद्यमी हरकचंद सावला ने 40 साल पहले मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में कुछ कैंसर रोगियों को भोजन के पैकेट वितरित करना शुरू किया था। ''अब उनके प्रयासों की वजह से, कई कॉरपोरेट्स ने एक दिन में 1,000 से अधिक रोगियों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए धन और संसाधन जमा किए हैं, उन्होंने कहा। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद सावला के नेतृत्व के दृष्टिकोण ने उन्हें ख्याति दिलाई और अपने मिशन में सफल बनाया।''

*पीआरआईडी पीटी प्रभाकर ने द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड के एमडी पुनीत छतवाल को प्राइड ऑफ इंडिया अवार्ड प्रदान किया।*

## जलवायु सहनशीलता

इंडिया क्लाइमेट कोलैबोरेटिव (आईसीसी) की संस्थापक-सीईओ श्लोका नाथ ने 'बदलती दुनिया में लचीलापन' विषय पर बोलते हुए जलवायु संकट के उभरते खतरों की ओर इशारा किया, जिसने पहले ही दुनिया में कमजोर समुदायों पर कहर बरपाया है। ''कई प्रजातियां गायब हो जाती हैं, बाढ़ और सूखा, जो जलवायु परिवर्तन के परिणाम है, उन लाखों परिवारों को प्रभावित करते है जो भीषण मौसम से निपटने के बारे में नहीं जानते हैं, उन्होंने कहा।''

यह सामाजिक और आर्थिक समानता का संकट भी है, क्योंकि महिलाएं, बच्चे, किसान और कम आय वाले परिवार जलवायु संकट का खामियाजा भुगतते हैं। ''उनके पास स्वच्छ ऊर्जा, भोजन और अच्छी शिक्षा तक पहुंच नहीं है।'' उन्होंने कहा कि मानवजाति के पास इस चरम प्रतिकूलता का सामना करने, नवाचार करने और पनपने का एक बड़ा अवसर है, और आगे कहा प्रकृति-आधारित समाधान जलवायु संकट से निपटने में किफायती और कुशल हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय किसानों के अनियमित बारिश और फसल के नुकसान से प्रभावित होने के साथ, उनकी आधी आबादी को हरित नौकरियों के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है क्योंकि देश के सकल घरेलू उत्पाद का 70 प्रतिशत शहरी क्षेत्रों से आएगा जो चरम मौसम परिवर्तन की चपेट में हैं।

दूसरा, ''हमें वास्तविक, स्थाई परिवर्तन लाने के लिए स्थानीय समाधानों और नवाचारों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में जलवायु लचीलेपन को समाहित करना होगा।'' जलवायु संकट मानवता की परीक्षा ले रहा है, और ''हमें इस बात पर फिर से विचार करना चाहिए कि हम अपने ग्रह को पर्यावरण के भीषण परिवर्तनों के खिलाफ अधिक लचीला बनाने के लिए कैसे उपभोग करते हैं, खाते हैं, यात्रा करते हैं और निर्माण करते हैं।'' उन्होंने कहा कि स्थायी जलवायु समाधानों के लिए, हमें प्रकृति और समुदायों के साथ सद्भाव में सीमाओं के पार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है।

श्लोका का स्वागत करते हुए, रो ई के निदेशक राजू सुब्रमण्यन ने कहा कि हालांकि रोटरी ने पर्यावरण को सातवें ध्यानाकर्षण क्षेत्र के रूप में पेश किया है, ''यह कदम थोड़ा देर से उठाया गया है क्योंकि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से हमारे आवास नष्ट हो रहे हैं।'' उन्होंने बेंगलुरु के मामले का हवाला दिया, जहां बिल्डरों और अधिकारियों के बीच मिलीभगत के कारण बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई हुई और सैकड़ों झीलें गायब हो गईं। ''होने वाली पारिस्थितिक आपदा परमाणु विस्फोट से बहुत बड़ी होगी, उन्होंने चेतावनी दी। उन्होंने श्लोका को प्राइड ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया।''

*चित्र: वी मुत्तुकुमारन*

# TRF Star Performers (2023–24)

| Trophy | Zone 4 | Zone 5 |
|---|---|---|
| Highest Contribution to TRF Annual Fund | Arun Bhargava (3141) | T R Vijayakumar (3201) |
| Highest Contribution to TRF Endowment Fund | Arun Bhargava (3141) | Ravi Raman (3232) |
| Highest Contribution to TRF Polio Fund | Milind Kulkarni (3142) | Ravi Raman (3232) |
| Highest per capita APF Contribution to TRF | Arun Bhargava (3141) | Jerome Rajendram (3220) |
| Highest Total Contribution to TRF | Arun Bhargava (3141) | Ravi Raman (3232) |
| Highest Donor Participation (% wise) | Nihir Dave (3060) | T R Vijayakumar (3201) |
| 100% Club Participation for TRF Giving | Mehul Rathod (3055)<br>Arun Bhargava (3141)<br>Milind Kulkarni (3142) | S Raghavan (2982)<br>Jerome Rajendram (3220) |
| Highest Giving Club towards TRF Polio Plus Fund | President G Sukumaran Nair, RC Hiranandani Estate (3142) | President P Srinivasan, RC BHEL City Tiruchirapalli (3000) |

*रो ई अध्यक्ष स्टेफनी अर्चिक ने रो ई मंडल 3141 के डीजी चेतन देसाई को पुरस्कार प्रदान किया। बाएं से: टीआरएफ ट्रस्टी भरत पांड्या, आरआईडी राजू सुब्रमण्यन, टीआरएफ ट्रस्टी मार्ता हेलमैन और आरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी भी चित्र में शामिल हैं।*

*ट्रस्टी मार्ता ने आरआईडी रॉयचौधरी की मौजूदगी में रो ई मंडल 3234 की डीआरएफसी बी दक्षिणायनी को बधाई दी।*

*बाएं से: आरआईडी सुब्रमण्यन, आरआईपीएन सांगकू युन, रो ई मंडल 3132 डीजीई सुधीर लाटूर, अध्यक्ष स्टेफनी और पीडीजी स्वाति हेरकल।*

# — Zones 4, 5, 6 and 7

| Trophy | Zone 6 | Zone 7 |
|---|---|---|
| Highest Contribution to TRF Annual Fund | Hira Lal Yadav (3291) | Manjoo Phadke (3131) |
| Highest Contribution to TRF Endowment Fund | Hira Lal Yadav (3291) | V Srinivas Murthy (3192) |
| Highest Contribution to TRF Polio Fund | Rajendra Prasad Dhoju (3292) | Subbarao Ravuri (3020) |
| Highest per capita APF Contribution to TRF | Hira Lal Yadav (3291) | Manjoo Phadke (3131) |
| Highest Total Contribution to TRF | Nilesh Agarwal (3240) | Manjoo Phadke (3131) |
| Highest Donor Participation (% wise) | Rajendra Prasad Dhoju (3292) | H R Keshav (3181) |
| 100% Club Participation for TRF Giving | Ashok Kumar Gupta (3100) Nilesh Agarwal (3240) | Subbarao Ravuri (3020); Manjoo Phadke (3131); Swati Herkal (3132); B C Geetha (3182) |
| Highest Giving Club towards TRF Polio Plus Fund | President Jayant Dagadu Khairnar, RC Nasik Grapecity, (3030) | President Prasad V R Sadhu, RC Vijayawada Midtown (3020) |

| Zone 4, 5, 6 & 7 (India, Nepal and Sri Lanka) | RI District |
|---|---|
| Nitish Laharry Trophy for Highest Total Contribution to TRF | 3141 |
| Binota and Kalyan Banerjee Trophy for Highest Endowment Fund Contribution | 3192 |
| Usha and Raja Saboo Trophy for Highest Annual Fund Contribution to TRF | 3131 |
| Highest Polio Fund Contribution to TRF | 3020 |
| District with highest new AKS members | 3011 |

जयश्री

*पीडीजी श्रीनिवास मूर्ति (3192), पीडीजी मंजू फड़के (3131) और जीतेंद्र गुप्ता (3011) अपने पुरस्कारों के साथ।*

***बाएं से:** अध्यक्ष स्टेफ़नी, पीडीजी सुब्बाराव रावुरी (3020), ट्रस्टी मार्ता और आरआईडी रॉयचौधरी।*

*सदस्यता और सार्वजनिक छवि पुरस्कार अगले अंक में।*

*चित्र: वी मुत्तुकुमारन*

Rotary PEOPLE OF ACTION

# रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार ने किया अनाथ लड़कियों का समर्थन

रशीदा भगत

दिल्ली के पास फरीदाबाद में लगभग 70 अनाथ लड़कियां के आवास, आर्य कन्या सदन को जब भी मदद की आवश्यकता होती है तो वह रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार, रो ई मंडल 3012 के पास आता है।

10 वर्षों से अधिक समय से पूर्व अध्यक्ष अरविंद जैन के नेतृत्व में इस क्लब के अन्य वरिष्ठ रोटेरियनों द्वारा इस अनाथालय का समर्थन किया जा रहा हैं, जो 32 साल पहले हरियाणा सरकार द्वारा दी गई भूमि पर बनाया गया था। एक गैर



*अशोक वोहरा और उनकी पत्नी नीलू एक लड़की को ऊनी कपड़े और एक साल की स्कूल फीस भेंट करते हुए।*

सरकारी संगठन द्वारा संचालित ''यह आश्रय स्थल फरीदाबाद के पॉश सेक्टर 15 में स्थित है और उन अनाथ लड़कियों को आश्रय देता है जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है।''

बचपन से वयस्कता तक ये लड़कियां यहाँ रहती हैं, ''उन्हें स्कूल और यहाँ तक कि कॉलेज भी भेजा जाता है और कुछ परोपकारी लोगों की मदद से उनमें से कुछ की शादी भी की जाती है, जिनमें हमारे क्लब के सदस्य भी शामिल हैं, जो इस बात का समर्थन करते हैं,'' इस क्लब के एक सदस्य टी डी भाटिया कहते हैं।

पिछले पांच वर्षों से पूर्व अध्यक्ष जैन कुछ लाख रुपये के बड़े योगदान के साथ इस अनाथालय का समर्थन कर रहे हैं। ''यहाँ लड़कियों को बचपन से ही समर्थन दिया जाता है, आश्रय, भोजन, कपड़े और शिक्षा दी जाती है और योग्य होने पर रोजगार खोजने में उनकी मदद की जाती है, समय-समय पर हमारा क्लब आवश्यक सहायता प्रदान करता रहता है।''

नवंबर में जैन और कुछ अन्य रोटेरियनों द्वारा प्रदान किए गए धन की मदद से लड़कियों को सर्दियों की कड़ाके की ठंड से बचाने के लिए कंबल और गर्म कपड़े वितरित करने की व्यवस्था की गई। जैन ने लड़कियों के लिए भजन सत्र की भी योजना बनाई।

भाटिया ने कहा कि यह सब लगभग 10 साल पहले शुरू हुआ जब क्लब के पूर्व अध्यक्ष और केईआई इंडस्ट्रीज के सीएफओ, राजीव गुप्ता और उनकी पत्नी शशि से इस अनाथालय की मदद के लिए संपर्क किया गया। उन्होंने स्वेच्छा से नेतृत्व किया, क्लब के अन्य सदस्यों को भी दान करने के लिए प्रेरित किया और ''यह जोड़ा आज भी बड़े पैमाने पर यहाँ रहने वाली लड़कियों का समर्थन करता है उन्हें भोजन, कपड़े प्रदान करता है और शादी के जोड़े के साथ मंगलसूत्र जैसे सोने के आभूषण प्रदान करके कुछ लड़कियों के विवाह के प्रबंधन में मदद करता है। वर्तमान में इस कन्या सदन में 72 लड़कियां रह रही हैं और 22 वर्षों से उनके साथ रहने वाले उनके टीम लीडर उनकी देखभाल करते हैं।''

रोटेरियनों की इस अनाथालय में कुछ और दौरा करने की योजना है ताकि लड़कियों को सर्दियों के महीनों का सामना करने के लिए ऊनी स्वेटर और जैकेट प्रदान किए जा सकें। पहले ही रोटेरियनों ने इस अनाथालय से अनेक लड़कियों को मगोद लियाफ है और वे उनकी फीस का भुगतान करके या उन्हें पाठ्यपुस्तकें, अभ्यास पुस्तकें आदि जैसी शिक्षण सामग्री प्रदान करके उनकी शिक्षा का समर्थन करते हैं।

हाल ही में अशोक वोहरा और उनकी पत्नी नीलू ने एक लड़की को ऊनी कपड़े के साथ स्कूल फीस (पूरे साल के लिए ₹12,000) प्रदान की। कंबल और अन्य ऊनी कपड़े वितरित करने के बाद रोटेरियनों ने रहवासियों को भोजन भी परोसा। सदन का दौरा करने वालों में क्लब अध्यक्ष अवधेश कुमार, अरविंद कुमार जैन, एन के भार्गव, अशोक वोहरा और उनकी पत्नी नीलू एवं अन्य शामिल थे। भाटिया ने कहा कि क्लब की इस अनाथालय की और अधिक लड़कियों को गोद लेने और उनकी शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति एवं सीखने में सहायकों को प्रदान करने की योजना है।

रोटरी क्लब दिल्ली मयूर विहार द्वारा की जा रही अन्य नियमित परियोजनाओं में नेत्र और अन्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन, सर्दियों में यमुना तट पर खेती करने वाले छोटे किसानों के बच्चों को पाठ्यपुस्तकों और नोटबुक के साथ गर्म कपड़े और कंबल वितरित करना शामिल है।■

# समुदायों का पोषण

जयश्री

रोटरी क्लब वाधवान सिटी, रो ई मंडल 3060, अपनी परियोजना *बुख्या ने भोजन* (भूखों के लिए भोजन) के तहत ₹5 प्रति प्लेट पर रात का खाना उपलब्ध कराने के लिए अन्नपूर्णा रथ का संचालन कर रहा है। क्लब की अध्यक्ष हिता जानी का कहना है कि 2021-22 में इसकी शुरुआत के बाद से, इस पहल ने गुजरात के वाधवान के जुड़वां शहर सुरेंद्र नगर में 1.4 लाख से अधिक भोजन प्रदान किए हैं।

हर शाम 5.30 से 7.30 बजे के बीच, एक ट्रक झुग्गी कॉलोनियों में गर्म, पौष्टिक भोजन पहुंचाता है जिसमें रोटियां, ग्रेवी, खिचड़ी और छाछ शामिल होता है। भोजन को कैसरोल में ताजा रखा जाता है, और त्यौहारों के समय पर मेनू में एक मीठा व्यंजन जोड़ा जाता है। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रति प्लेट ₹5 लेते हैं कि प्राप्तकर्ता अपनी गरिमा बनाए रखें, लेकिन जो लोग इस मामूली राशि का खर्च नहीं उठा सकते, उन्हें भी लौटाया नहीं जाता है, वह बताती हैं। इस सेवा से रोजाना औसतन 150 लोगों को फायदा होता है।

यह परियोजना साल में 365 दिन संचालित होती है, और यह मुख्य रूप से परोपकारी धनजीभाई पटेल के नेतृत्व वाले रामभोजनालय ट्रस्ट और क्लब के सदस्य कार्तिक पटेल के पिता डॉ यशवंत पटेल द्वारा वित्त पोषित है। ₹2,500 की दैनिक लागत अक्सर क्लब के सदस्यों द्वारा कवर की जाती है जो जन्मदिन और वर्षगांठ जैसे विशेष अवसरों को चिह्नित करने के लिए भोजन प्रायोजित करते हैं।

60 सदस्यीय क्लब, जो अब अपने 25वें वर्ष में है, पांच स्थायी परियोजनाएं चलाता हैं। इसकी शुरुआती उपलब्धियों में से एक रोटरी शताब्दी वर्ष के दौरान विकसित एक उद्यान है जो समुदाय में एक एतिहासिक स्थल बना हुआ है। ''यहां के लोग हमें 'गार्डनवाली क्लब' के नाम से जानते हैं। इसने हमारी सार्वजनिक छवि को बढ़ाने में मदद की है,'' हिता मुस्कुराती हैं।

अन्य प्रमुख पहलों में एक डायलिसिस और एक थैलेसीमिया केंद्र शामिल है, जिसकी स्थापना 2020 में की गई थी, जब हिता के पति प्रशांत जानी मंडल गवर्नर थे। ये केंद्र हर दिन 25-30 लोगों की सेवा करते हैं। ''इतने वर्षों में हमने डायलिसिस केंद्र में 13 मशीनें स्थापित की हैं। हमारा क्लब एक समर्पित कोष के माध्यम से दोनों केंद्रों पर मरीजों और उनके परिचारकों के लिए नाश्ते को प्रायोजित करता है,'' वह कहती है।

सीएसआर अनुदान की मदद से पिछले रोटरी वर्ष में एक व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया गया था और यह उद्योग से संबंधित कौशलों में पुरुषों एवं महिलाओं को प्रशिक्षित करने के लिए कंप्यूटर, सीएससी मशीनों और सिलाई मशीनों से लैस है। केंद्र युवाओं को कराटे, शतरंज और कैरम में भी प्रशिक्षित करता है।■

*अन्नपूर्णा रथ से परोसा जा रहा भोजन।*

Rotary PEOPLE OF ACTION

# एक स्कूल को मिला नया जीवन

किरण ज़ेहरा

गुजरात के सूरत के पास एक आदिवासी गांव अमलसदी के उत्तरबुनियादी विद्यालय के इंटरेक्टर अपने स्वच्छता अभियान पर काम कर रहे थे, लेकिन हवा ने उनके काम को कठिन बनाने की ठान रखी थी। ''जैसे ही हमने झाड़ू लगाना शुरू किया, पेपर बैग और प्लास्टिक की बोतलें हमारे ठीक सामने उड़ने लगी, जैसे उनके पैर आ गए हो,'' नवस्थापित इंटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष साहिल राठौड़ कहते हैं। ''हम हँसना बंद नहीं कर सके, ऐसा लग रहा था जैसे हवा हमारे साथ खेल खेल रही हो। हम में से एक ने एक प्लास्टिक बैग का भी पीछा किया जो हवा के झोंके के साथ उड़ गया था।''

हवा के बावजूद, साहिल कहते है, ''हम हार नहीं मानना चाहते थे।'' दिन के अंत तक, स्कूल और सड़कें साफ थीं, हालांकि सभी इंटरेक्टर थके हुए और भूखे थे लेकिन उन्हें ''हमारे काम पर गर्व था। हमने अपने मूल क्लब (रोटरी कल्ब सूरत, रो ई मंडल 3060) को दिखाया कि हम उन स्कूल सुविधाओं को साफ और बरकरार रख सकते हैं जिन्हें उन्होंने हमारे लिए पुनर्निर्मित किया था,'' वह आगे कहते है।

*नये कंप्यूटर लैब में एक छात्रा।*

फरवरी 2022 में, स्कूल ने कंप्यूटर के लिए रोटरी कल्ब सूरत से संपर्क किया, और क्लब के सदस्यों से मिलने के बाद, इसे 10 कंप्यूटर मिले। उन्होंने कहा, ''इस यात्रा ने मौजूदा चुनौतियां पर भी प्रकाश डाला। इस आवासीय स्कूल, जिसमें 358 छात्र रहते हैं, जिनमें से कई वंचित परिवारों से आते हैं, में आवश्यक सुविधाओं की कमी थी और यह गंभीर बुनियादी ढांचे की चुनौतियों का सामना कर रहा था। शौचालय अस्त-व्यस्त थे, पीने के पानी की निरंतर पहुंच नहीं थी, और बुनियादी स्वच्छता आदतों की उपेक्षा की जा रही थी,'' परियोजना समन्वयक अजय महाजन कहते हैं।

रोटरी कल्ब एमरी ड्यूड हिल्स, रो ई मंडल 6900, यूएस, के साथ ₹40 लाख के वैश्विक अनुदान के समर्थन से, क्लब ने स्कूल का नवीनीकरण किया। लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग शौचालय खंड, हाथों की धुलाई के स्टेशन, 1,500 लीटर की टंकी और एक पेयजल इकाई भी स्थापित की गई। 115 लड़कों और 90 लड़कियों को आसरा देने वाले हॉस्टल को नवीन प्लंबिंग, नई टाइल्स और नए पेंट के साथ नया रूप दिया गया।

कंप्यूटर लैब का विस्तार किया गया और अधिक छात्रों तक प्रौद्योगिकी पहुंच प्रदान करने के लिए उसे फर्नीचर और बुनियादी ढांचे से लैस किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल गिरिधर टंडेल कहते हैं, ''जब स्कूल को बाद में अतिरिक्त कंप्यूटरों के लिए सरकारी धन प्राप्त हुआ, तो उस राशि को शिक्षकों के लिए टॉयलेट बनाने और प्रयोगशाला की जगह का विस्तार करने के लिए पुनर्निर्देशित किया गया।''

*छात्र हाथ धोने की तकनीक सीखते हुए।*

*रोटरी क्लब सूरत द्वारा स्कूल में स्थापित नया हैंडवाश स्टेशन।*

क्लब के सदस्यों ने परियोजना में अपनी पेशेवर विशेषज्ञता का भी इस्तेमाल किया। वास्तुकार उमंग दलाल ने योजना और कार्य चित्रों को संभाला, संरचनात्मक डिजाइन जवारेह वाडिया द्वारा किया गया, और परियोजना पर्यवेक्षण कमल गांधी द्वारा किया गया। ''तीनों ने अपना समय और कौशल का योगदान दिया, जिससे परियोजना की महत्वपूर्ण लागत बची। उनकी विशेषज्ञता ने न केवल इस परियोजना को साकार किया, बल्कि हमें संसाधनों को अतिरिक्त सुधारों में लगाने में भी मदद की,'' महाजन कहते है। हाल ही में, उन्होंने क्लब के दो अन्य सदस्यों - डॉ विरल चोकसी और श्वेता जाजू के साथ छात्रों के लिए स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यशालाएं आयोजित कीं।

परियोजना की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए, सितंबर 2024 में स्कूल में एक इंटरेक्ट क्लब स्थापित किया गया। इंटरेक्टर अपने नेतृत्व और टीमवर्क कौशलों को विकसित करते हुए व्यवस्थाओं को बरकरार रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। वह कहते हैं, ''वे स्वच्छता आदतों की मेहनत से निगरानी करते है, यह सुनिश्चित करते हैं कि छात्र भोजन से पहले और शौचालय का उपयोग करने के बाद साबुन से हाथ धोएं, और शौचालय और स्कूल परिसर को साफ रखने की जिम्मेदारी उठाते हैं, जिससे जवाबदेही और स्वच्छता की संस्कृति को बढ़ावा मिलता हैं।'' ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

# इस मुंबई क्लब की सर्वोच्च प्राथमिकता - किसान

**वी मुत्तुकुमारन**

हरित प्रौद्योगिकी पर किसानों को प्रशिक्षित करने की एक नई पहल में रोटरी क्लब बॉम्बे क्वीन सिटी, रो ई मंडल 3141 ने आठ अन्य क्लबों के साथ पूरे महाराष्ट्र के लगभग 100 किसानों के लिए दो दिवसीय *प्रोजेक्ट ग्रीन गोल्ड* का आयोजन किया जिसके दौरान उन्हें अवशिष्ट मुक्त खेती, प्रकृति संरक्षण, मुर्गी पालन, बकरी पालन, ग्राफ्टिंग पर प्रशिक्षित किया गया और कृषि उद्योग में मौजूदा रुझानों से अवगत कराया गया। अंतिम दिन उन्होंने किसानों के उत्थान के लिए बारामती के एक कृषि विज्ञान केंद्र का दौरा किया और वहाँ उन्हें कृषि की नवीनतम तकनीकों से अवगत कराया।

रो ई मंडल 3142, 3131, 3030, 3060, 3170 और 3132 के रोटरी क्लबों ने किसानों के कौशल उन्नयन के लिए अपना संसाधन और समर्थन प्रदान किया जबकि परियोजना साझेदार जाइडेक्स एग्रो के संसाधन व्यक्तियों ने प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए। क्लब के सदस्य संदीप बाजोरिया, रविंद्र पटोदिया और दिनेश शर्मा इस किसान

*महानिदेशक चेतन देसाई (बाएं से तीसरे) और उनके बाईं ओर रोटरी क्लब बॉम्बे क्वीन सिटी के अध्यक्ष अजय अग्रवाल, रोटेरियन के साथ मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को कपड़े के बैग वितरित करते हुए।*

कार्यशाला के मुख्य प्रायोजक थे जबकि क्लब के अंतर्राष्ट्रीय सेवा निदेशक राल्फी झिराड ने इस बैठक के लिए रसद का प्रबंधन किया।

एक अन्य कार्यक्रम में रो ई निदेशक राजू सुब्रमण्यन ने पालघर के विरार पूर्व के गणेशपुरी में प्रसिद्ध डायग्नोस्टिक और स्वास्थ्य केंद्र प्रसाद चिकित्सा में क्लब द्वारा एक वैश्विक अनुदान के माध्यम से स्थापित एचपीवी-डीएनए परीक्षण उपकरण (₹30 लाख) का उद्घाटन किया। साथी क्लब, रोटरी क्लब ओकलैंड, यूएस के रोटेरियन क्लिनिक में मौजूद थे। इसी तरह की एक परियोजना

*रो ई निदेशक टी एन सुब्रमण्यन मुंबई के पास पालघर में एक डायग्नोस्टिक सेंटर में स्थापित एचपीवी-डीएनए पीसीआर परीक्षण उपकरण की जाँच करते हुए।*

में क्लब ने श्री सत्य साई संजीवनी अस्पताल, नवी मुंबई को उसी अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ एक अन्य वैश्विक अनुदान के माध्यम से एक अल्ट्रासोनोग्राफी डिवाइस (₹34 लाख) दान की। डीजी चेतन देसाई ने क्लब के अध्यक्ष अजय अग्रवाल और उनकी टीम की वंचित रोगियों तक पहुँचने हेतु चिकित्सा परियोजनाओं को शुरू करने के लिए प्रशंसा की।

रोटरी क्लब बॉम्बे क्वीन सिटी के नेतृत्व में रो ई मंडल 3141 के क्लबों द्वारा चलाए गए स्वच्छ अभियान के तहत मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को थूक के पाउच और कपड़े के थैले वितरित किए गए। गांधी जयंती (2 अक्टूबर) के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रमों की एक श्रृंखला में इंटरनेशनल फेलोशिप ऑफ रोटेरियन म्यूजिशियन्स द्वारा कोरस गायन और रोटरेक्ट क्लब के सी कॉलेज के सदस्यों द्वारा एक नाटक शामिल था। जहाँ डीजी देसाई ने स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व पर बात की वहीं पीडीजी राजेंद्र अग्रवाल और पूर्व अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल ने जनता से अपने आसपास के वातावरण को कूड़ा-मुक्त रखने की अपील की ताकि एक स्वस्थ जीवन शैली सुनिश्चित की जा सकें।

**पिछले 20 वर्षों से आयोजित किए जा रहे इस इंटर-स्कूल क्विज़ ने मुंबई के स्कूलों में छात्रों के बीच विज्ञान प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए अपनी खुद की एक ब्रांड पहचान बना ली है।**

क्लब ने कक्षा 10वीं, 12वीं बोर्ड, बीए और बीकॉम परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 125 दृष्टिबाधित छात्रों को सम्मानित किया। दक्षिण मुंबई के मरीन लाइंस में ब्लाइंड वेलफेयर एसोसिएशन के साथ संयुक्त रूप से आयोजित एक रंगारंग कार्यक्रम के दौरान अजय अग्रवाल और डीजी देसाई ने लाभार्थियों को सफेद बेंत, ब्रेल किताबें, पेन ड्राइव और ₹2 लाख के नकद पुरस्कार वितरित किए।

*कृषि कार्यशाला में पालघर से आए किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल रोटेरियन के साथ।*

इस कार्यक्रम को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा भी प्रायोजित किया गया।

रोटरी क्लब बॉम्बे पियर के साथ एक संयुक्त परियोजना के अंतर्गत मुंबई के 190 स्कूलों के 750 छात्रों के लिए वर्ली के नेहरू विज्ञान केंद्र में वार्षिक अंतर-स्कूल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जनवरी 2025 में ग्रैंड फिनाले के समाप्त होने से पहले यह प्रतियोगिता तीन महीने तक चलेगी। पिछले 20 वर्षों से आयोजित किए जा रहे इस इंटर-स्कूल क्विज ने मुंबई के स्कूलों में छात्रों के बीच विज्ञान प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए अपनी खुद की एक ब्रांड पहचान बना ली है।

रोटेरियन विनोद भीमराजका और उनके परिवार के सहयोग से 350 जरूरतमंद परिवारों को किराने के सामान के थैले वितरित किए गए। कफे परेड में *प्रोजेक्ट अन्नपूर्णा* के अंतर्गत 150 दिव्यांगों को नाश्ता परोसा गया। इस परियोजना की लागत ₹1.5 लाख है। इसी तरह की एक पहल में क्लब के सदस्य अनिल चोखानी, अमला रुइया और अनूप गुप्ता ने शहर के विभिन्न अस्पतालों में कैंसर रोगियों और उनके रिश्तेदारों के लिए भोजन का प्रबंध किया।

मुंबई के दादर में आयोजित एक रक्तदान शिविर में लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया। रोटेरियनों ने रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को अपनी जीवनशैली में बदलाव के साथ एनीमिया और थैलेसीमिया को रोकने के तरीकों के बारे में जागरूक किया, जिसे उन्होंने सराहा और वे रक्तदान के लिए आगे आए। यह रक्तदान शिविर अन्य क्लबों, रोटारेकटरों और इनर व्हील क्लबों के साथ मिलकर संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था।■

*रोटेरियन और डीजी देसाई (बाएं से दूसरे), प्रोजेक्ट गिफ्ट ऑफ लाइफ के एक लाभार्थी बच्चे के साथ।*

"Must see these shows
once in a life time"
GUINNESS WORLD RECORDS
LIMCA BOOK of RECORDS
"Our shows are the perfect fit for all your events
Entertaining, Motivating, and Empowering, leaving
a lasting impact on every audience."
"Miracle on Wheels is the first and only organization
in the world to feature professional performances
on wheelchairs by differently-abled artists."
"Book our show today : 9811340308, 9597167987
Watch our Videos on YouTube 'Miracle On Wheels'

ADVT.

# आपके गवर्नर्स से मिलिए

किरण ज़ेहरा

**प्रशांत राज शर्मा**
एडवोकेट
रोटरी क्लब गाज़ियाबाद ग्रेटर
रो ई मंडल 3012

## सदस्यता के मायने

सदस्यता चुनौतियों का विश्लेषण करते हुए प्रशांत राज शर्मा ने कहा कि नए सदस्यों के लिए पहले दो साल महत्वपूर्ण होते है ताकि वे घर जैसा महसूस कर सकें और क्लब में एकीकृत हो सकें। जब क्लब एक स्वस्थ और स्वागतपूर्ण वातावरण को बढ़ावा देते हैं तो सदस्य सहज और समर्थित महसूस करते हैं जो उन्हें दूसरों को क्लब में शामिल करने हेतु प्रेरित करता है, वह कहते हैं।

उनके मंडल ने हाल ही में एक भव्य दिवाली समारोह का आयोजन किया जिसमें 3,000 लोग शामिल हुए, जिनमें 150-200 संभावित रोटेरियन भी थे, जिन्हें सदस्यता के लिए संपर्क किया जाएगा। विभिन्न व्यावसायिक पृष्ठभूमि का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं मंडल की सदस्यता की 30 प्रतिशत हिस्सेदार हैं। 600,000 डॉलर का टीआरएफ लक्ष्य उनके कार्यकाल के पांच महीने के भीतर पूरा हो गया था और 700,000 डॉलर की कैथ लैब सीएसआर परियोजना चल रही है।

इस वर्ष यह मंडल आठ सीएसआर परियोजनाओं और दो वैश्विक अनुदानों को लागू कर रहा है जिसमें एक एआई-संचालित आंगनवाड़ी, *रोटरी विराज आंगनवाड़ी* और जरूरतमंद लोगों को कृत्रिम अंग प्रदान करने वाली *रोटरी आत्मनिर्भर* परियोजना शामिल है।

शर्मा 2011 में रोटरी में शामिल हुए।

**साधु गोपालकृष्णन**
चार्टर्ड अकाउंटेंट
रोटरी क्लब प्रोद्दातुर
रो ई मंडल 3160

**एन सुंदरावडिवेलु**
एडवोकेट
रोटरी क्लब कोयम्बटूर
रो ई मंडल 3201

**राखी गुप्ता**
शिक्षाविद
रोटरी क्लब जयपुर मरुगंधा
रो ई मंडल 3056

## विकास पर ध्यान

साधु गोपालकृष्णन का मानना है कि सब्सिडी वाली सदस्यता दरों से ग्रामीण क्षेत्रों और मंडल के विशेष महिला क्लबों में सदस्यता को बनाए रखने और सदस्यता वृद्धि में मदद मिलेगी। उनका लक्ष्य 2023-24 में 700 सदस्यों की नकारात्मक वृद्धि को पुनः प्राप्त करते हुए अपने मंडल की सदस्य संख्या को बढ़ाते हुए कुल सदस्यता को 3,160 तक लाना है।

वह सदस्यता वृद्धि को संबोधित करने के लिए आरआईडीई एम मुरुगानंदम और आरआईडीई केपी नागेश द्वारा सुझाए गए 1:2:3 के सिद्धांत (प्रत्येक रोटेरियन को शामिल करने के लिए हमें 2 रोटारेक्टरों और 3 इंटरेक्टरों को शामिल करना सुनिश्चित करना चाहिए) से सहमत है। ''यह संभव है और इससे युवा आकर्षित होंगे,'' डीजी कहते है।

गोपालकृष्णन का लक्ष्य टीआरएफ के लिए 316,000 डॉलर जुटाना है जबकि मंडल का लक्ष्य 275,000 डॉलर का है। उनका मंडल प्रत्येक क्लब के लिए एक स्थायी परियोजना शुरू करने और कॉर्पो रेट्स से सीएसआर निधीयन प्राप्त करने की दिशा में भी काम कर रहा है।

1995 में रोटरी में शामिल होने के बाद गोपालकृष्णन ने 2012-13 में ओहियो में एक ग्रुप स्टडी एक्सचेंज टीम का नेतृत्व किया जहाँ उन्होंने रोटरी की अंतर्राष्ट्रीयता देखी, ''एक ऐसा पहलू जिसे मैं गहराई से पसंद करता हूँ।''

## समावेशिता को आगे बढ़ाना

विविधता, समानता और समावेशन (डीईआई) पर एन सुंदरावडिवेलु को अपने मंडल की महिला सदस्यता पर गर्व है। ''क्लब लिंग संतुलन बनाए रखने के लिए प्रयास कर रहे हैं और मैंने सिफारिश की है कि हमारे रोटेरियनों में एक तिहाई महिलाएं होनी चाहिए,'' वह कहते हैं। रोटरी क्लब कोयंबटूर आकृति में दो ट्रांसजेंडर सदस्यों को शामिल किया गया है। वह बताते है कि ''यह समावेशिता एक नियमित प्रक्रिया है क्योंकि ट्रांसजेंडर सदस्यों को रोटरी और इसके अवसरों से परिचित होने के लिए समय की आवश्यकता होती है वहीं क्लब एक स्वागतपूर्ण वातावरण तैयार कर रहे हैं।''

नए सदस्यों के लिए व्यापक अभिविन्यास कार्यक्रम और मार्गदर्शन के माध्यम से एक सहायक वातावरण सभी सदस्यों के बीच अपनेपन की भावना उत्पन्न करेगा और उन्हें सक्रिय रूप से योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करेगा, वह कहते हैं।

इस वर्ष मंडल की प्रमुख परियोजनाओं में नीलगिरी में 100 टोडा आदिवासी परिवारों को घर प्रदान करना, कोयंबटूर की कुर्दी पहाड़ियों से 50 किमी दूर बहने वाली कौशिक नदी का कायाकल्प करना और छात्रों के बीच साइबर हमले और साइबर अपराधों को लेकर जागरूकता बढ़ाना शामिल है।

वह 1995 में रोटरी में शामिल हुए।

## AMAR रणनीति

रो ई मंडल 3056 की पहली महिला मंडल गवर्नर राखी गुप्ता, 'AMAR' रणनीति (ऐड (जोड़ें), मल्टीप्लाय (गुणा करें), अडैप्ट (अनुकूलित करें) और रीटैन (बनाए रखें)) के साथ सदस्यता वृद्धि का नेतृत्व कर रही हैं। विविधता और प्रतिधारण पर केंद्रित उनका लक्ष्य ''एक समावेशी स्थान बनाता है जो सदस्यों को रोटरी के लिए नए दृष्टिकोण के साथ आकर्षित करता है।''

मंडल की सदस्यता में महिलाएं 25 प्रतिशत हैं, व्यस्त पेशेवरों और युवा परिवर्तकाओं को आकर्षित करने के लिए राखी एक रोटरी पासपोर्ट क्लब शुरू कर रही है। ''यह लचीला मॉडल आभासी जुड़ाव, विविध सदस्यता और सेवा-संचालित परियोजनाओं को प्राथमिकता देता है जिससे रोटरी अधिक सुलभ हो जाती है,'' वह बताती हैं।

इस वर्ष उनकी प्रमुख पहलों में वंचित समुदायों में कैंसर की जांच, 5,000 प्रतिज्ञाओं को लक्षित करने वाला अंग दान प्रतिज्ञा अभियान और स्कूली छात्रों के लिए सर्विकल कैंसर जागरूकता सत्र शामिल हैं।

फ्लोरिडा, यूएसए की जीएसई यात्रा में भाग लेने के बाद उनकी रोटरी यात्रा 1997 में शुरू हुई।

*एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा*

# परिवर्तन की शक्ति

## एक DEI चैंपियन

पूर्व रो ई अध्यक्ष, के आर रविंद्रन, जो श्रीलंका के प्रमुख व्यवसायी और प्रिंटकैयर के सह-संस्थापक हैं, जिसे श्रीलंका, भारत और अफ्रीका में निर्माण संयंत्रों के साथ एक विविधतापूर्ण प्रिंटिंग और पैकेजिंग कंपनी के रूप में जाना जाता है, को WIM (वीमेन इन मैनेजमेंट) और IFC (विश्व बैंक की सहायक कंपनी) द्वारा 'टॉप 10 चैंपियंस ऑफ डाइवर्सिटी' में से एक के रूप में मान्यता दी गई। यह सम्मान उन्हें केवल रोटरी में ही नहीं, बल्कि अपनी कंपनी में भी DEI (डाइवर्सिटी, इक्विटी और इन्क्लूजन) को बढ़ावा देने के लिए दिया गया।

रविंद्रन को यह सम्मान उनकी कंपनी की मजबूत DEI पोजिशनिंग के लिए दिया गया, जिसमें कई श्रमिक-हितैषी योजनाएँ शामिल हैं, जैसे शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों को रोजगार देना, पुनर्वासित मादक द्रव्य आदतियों को काम पर लगाना, और अपने संयंत्रों के आसपास के स्थानीय स्कूलों, मंदिरों और समुदायों का समर्थन करना।■

*PRIP के आर रविंद्रन पुरस्कार के साथ।*

*डीजीएन रविशंकर डकोजू (दाएं) कर्नाटक रत्न पुरस्कार के साथ।*

## उत्कृष्ट परोपकारी

रो ई मंडल 3192 के डीजीएन रविशंकर डकोजू, जो रोटरी क्लब बेंगलोर के सदस्य और रोटरी फाउंडेशन के विशिष्ट दाता हैं, को प्रतिष्ठित कर्नाटक रत्न अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है।

यह पुरस्कार परिवर्तन प्रभा, एक प्रसिद्ध कन्नड़ दैनिक समाचार पत्र द्वारा प्रदान किया गया।

यह पुरस्कार उन्हें उनकी ''अटल प्रतिबद्धता और समाज में सार्थक और टिकाऊ परिवर्तन लाने के उद्देश्य से प्रेरित प्रयासों के लिए दिया गया। प्रशस्ति पत्र में कहा गया, उनके परिवर्तनकारी प्रयासों ने शिक्षा, सामुदायिक विकास, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर गहरा प्रभाव डाला है।''■

## ग्रामीण महिलाओं के लिए वाटरव्हील

रोटरी क्लब विशाखापट्टनम, रो ई मंडल 3020 ने आंध्र प्रदेश के अनकापल्ले और अल्लूरी सीतारामाराजू जिलों के अलमियापलेम, कोंडासंथा और डाउनरु के आदिवासी गांवों की महिलाओं को 200 वाटरव्हील वितरित किए। पहले ये महिलाएं रोजाना 2-3 किमी की दूरी तय करते हुए अपने सिर पर पानी ढोती थीं। एसएनएफ इंडिया द्वारा प्रायोजित और पूर्व अध्यक्ष मधु बुर्रा द्वारा समन्वित इस पहल ने पिछले साल के 100 वाटरव्हील्स के वितरण को दोगुना कर दिया जिससे लाभार्थियों को बहुत राहत मिली।■

*रोटेरियन आदिवासी महिलाओं को वाटरव्हील वितरित करते हुए।*

*एक खाद गड्ढे के पास छात्रों के साथ रोटरी क्लब पूना नॉर्थ के सदस्य।*

## पुणे के स्कूलों में खाद के गड्ढे

रोटरी क्लब पूना नॉर्थ, रो ई मंडल 3131 एक शून्य-अपशिष्ट मॉडल तैयार करने और कार्बन फुटप्रिन्ट्स को कम करने के लिए पुणे भर के स्कूलों और संस्थानों में खाद गड्ढे स्थापित कर रहा है। अब तक, 10,000 छात्र लाभान्वित हो चुके है और क्लब का लक्ष्य 25,000 लाभार्थियों तक पहुंचने का है जो स्थिरता, स्वास्थ्य और सामुदायिक जिम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहे हैं। क्लब के सदस्य मोहन पुजारी ने सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए तीन साल की रखरखाव योजना पर प्रकाश डाला। अपशिष्ट पृथक्करण और खाद निर्माण पर आयोजित जागरूकता सत्र एवं प्रशिक्षण, छात्रों के बीच पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बढ़ावा देते हैं। ■

# रो ई की शून्य-आधारित बजट के लिए प्रतिबद्धता

**वी मुत्तुकुमारन**

कोच्चि इंस्टीट्यूट में रोटरी के पांच साल के वित्तीय पूर्वानुमान को पेश करते हुए रो ई कोषाध्यक्ष और निदेशक रोंडा बेथ स्टब्स ने बताया कि वित्त वर्ष 2026 (2025-26) तक हमारा राजस्व हमारे खर्चों से अधिक रहेगा और वित्त वर्ष 2027 से हमारे खर्चे हमारे राजस्व से अधिक हो जाएंगे जिसकी शुरुआत 4 मिलियन डॉलर के घाटे के बजट के साथ होगी। हम वित्त वर्ष 2025, '26 में एक संतुलित बजट की उम्मीद कर रहे है और वित्त वर्ष 2027 से लेकर 2029 तक घाटे का अनुमान हैं।

रोटेरियनों का सदस्यता शुल्क, 78.5 डॉलर प्रति रोटेरियन है को वित्त वर्ष '27 से बढ़ाने का निर्णय 2025 की विधान परिषद में लिया जाएगा। रो ई के उपनियमों के अनुसार हर साल एक संतुलित बजट आवश्यक है और हमारी वित्त समिति के कर्मचारी एक शून्य-आधारित बजट तैयार करते हैं जो हमारी रणनीतिक पहलों के अनुरूप होता है और खर्चों को हमारे राजस्व के बराबर होना चाहिए, रोंडा कहती हैं। वित्त वर्ष '25 में 135 मिलियन डॉलर के अनुमानित राजस्व में से सदस्यता शुल्क 92 मिलियन डॉलर (68 प्रतिशत) का योगदान करता है, सेवा और अन्य गतिविधियाँ, उदाहरण के लिए रो ई सम्मेलन और विधान परिषद आयोजित करने के लिए संबंधित खर्चों सहित 39 मिलियन डॉलर (29 प्रतिशत) और 4 मिलियन डॉलर (3 प्रतिशत) के साथ निवेश आय का योगदान होता हैं। रो ई नेता और कर्मचारी राजस्व बढ़ाने, खर्च कम करने और हमारे सदस्यों में निवेश करने के तरीकों की तलाश करते हैं, रोंडा के साथ एक वीडियो प्रस्तुति के दौरान रोटरी की सीएफओ जूली बर्क कहती हैं।

रो ई शुल्क का लगभग 60 प्रतिशत सदस्यता समर्थन पहलों और कार्यक्रमों (59 प्रतिशत) में निवेश किया जाता है, इसके बाद प्रशासनिक लागत और अनुपालन दायित्वों (22 प्रतिशत) जैसे तकनीकी प्लेटफार्मों, लेखांकन और कानूनी सहायता के लिए खर्च किया जाता है, अंत में 19 प्रतिशत शुल्क सार्वजनिक छवि को बेहतर बनाने में खर्च किया जाता है जैसे ब्रांड सेंटर का नवीकरण जो रोटेरियनों को अपने समुदायों में रोटरी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संसाधन प्रदान करता है।

वी मुत्तुकुमारन

*रो ई निदेशक अनिरुद्धा रॉयचौधरी और कोच्चि संस्थान के सह-संयोजक माधव चंद्रन रो ई कोषाध्यक्ष रोंडा बेथ स्टब्स को सम्मानित करते हुए।*

## पूर्वानुमान

यह चलन संकेत देता है कि अगले पांच साल की अवधि में रोटरी में सदस्यता कम हो सकती है, हम सदस्यता वृद्धि पर ध्यान केंद्रित कर रहे है, न केवल नए सदस्यों का स्वागत करने के दृष्टिकोण से बल्कि मौजूदा सदस्यों को बनाए रखने के दृष्टिकोण से भी, रोंडा कहती हैं। एक सामान्य वर्ष में जहाँ हम अपने क्लबों में लगभग 150,000 नए सदस्यों का स्वागत करते हैं वहीं हम हर साल एक समान संख्या खो भी देते हैं। बढ़ी हुई संख्या के साथ रो ई समुदायों की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा करने में सक्षम होती है और हमारे मूल्यवान सदस्यों के जीवन को भी समृद्ध बनाती है।

हालांकि हाल ही में मुद्रास्फीति की दर में कमी आई है, ''पिछले कुछ वर्षों में उच्च मुद्रास्फीति दर ने खर्चों में वृद्धि की है। इसके परिणामस्वरूप लागत कम करने और संतुलित बजट विकसित करने के लिए कुछ कठिन निर्णय लिए गए,'' जूली कहती है। अब चुनौती अगले दो वर्षों (वित्त वर्ष म29 तक) में वित्त वर्ष 2027 के बजट को संतुलित करने की है।

रोटरी की वित्तीय स्थिति मजबूत है और हमारे वित्तीय संसाधनों का अच्छा प्रबंधन सुनिश्चित किया जाता है जो हमें आपके क्लबों और समुदायों की सेवा करने के लिए संसाधनों, उपकरणों के साथ सदस्यों का समर्थन करने में सक्षम बनाता है, वह आगे कहती हैं।

*अगले अंक में इंस्टिट्यूट का और विस्तृत कवरेज मिलेगा।*

# कैलगरी की अविस्मरणीय शाम

*नैशविले नॉर्थ टेंट कॉन्सर्ट।*

अपनी टोपी पहनकर तैयार हो जाइए। कनाडा में आपके रोटरी मित्र उल्लेखनीय सम्मेलन कार्यक्रमों में आपका स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं, जिसमें उनके घरों में रात्रिभोज, एक देशी संगीत जंबोरी और कैलगरी में पश्चिमी संस्कृति का जश्न मनाने के लिए बूट-स्टॉम्पिन समारोह शामिल हैं।

हम एक छोटे शहर की बड़ी जगह हैं और इसलिए हमारे पास जो आतिथ्य है, टिकट वाले कार्यक्रम, अनुभव - वे शानदार होंगे, रोटरी इंटरनेशनल कन्वेंशन 21-25 जून के लिए मेजबान संगठन समिति के सह-अध्यक्ष, मार्क स्टोरेट कहते हैं। *rotarycalgary2025.org* पर टिकट खरीदें।

- **ग्रैंडस्टैंड स्पेक्टैक्युलर,** 21 जून: शोमैनशिप की इस रात में स्वदेशी हूप नृत्य, पैर झूमा देने वाला संगीत और घुड़सवारी रिले दौड़ शामिल हैं।
- **रॉकिन द बिग टेंट,** 22 जून: कन्ट्री संगीत के प्रशंसक और जो लोग कैलगरी के पश्चिमी आकर्षण का अनुभव लेना चाहते हैं, वे होंकी-टोंक बीट्स और ट्वैंगी गिटार का आनंद लें सकेंगे। नैशविले नॉर्थ टेंट में आयोजित होने वाले इस कॉन्सर्ट को रोटरी रॉक्स द रोडहाउस के नाम से प्रचारित किया जा रहा है।
- **न्यू ब्लड विद द कैलगरी सिविक सिम्फनी,** 22 जून: इस डांस शो में पीटर गेब्रियल का संगीत प्रस्तुत किया जाएगा और एक ऐसे व्यक्ति की कहानी के माध्यम से ब्लैकफुट परंपराओं का अन्वेषण किया जाएगा जिसने स्वदेशी बच्चों के लिए एक सरकारी आवासीय स्कूल में नई शुरुआत की।
- **होस्ट हास्पिटैलिटी ईवनिंग,** 23 जून: इस सम्मेलन के पसंदीदा कार्यक्रम में सदस्य रोटरी आगंतुकों को अपने डिनर टेबल, रेस्तरां या अन्य स्थानों पर खाना खाने और मिलकर समय बिताने के लिए आमंत्रित करते हैं।
- **वेस्टर्न रैंच शोकेस,** 24 जून: जब आप सबसे जंगली, अड़ियल, बेकाबू घोड़ों पर ब्रोंक सवारी देखेंगे तो आप महसूस करेंगे कि उत्तेजना से आपकी सांसें थम गई है। आयोजकों की सलाह है, अपनी टोपी को नीचे खींचकर कसकर पकड़े।

***अधिक जानें और***
**convention.rotary.org**
***पर रजिस्टर करें।***

Rotary Institute KOCHI 2024

# नेक्स्ट जोन इंस्टीट्यूट... दिल्ली

रशीद भगत

*दिल्ली इंस्टीट्यूट के संयोजक रो ई निदेशक के पी नागेश और सचिव पीडीजी मंजू फड़के कोच्चि इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम का प्रचार करते हुए।*

कोच्चि जोन इंस्टीट्यूट में आगामी इंस्टिट्यूट के संयोजक के रूप में आरआईडीई के पी नागेश ने प्रतिनिधियों को दिल्ली आमंत्रित किया, जहाँ यह कार्यक्रम 14-16 नवंबर, 2025 को दिल्ली-गुड़गांव सीमा पर द्वारका में दिल्ली हवाई अड्डे से 10 किमी दूर स्थित यशोभूमि इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। रो ई मंडल 3012 के पीडीजी शरत जैन इस इंस्टिट्यूट की अध्यक्षता करेंगे और पीडीजी मंजू फड़के (रो ई मंडल 3131) इसकी सचिव होंगी।

आगामी मंडल नेताओं के लिए सहायक सेमिनार 11-13 नवंबर, 2025 के दौरान दिल्ली छावनी स्थित मानेकशॉ सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। चाणक्यपुरी में ताज पैलेस, एयरोसिटी में पुलमैन, नोवोटेल और हॉलिडे इन आधिकारिक होटलें हैं।

जैन ने कहा, हमारे पास कोच्चि इंस्टीट्यूट में ही 1,000 पंजीकरण थे।

अधिक जानकारी के लिए www.*rotaryinstitute2025.com* पर जाएं ■

# चिकित्सा देखभाल और साक्षरता पर है रो ई मंडल 3261 का ध्यान

**वी मुत्तुकुमारन**

चिकित्सा देखभाल परियोजनाओं और वयस्क साक्षरता पहल ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में रो ई मंडल 3261 के डीजी अखिल मिश्रा की नियुक्ति पर सुर्खियां बटोरीं। इस दौरान राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने जस्टिस तन्खा मेमोरियल रोटरी इंस्टीट्यूट फॉर स्पेशल चिल्ड्रन में दिव्यांग बच्चों के लिए अत्याधुनिक बस; जबलपुर, नैनपुर और गाडरवाड़ा के सरकारी अस्पतालों के लिए चार डायलिसिस मशीनें, एक सोनोग्राफी डिवाइस और ब्लड बैंक फ्रीजर प्रायोजित किये, जिनकी कीमत ₹75-80 लाख है।

नियुक्ति कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीआरआईपी शेखर मेहता ने गवर्नमेंट पॉलीक्लिनिक, कोतवाली, के लिए दो डायलिसिस मशीनें दान की। डीजी मिश्रा कहते हैं, अस्पतालों में प्रस्तावित डायलिसिस इकाइयों के लिए आवश्यक सुविधाओं को स्थापित करने के लिए मंडल के रोटेरियनों ने लगभग ₹45-50 लाख जुटाए। वरिष्ठ रोटेरियन डॉ राजेश धीरवानी द्वारा संचालित जबलपुर अस्पताल में बच्चों की मुफ्त दिल की सर्जरी करने हेतु मंडल के लिए एक विशाल मंजिल आवंटित की गई थी। धीरवानी जहां सुविधाएं स्थापित करेंगे, वहीं रोटरी क्लब बाल चिकित्सा केंद्र के आवर्ती खर्चों का ध्यान रखेंगे।

जबलपुर से 34 किलोमीटर दूर कुंदम गांव में एक गैर-रोटेरियन सीमा सिंह के सहयोग से रोटरी ऑटिज्म रिहैब सेंटर बनाया जाएगा। मिश्रा बताते हैं कि केंद्र जो 6-7 वर्षों में चालू होगा, 16 एकड़ में फैला होगा, जिसमें रोगियों के साथ-साथ उनकी देखभाल करने वालों के आवास के लिए लगभग 200 विला होंगे।

पीआरआईपी मेहता और जबलपुर के महापौर जगत बहादुर अन्नू ने नगर निगम के साथ संयुक्त रूप से किए जा रहे वयस्क साक्षरता कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रत्येक बच्चा एक वयस्क को साक्षर बनाएगा और बच्चे को इस नेक काम के लिए शैक्षणिक लाभ मिलेगा। रॉयल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एमएम इंटरनेशनल स्कूल और सरकारी मिडिल स्कूल रामपुर, छापर, के बच्चों को वयस्क शिक्षा किट प्रदान की गई, जबकि मध्यप्रदेश सरकार की मदद से 500 से अधिक स्कूलों के लिए एक नए वयस्क साक्षरता कार्यक्रम का अनावरण किया गया।

डीजी मिश्रा दिसंबर में जबलपुर में रोटरी कौशल विकास केंद्र (CSR अनुदान: ₹94 लाख) का उद्घाटन करेंगे। ''यह लाभार्थियों को एक अच्छी आय अर्जित करने में सक्षम बनाने के लिए सभी प्रमुख व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।''■

*दाएं से: डायलिसिस मशीन परियोजना के शुभारंभ पर जबलपुर के मेयर जगत बहादुर अन्नू, पीडीजी विवेक तन्खा, पीआरआईपी शेखर मेहता, डीजी अखिल मिश्रा, आईपीडीजी मंजीत सिंह अरोड़ा, जबलपुर सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा और डॉ संजय छत्तानी।*

# दमन में रोटरी सूचना केंद्र

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी सूचना केंद्र, जो रोटरी क्लब दमन, रो ई मंडल 3060 द्वारा स्थापित किया गया है, एक संसाधन केंद्र है जो जनता को रोटरी के मिशन, गतिविधियों और सामुदायिक प्रभाव के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह केंद्र दमन के एक व्यस्त बाज़ार क्षेत्र में स्थित है। आने वाले दिनों में, यह क्लब की विभिन्न पहलों जैसे मुफ्त कानूनी सलाह, सरकारी योजनाओं पर जागरूकता सेमिनार और स्वास्थ्य शिविरों का स्थल बनेगा, जैसा कि क्लब के अध्यक्ष विष्वजीत बोरेटे ने बताया। केंद्र का उद्घाटन ऊऋतुषार शाह ने किया, साथ ही दमन नगर पालिका परिषद के मुख्य अधिकारी सज्नाम सिंह और इसके अध्यक्ष आस्पी दामनिया भी उपस्थित थे।■

# बाइक टैक्सी चालकों के लिए छाव

गोवा संभवतः भारत का पहला राज्य है जिसने मोटरसाइकिलों को वाणिज्यिक वाहनों के रूप में वैध किया है और रैपिडो और उबर जैसे सेवा प्रदाताओं ने हाल ही में बाइक टैक्सियों को परिवहन के व्यावहारिक तरीके के रूप में पेश किया है।

इससे पहले, गोवा में 'पायलट' कहे जाने वाले बाइक टैक्सी सवारों को अपने पीछे बैठने वाले यात्री का इंतज़ार करते हुए चिलचिलाती धूप में खड़े रहना पड़ता था, या कभी-कभी मानसून की बारिश में भीगना पड़ता था। लेकिन अब, रोटरी क्लब पणजी रिवेरा, रो ई मंडल 3170, की वजह से, गोवा के मोटरसाइकिल पायलट एसोसिएशन के साथ पंजीकृत पायलटों के लिए पणजी में केटीसीएल परिसर के सामने मोटरसाइकिल टैक्सियों के लिए एक समर्पित शेड बनाया गया है। टैक्सी स्टैंड का उद्घाटन अगस्त में परिवहन मंत्री मौविन गोडिन्हो और केटीसीएल के प्रबंध निदेशक डेरिक नेट्टो ने किया था। कार्यक्रम में डीजी शरद पई और क्लब अध्यक्ष तन्वी आत्रेय सावंत के नेतृत्व में क्लब के सदस्य मौजूद थे।■

रो ई मंडल 2982

**रोटरी क्लब सलेम फीनिक्स**

एक सांस्कृतिक उत्सव में सरकारी स्कूल के 120 छात्रों ने वाक-पटुता, नृत्य, गायन और ललित कलाओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया। जहाँ विजेताओं को नकद पुरस्कार प्राप्त हुए वहीं सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

Rotary PEOPLE OF ACTION

# मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल 3011

**रोटरी क्लब दिल्ली डिवाइन**

रोटेरियनों और निवासियों ने वसंत कुंज कॉलोनी में 50 पौधे लगाए जो सतत जीवन को बढ़ावा देने और जलवायु परिवर्तन का सामना करने की एक पहल है।

रो ई मंडल 3020

**रोटरी क्लब राजमहेंद्रवरम आइकॉन**

रैपो जिम के सहयोग से 250 प्रतिभागियों के साथ फिटनेस और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए एक 3 किमी मैराथन आयोजित की गई।

रो ई मंडल **3080**

### रोटरी क्लब सोलन रॉयल

बेटी है अनमोल परियोजना के अंतर्गत दुर्गा नवमी पर सोलन क्षेत्रीय अस्पताल में नवजात बेटियों की माताओं को ₹1,100 की लागत वाली बेबी किटें प्रदान की गई।

रो ई मंडल **3000**

### रोटरी क्लब करंबकुडी सिटी

क्लब ने एक सरकारी स्कूल को खेल उपकरण दान किए और छात्रों से पौधारोपण करवाकर उन्हें पौधों का पोषण करना सिखाया।

रो ई मंडल **3100**

### रोटरी क्लब मेरठ प्रभात

बाल दिवस पर श्री राम मंदिर पब्लिक स्कूल को छह पंखे दान किए गए। आगंतुकों द्वारा एक छात्र प्रदर्शनी को बहुत सराहा गया।

रो ई मंडल **3110**

### रोटरी क्लब फिरोज़ाबाद

एक नेत्र शिविर ने दयानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के 350 छात्रों को लाभान्वित किया जिसमें से 70 छात्रों को एक महीने की इस परियोजना के दौरान चश्मे प्रदान किए गए।

# सदस्यता सारांश

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

1 दिसंबर 2024 तक

| रो ई मंडल | रोटरी क्लब | रोटेरियनों की संख्या | महिला रोटेरियन (%) | रोटरेक्ट क्लब | रोटरेक्ट सदस्य | इंटरेक्ट क्लब | आरसीसी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2981 | 140 | 6,046 | 5.62 | 56 | 106 | 34 | 254 |
| 2982 | 94 | 4,118 | 5.93 | 30 | 422 | 96 | 188 |
| 3000 | 148 | 6,314 | 11.59 | 80 | 1,007 | 242 | 218 |
| 3011 | 138 | 5,401 | 30.83 | 71 | 1,600 | 227 | 41 |
| 3012 | 163 | 3,994 | 24.69 | 53 | 655 | 105 | 61 |
| 3020 | 84 | 4,771 | 8.15 | 33 | 467 | 115 | 351 |
| 3030 | 102 | 5,665 | 16.33 | 60 | 882 | 499 | 398 |
| 3040 | 100 | 2,396 | 14.61 | 35 | 727 | 62 | 216 |
| 3053 | 76 | 3,193 | 17.19 | 23 | 338 | 39 | 131 |
| 3055 | 85 | 3,442 | 12.26 | 47 | 680 | 58 | 391 |
| 3056 | 87 | 3,770 | 25.12 | 21 | 182 | 105 | 201 |
| 3060 | 100 | 5,096 | 15.97 | 52 | 1,882 | 78 | 152 |
| 3070 | 117 | 3,101 | 15.38 | 33 | 187 | 69 | 64 |
| 3080 | 111 | 4,452 | 13.54 | 59 | 1,384 | 200 | 127 |
| 3090 | 135 | 2,659 | 6.43 | 21 | 298 | 359 | 174 |
| 3100 | 117 | 2,253 | 10.79 | 15 | 81 | 40 | 151 |
| 3110 | 139 | 3,729 | 11.88 | 19 | 163 | 97 | 114 |
| 3120 | 90 | 3,831 | 15.82 | 41 | 545 | 43 | 58 |
| 3131 | 141 | 5,673 | 35.29 | 122 | 2,291 | 296 | 216 |
| 3132 | 97 | 3,810 | 14.49 | 29 | 353 | 143 | 226 |
| 3141 | 122 | 6,502 | 28.28 | 121 | 2,171 | 203 | 246 |
| 3142 | 115 | 4,098 | 23.13 | 56 | 1,622 | 130 | 99 |
| 3150 | 108 | 4,082 | 12.79 | 82 | 1,158 | 124 | 130 |
| 3160 | 79 | 2,526 | 9.62 | 24 | 62 | 95 | 82 |
| 3170 | 145 | 6,686 | 15.20 | 88 | 1,034 | 187 | 184 |
| 3181 | 88 | 3,763 | 10.82 | 39 | 408 | 108 | 122 |
| 3182 | 85 | 3,723 | 10.82 | 46 | 227 | 113 | 104 |
| 3191 | 96 | 3,457 | 19.29 | 70 | 1,613 | 155 | 36 |
| 3192 | 93 | 3,742 | 22.13 | 60 | 1,384 | 158 | 40 |
| 3201 | 173 | 6,726 | 10.04 | 107 | 1,823 | 107 | 97 |
| 3203 | 97 | 5,148 | 7.32 | 43 | 662 | 149 | 39 |
| 3204 | 81 | 2,658 | 8.13 | 22 | 185 | 17 | 17 |
| 3211 | 163 | 5,280 | 8.84 | 9 | 82 | 31 | 135 |
| 3212 | 123 | 4,729 | 10.49 | 84 | 528 | 209 | 153 |
| 3231 | 95 | 3,769 | 7.32 | 29 | 326 | 74 | 417 |
| 3233 | 87 | 3,168 | 18.31 | 51 | 1,270 | 0 | |
| 3234 | 79 | 3,178 | 24.29 | 59 | 1,316 | 54 | 63 |
| 3240 | 101 | 3,607 | 16.94 | 42 | 774 | 88 | 42 |
| 3250 | 113 | 4,445 | 23.13 | 33 | 463 | 68 | 247 |
| 3261 | 110 | 3,534 | 24.65 | 18 | 108 | 65 | 192 |
| 3262 | 117 | 3,911 | 16.08 | 82 | 764 | 36 | 46 |
| 3291 | 145 | 3,901 | 27.30 | 0 | 0 | 91 | 764 |
| **India Total** | **4,679** | **176,347** | | **2,065** | **32,230** | **5,169** | **6,987** |
| 3220 | 70 | 2,060 | 16.75 | 81 | 3,339 | 137 | 78 |
| 3271 | 114 | 3,901 | 20.62 | 104 | 447 | 651 | 289 |
| 0063 (3272) | 81 | 1,184 | 20.10 | 48 | 309 | 23 | 49 |
| 0064 (3281) | 284 | 5,890 | 18.00 | 192 | 1,014 | 120 | 211 |
| 0065 (3282) | 153 | 3,089 | 9.00 | 167 | 1,137 | 25 | 48 |
| 3292 | 162 | 5,643 | 19.26 | 174 | 5,390 | 123 | 140 |
| **S Asia Total** | **5,543** | **198,114** | **16.26** | **2,831** | **43,866** | **6,248** | **7,802** |

# त्रिची में बना नया इंटरैक्ट क्लब

टीम रोटरी न्यूज़

*हैंडवाश स्टेशन पर छात्राएँ।*

ग्लोबल हैंडवॉश डे (15 अक्टूबर) को तमिलनाडु में त्रिची के पास श्रीरंगम के श्री वागीशा विद्याश्रम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोटरी क्लब जम्बुकेश्वरम, रो ई मंडल 3000 द्वारा एक इंटरेक्ट क्लब गठित किया गया। इस नए क्लब की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष और रोटरी स्टडी सर्कल के मंडल सचिव अब्बास मंत्री द्वारा की गई।

रोटरी क्लब BHEL सिटी तिरुचिरापल्ली से मंडल प्रबंधन उप समिति की अध्यक्ष अफरोज एस एच ने चार्टर अध्यक्ष एस एस कवियान को रोटरी प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र आदि प्रदान किए। अपने संबोधन में अफरोज़ ने स्कूल में इंटरेक्टरों द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर बात की जिससे बच्चों की सार्वजनिक रूप से बोलने की क्षमता और नेतृत्व गुणों में सुधार आएगा।

उन्होंने मूल क्लब से इंटरेक्ट क्लब के अध्यक्ष सुरेश रामरत्नम और स्कूल की एक शिक्षिका एवं समन्वयक चित्रा से इंटरेक्टरों के लिए एक अभिविन्यास सत्र आयोजित करने का आग्रह किया। इस इंटरेक्ट क्लब के गठन में स्कूल के प्रिंसिपल और पत्राचारक के समर्थन की सराहना करते हुए उन्होंने इंटरेक्टरों से विविध गतिविधियों को अपनाकर अपने समुदाय के भावी नेताओं के रूप में तैयार होने के लिए कहा। मंडल के रोटेरियन स्कूल के इंटरेक्टरों द्वारा शुरू की गई परियोजनाओं में पूरी तरह से मदद करेंगे, उन्होंने आगे कहा।

क्लब की स्थापना के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाएं और स्वच्छ पेयजल प्रदान करने हेतु काम करने वाले एक गैर सरकारी संगठन, ग्रामालय के संस्थापक-सीईओ रोटेरियन एस दामोदरन द्वारा हाथों की धुलाई का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में प्रिंसिपल और शिक्षकों की उपस्थिति में लगभग 2,500 छात्रों को उचित ढंग से हाथ धोने के बारे में जागरूक किया गया।

इस नए इंटरेक्ट क्लब की स्थापना और हाथों की धुलाई के कार्यक्रम में रोटरी क्लब जम्बुकेश्वरम के अध्यक्ष भरत मनोहरन, सचिव राजा सलावुद्दीन, कोषाध्यक्ष सेल्वाकुमार और डिस्ट्रिक्ट बेसिक एजुकेशन एण्ड लिटरेसी समन्वयक परांजपे उपस्थित थे।■

# कुछ महत्वपूर्ण रोटरी जानकारी

- सितंबर में, ब्राज़ील ने पोलियो समाप्त करने और टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के अपने काम के लिए रोटरी को ओस्वाल्डो क्रूज़ मेडल ऑफ मेरिट से सम्मानित किया।
- 16वीं बार, रोटरी फाउंडेशन को Charity Navigator से (चार सितारा) उच्चतम रेटिंग मिली, जो कि अमेरिका में पंजीकृत चैरिटीज का स्वतंत्र मूल्यांकन करता है।
- मिनियापोलिस अब 2028 में रोटरी सम्मेलन की मेज़बानी करेगा, जो पहले से तय समय से एक साल पहले होगा। 2029 के सम्मेलन के लिए नए मेज़बान शहर का चयन अभी नहीं किया गया है। 2026 का रो ई सम्मेलन 13-17 जून को ताइपे, ताइवान में होगा।
- एक नया इंस्टाग्राम चैनल, @rotaryyoungleaders, रोटरी के युवा कार्यक्रम जैसे रोटरी यूथ एक्सचेंज, रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड्स और इंटरक्ट को प्रदर्शित करता है।
- फाउंडेशन इस महीने Distinguished Service Award के लिए नामांकन स्वीकार कर रहा है। अधिक जानकारी के लिए rotary.org/awards पर जाएं।

©Rotary

Rotary PEOPLE OF ACTION

# एलोरा गुफाओं में एक जादुई RYLA

वी मुत्तुकुमारन

एक दिन एक बातचीत के दौरान आस पास के मंडलों के दो रोटरी क्लब अध्यक्षों, रो ई मंडल 3132 और 3060 ने स्कूली छात्रों के लिए मसंस्कृति, कला और सिनेमाफ विषय पर यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल, एलोरा गुफाओं में एक अंतर-जिला RYLA आयोजित करने का विचार किया। चूंकि रोटरी क्लब धूलिया पिछले 15 वर्षों से विभिन्न स्थानों पर RYLA आयोजित कर रहा हैं, रोटरी क्लब औरंगाबाद के अध्यक्ष श्रीपद कुलकर्णी ने अपने भाई महेश कुलकर्णी, जो धुलिया क्लब का नेतृत्व करते हैं, के साथ एक संयुक्त RYLA के आयोजन पर विचार किया। और उन्होंने गुफाओं से घिरे एक सुंदर प्राकृतिक स्थल एलोरा को चुना, जो तीन दिवसीय शिविर के लिए सबसे उपयुक्त है जहाँ छात्र हमारे देश की विरासत के बारे में जान सकें और उसका आनंद ले सकें, परियोजना सलाहकार सरिता लोनिकर कहती है।

यह औरंगाबाद, धूलिया, सूरत और लातूर के 80 हाईस्कूल के छात्रों के लिए तीन दिवसीय परिवर्तनकारी अनुभव था जिसके अंतर्गत वह इस धरोहर स्थल के पास स्थित एक मनोरंजक रिज़ॉर्ट में रुके थे। पहले दिन जलगांव के सॉफ्ट स्किल ट्रेनर देवदत्त गोखले ने 'फोर्ट एंड लीडरशिप' सत्र में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए नए लोगों से जुड़ने पर बात की। इस सत्र ने भारत के मजबूत किलों और हमारे पूर्व नेताओं के बीच एक समानताएं स्थापित की। दिन का समापन एक कैम्प फायर के साथ हुआ जहाँ छात्र संगीत और सुंदर कहानियों के माध्यम से एक दूसरे से जुड़े।

अगले दिन छात्रों के लिए घनी वनस्पतियों के बीच गुफाओं से गुजरना एक रोमांचक अनुभव था। औरंगाबाद के एमजीएम कॉलेज की प्रोफेसर योगिता महाजन ने फिल्म निर्माण और बड़े पर्दे के पीछे की रचनात्मकता पर बात की। ''इसके बाद मोबाइल की लत पर एक नाटक प्रस्तुत किया गया जिसका संदेश था कि तकनीक का एक संतुलित इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इस दिन का समापन एक टैलेंट शो और डीजे पार्टी के साथ हुआ।''

अंतिम दिन, हमने जोगेश्वरी मंदिर तक ट्रेकिंग की और इस सुंदर प्राकृतिक परिदृश्य में डूब गए। ''इसके साथ ही सिनेमाई कला पर आयोजित एक कार्यशाला ने हमें फिल्म उद्योग जगत की एक झलक दिखाई,'' सरिता कहती हैं। रोटेरियन सुरेश सोनोने ने

*RYLA प्रतिभागियों द्वारा निर्मित रायगढ़ किले की प्रतिकृति।*

*फिल्म निर्माण की कला पर एक नज़र।*

रायगढ़ किले की प्रतिकृति बनाने में प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया जिससे उन्हें ऐतिहासिक किलों की सराहना करने और टीम वर्क के महत्व को समझने में मदद मिली।

छात्रों को संबोधित करते हुए रो ई मंडल 3132 के डीजी सुरेश साबू ने उनसे आग्रह किया कि स्क्रीन की लत से बचें और अपने शिक्षकों एवं माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। हमेशा सकारात्मक सोचें और अपने जीवन में सफल होने के लिए कड़ी मेहनत करें। उनके मंडल की रो ई मंडल 3141 के साथ औरंगाबाद के एक सैन्य परिसर में इसी तरह का एक RYLA आयोजित करने की योजना है। उद्घाटन सत्र में पीडीजी रुकमेश जखोटिया, डीजीई सुधीर लातुरे और मंडल युवा सेवा निदेशक नितिन कुदाले शामिल हुए। सभी छात्रों को RYLA टी-शर्ट, प्रमाण पत्र और स्टेशनरी आइटम दिए गए। एलोरा में कुछ रोमांचक क्षणों को याद करते हुए सिद्धि ताकी (कक्षा 9) कहती हैं कि अब वह RYLA के बाद प्रभावी ढंग से संवाद कर सकती हैं। मेरा व्यवहार अब और बेहतर हो गया है। सतारा का एक अन्य छात्र और फिल्मों का शौकीन यशोदीप पवार (कक्षा 10) खुश हैं कि ''पटकथा लेखन में मेरे कौशल में सुधार हुआ है और मुझे अपनी अभिनय तकनीकों को सुधारने के लिए कुछ अच्छे टिप्स मिले हैं।''

*अंतिम तीसरी पंक्ति (बाएं से) डीजीई सुधीर लातूरे, परियोजना परामर्शदाता सरिता लोनीकर, निर्मला साबू, डीजी सुरेश साबू और मंडल युवा निदेशक नितिन कुदाले, RYLA प्रतिभागियों के साथ।*

इस आयोजन का सारांश प्रस्तुत करते हुए सरिता लोणीकर कहती हैं, ''इन युवा मस्तिष्कों में आए परिवर्तन को देखना प्रेरणादायक है जो एक साझा उद्देश्य के लिए एक साथ आए थे। उन सभी ने अपनी अनूठी ऊर्जा के साथ हम सभी को RYLA में समृद्ध किया।'' परियोजना अध्यक्ष सायली वीरगांवकर (रोटरी क्लब धूलिया) और पंकज लोया (रोटरी क्लब औरंगाबाद) ने रसद का ध्यान रखा। इस कार्यक्रम का सह-आयोजन रोटरी क्लब औरंगाबाद ईस्ट और लातूर मिड टाउन द्वारा किया गया।■

# प्रेरक कथाएं

प्रीति मेहरा

## उन्होंने एक सपना देखा और उसे पूरा किया

एक जनवरी सिर्फ एक दिन नहीं है। यह एक नया अवसर है - नए सिरे से शुरुआत करने, नए सपने देखने और नए लक्ष्य निर्धारित करने का। यह दिन हमें नए सिरे से सोचने, प्रेरणा लेने और उन लोगों से सीखने के लिए प्रेरित करता है जिन्होंने साहसपूर्वक अपना कदम बढ़ाया और सफल हुए।

नए साल के संकल्प सामान्य होते हैं जो अक्सर बिना मांगी सलाह से भरे होते हैं। क्या करना चाहिए की सूची के बजाय यहाँ उन व्यक्तियों की कहानियां हैं जो एक परिवर्तन ला रहे हैं और हमें एक हरी-भरी एवं बेहतर दुनिया बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

शुरुआत के लिए मैं हैदराबाद की 17 वर्षीय दीया लोका की उल्लेखनीय उपलब्धि से बेहतर कोई और उदाहरण नहीं सोच सकता था। 6 दिसंबर को उन्हें 2024 के प्रतिष्ठित डायना पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो उन युवाओं को सम्मानित करने के लिए दिया जाता है जिन्होंने असाधारण सामाजिक कार्य और मानवता की सेवा की है। राजकुमारी डायना की याद में स्थापित यह पुरस्कार दीया को उनके बेटे प्रिंस हेनरी और प्रिंस विलियम से प्राप्त हुआ।

दीया एक उत्साही पर्यावरणविद् हैं जिन्होंने अपनी बचपन की दोस्त साहिथी राधा के साथ मिलकर E-Cycl की सह-स्थापना की, जो ई-कचरे की समस्या को दूर करने के लिए एक समर्पित संगठन है। ये दोनों हाई स्कूल की लड़कियाँ अपनी किशोरावस्था में E-Cycl की स्थापना करने के साथ कई योजनाओं और महत्वाकांक्षाओं के साथ आगे बढ़ी। बाद में, Recykal और Crabpin जैसे दो अपशिष्ट प्रबंधन स्टार्टअप्स से प्राप्त मार्गदर्शन के बाद उन्होंने अपना संगठन स्थापित किया जो अब हैदराबाद के बाहर भी अपना प्रभाव बढ़ा चुका है।

दीया और साहिथी ने E-Cycl शुरू करने का निर्णय तब लिया जब उन्होंने देखा कि उनके शहर में पारा और आर्सेनिक जैसे जहरीले पदार्थों वाले ई-कचरे का कितनी लापरवाही से निपटान किया जा रहा है। ऐसे दूषित पदार्थ हमारे पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचाते हैं और सफाई कर्मचारियों एवं बच्चों की सेहत को बुरी तरह प्रभावित करते हैं, जो अक्सर अपनी आजीविका के लिए कचरा एकत्रित करते हैं।

दीया और साहिथी ने महसूस किया कि उन्हें इस समस्या को एक संगठित तरीके से हल करना होगा। उन्होंने शून्य निवेश लेकिन बहुत अधिक उत्साह और जुनून के साथ शुरुआत की। उनके संगठन ने स्कूलों और कार्यस्थलों पर छात्र-नेतृत्व वाले जागरूकता सत्रों के माध्यम से आकार लिया। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में ऑफलाइन सेमिनार आयोजित किए और कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों तक पहुंचे। कुछ स्वयंसेवकों के रूप में शामिल होकर इस आंदोलन का हिस्सा बन गए। इन गतिविधियों ने तेज़ी से सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा दिया। उन्होंने एक संग्रह अभियान भी आयोजित किया और लोग मदद के लिए आगे आए।

आज, E-Cycl का एक प्रभावशाली रिकॉर्ड है। इसने 10,000 किलोग्राम से अधिक ई-कचरा एकत्रित किया और 5,000 से अधिक लोगों एवं सैकड़ों युवा चेंजमेकर्स का मार्गदर्शन किया। दीया के काम को राष्ट्रीय पहचान

मिली META, WSJ और SOIF फ्यूचर्स जैसी संस्थाएं E-Cycl के प्रयासों का समर्थन कर रही है। स्थिरता के प्रति उनके जुनून ने उन्हें पर्यावरणीय कारणों के लिए वकालत करने और डिजिटल मार्केटिंग पर काम करने के लिए प्रेरित किया। दीया अपने साथियों को उनके समुदायों में जलवायु समाधानों के लिए कार्य करने और इसके लिए आवाज़ उठाने हेतु प्रेरित करती रहती है।

दीया जैसा समर्पण हर कोई नहीं दिखा सकता और हम स्कूल लौटकर उसका अनुकरण नहीं कर सकते। हालांकि, हम अपने खाली समय में ई-कचरा संग्रह और प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाकर उसकी मदद कर सकते हैं। शायद हम उसका तरीका अपनाकर इसे स्कूलों और रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों तक पहुंचा सकते हैं। उसके संगठन के बारे में अधिक जानने के लिए *ecycl.org* पर जाएं.

हैदराबाद से लगभग 1,500 किमी दूर दिल्ली है, जो अपनी भीड़-भाड़ वाली सड़कों और प्रदूषित हवा के लिए जाना जाता है। नवंबर आते ही राष्ट्रीय राजधानी के ऊपर मंडराने वाली धुंध से भरी हवा इसे दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बनाती है। लेकिन जब आप सैनिक फार्म में पीटर सिंह और नीनो कौर के घर में कदम रखते है तो आप चैन की सांस ले सकते हैं। दक्षिण दिल्ली कॉलोनी में रहने वाले उनके पड़ोसी प्रदूषण का सामना करते है लेकिन इस दंपति ने जो घर बनाया है वह उन्हें इस प्रदूषण से बचाता है और अक्सर इसे दिल्ली की इस प्रदूषित आपदा में नखलिस्तान के रूप में वर्णित किया जाता है।

उनके घर के मुख्य दरवाजे के पास, पीटर और नीनो ने एक सील किया हुआ पैनल रखा है जिसमें लकड़ी की छीलन भरी हुई है और उसके ऊपर से पानी धीरे-धीरे बह रहा है। एक बड़ा पंखा इस पैनल के माध्यम से बाहरी हवा को खींचता है, इसे ठंडा करता है और इसे मुख्य घर से पहले बने पूरे बरामदे की लंबाई को कवर करने वाले ग्रीनहाउस के माध्यम से प्रसारित करता है। ग्रीनहाउस में उगने वाले पौधे भी हवा को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

पौधे एक अद्वितीय कृषि पद्धति, एक्वापोनिक्स का उपयोग करके उगाए जाते हैं - यह एक ऐसा तरीका है जो एक्वाकल्चर (मछली पालन) को हाइड्रोपोनिक्स (बिना मिट्टी के वातावरण में पौधे उगाने की विधि) के साथ जोड़ता है। वर्षा संचयन से पानी एक टैंक में संग्रहीत किया जाता है जहाँ मछली पालन किया जाता है। बैक्टीरिया मछली द्वारा उत्पादित अपशिष्ट को पौधों द्वारा अवशोषित किए जाने वाले पोषक तत्वों में परिवर्तित करते हैं। बदले में पौधे पानी को छानते हैं और शुद्ध करते हैं ताकि मछलियाँ स्वस्थ रूप से जीवित रह सकें।

घर को ढँकने वाला हरा-भरा आच्छादन - यहाँ तक कि छत भी पौधों से ढकी हुई है - पीटर और नीनो को आरामदायक और स्वस्थ बनाए रखता है। पारंपरिक वास्तुकला घर की पर्यावरणीय अनुकूलता को बढ़ाती है। पीटर के अनुसार यह सिर्फ बड़े घर की बात नहीं हैं; फ्लैट्स में भी एक बालकनी हो सकती है जिसमें 500 पौधों रखे जा सकते है जो घर में प्रवेश करने वाली हवा को फ़िल्टर कर सकती है। इस शानदार पहल को सलाम!

हमारा आखिरी पढ़ाव महाराष्ट्र के पश्चिमी तट पर है। यहीं पर पेठ गांव, पालघर में मेरे दोस्त रवि अय्यर और मीना मेनन ने जमीन खरीदकर एक छोटा जैविक खेत स्थापित किया। आईबीएम के परियोजना प्रबंधक रवि और पत्रकार तथा लेखक मीना ने इस चूहा दौड़ से बाहर निकलकर किसान बनने का फैसला किया, यह इस कहानी का सिर्फ एक हिस्सा है। वास्तविक कहानी का तथ्य यह है कि वे ग्रामीण समुदाय में घुल-मिलकर परिवर्तन लाए हैं।

रवि अब तक पड़ोसी विक्रमगढ़ जिले के 70 आदिवासी किसानों को जैविक खेती सिखा चुके हैं। यह उनके लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ क्योंकि वे कम वित्तीय निवेश में अधिक कमा रहे हैं। उन्होंने किसानों की उपज की बिक्री हेतु एक विपणन चैनल 'हरी भरी टोकरी' भी स्थापित किया और इसके लिए जैविक सब्जियां, फल और अनाज खरीदने के लिए बिल्डिंग सोसाइटी और स्कूलों से प्रतिबद्धताएं प्राप्त की। उन्होंने कृषि क्षेत्र की आवाज उठाने के लिए मुंबई ऑर्गेनिक फार्मर्स एंड कंज्यूमर्स एसोसिएशन (एमओएफसीए) की भी स्थापना की।

ये सभी कहानियाँ इस तथ्य के साथ जुड़ी है कि पर्यावरण के प्रति सचेत होने के लिए आपको खुद को आगे बढ़ाना होता है। नववर्ष की शुभकामनाएँ!

*लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।*

# बेंगलुरु के पास एक ग्रीन पीएचसी

टीम रोटरी न्यूज़

कुम्बलगोडु, बेंगलुरु के बाहरी इलाके में स्थित एक ग्रामीण सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) अब स्थायी सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहा है, इसके लिए रोटरी क्लब बेंगलुरु लेकसाइड, रो ई मंडल 3191 और इसके सीएसआर साझीदार पाई पाई केमिकल्स का धन्यवाद।

क्लब के पूर्व अध्यक्ष और मंडल सीएसआर निदेशक कासिनाथ प्रभु ने कहा, हमने पीएचसी के लिए सौर ऊर्जा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया, और कंपनी की संस्थापक निदेशक कृष्णिका पाई को यह विचार पसंद आया। यह पीएचसी 10 से अधिक गांवों की सेवा करता है और हर साल 40,000 लोग यहां आते हैं।

नई स्थापित सौर पैनल अस्थिर बिजली आपूर्ति की समस्या को हल करते हैं, जिससे चिकित्सा उपकरणों, जिसमें केंद्र में वैक्सीन फ्रीजर भी शामिल है, के लिए लगातार बिजली मिलती है। मग्रीन पीएचसीफ पहल सिर्फ सौर ऊर्जा तक सीमित नहीं है, इसमें केंद्र के दो एकड़ जमीन पर हरियाली बढ़ाने के प्रयास भी शामिल हैं। इस परियोजना की लागत ₹12 लाख थी।■

*डीजी सतिश माधवन (केंद्र, दूसरी पंक्ति); कृष्णिका पाई (दूसरी पंक्ति, दाएं), पाई पाई केमिकल्स की संस्थापक-निर्देशक; मंडल सीएसआर निदेशक कासिनाथ प्रभु (बाएं से पांचवें, सामने की पंक्ति); चाया राव, पाई पाई की प्रबंध निदेशक; और रोटरी क्लब बेंगलुरु लेकसाइड की अध्यक्ष अभिलाषा पंडित कुम्बलगोडु में स्थित पीएचसी में।*

# रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से

### पॉल हैरिस सोसाइटी के बारे में जानें

पॉल हैरिस सोसाइटी (पीएचएस ) उन व्यक्तियों को मान्यता देती है जो प्रत्येक रोटरी वर्ष में 1,000 डॉलर या अधिक का योगदान देने का इरादा व्यक्त करते हैं, चाहे वह वार्षिक फंड, पोलियोप्लस फंड, या किसी स्वीकृत वैश्विक अनुदान में हो। योगदान रोटरी फाउंडेशन द्वारा दिए जाने वाले पुरस्कारों जैसे Sustaining Member, Paul Harris Fellow, Multiple PHF, Major Donor और क्लब मान्यता बैनरों के लिए गिने जाते हैं। सदस्यों को एक शेव्रॉन-स्टाइल पिन और प्रमाणपत्र दिया जाता है। उनके नाम पॉल हैरिस सोसाइटी रिपोर्ट में प्रकाशित होते हैं। विवरण के लिए पीएचएस ब्रोशर पढ़ें।

### ट्रस्टी भरत पांड्या का एंडोमेंट फंड अपील

2025 तक 2.025 बिलियन डॉलर के एंडोमेंट फंड लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, TRF ट्रस्टी भरत पांड्या ने ''2.025 बाईं 2025 एंडोमेंट ज़ोन्स 4, 5, 6 7 फण्ड'' की स्थापना का प्रस्ताव दिया। जो दानकर्ता कम से कम 1,000 डॉलर का योगदान देंगे, उन्हें बेनेफैक्टर के रूप में मान्यता दी जाएगी और एक प्रमाणपत्र और इंसिग्निया मिलेगा। आज ही एंडोमेंट फंड लक्ष्य को समर्थन देने के लिए योगदान करें।

### भुगतान के विकल्प:

- रोटरी फाउंडेशन (इंडिया) के नाम से चेक भेजें और चेक के पीछे (नाम, रोटरी ID, PAN, और गिफ्ट ID: E21465) जानकारी दें।
- डायनेमिक लिंक का उपयोग करें, जिसमें डेबिट/क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग, ई-वॉलेट्स या BHIM UPI द्वारा भुगतान किया जा सकता है। लिंक प्राप्त करने के लिए यहां (*https://forms.office.com/r/8ardURDjnR*) ऑनलाइन फॉर्म भरें और गिफ्ट ID E21465 का उल्लेख करें। फॉर्म सबमिट करने के बाद भुगतान लिंक भेजा जाएगा। किसी भी सहायता के लिए राबी बोआज़ से संपर्क करें: *rabi.boaz@rotary.org*।■

एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

## सामुदायिक प्रभाव

रोटरी क्लब निजामाबाद, रो ई मंडल 3150 ने 60 ट्रैफिक कांस्टेबल्स के लिए एक मेडिकल कैंप आयोजित किया। पाँच इंजीनियरिंग की छात्राओं को छात्रवृत्ति के रूप में ₹20,000 प्रदान किए गए।

*स्वास्थ्य शिविर में ट्रैफिक कांस्टेबल।*

## टी बी से जगं

रोटरी क्लब कोयंबटूर न्यू टाउन, रो ई मंडल 3201 ने एनआई-क्षय वाहन, एक मोबाइल टीबी स्क्रीनिंग वैन लॉन्च की, जो प्रारंभिक पहचान को मजबूत करने के लिए एनटीईपी के सहयोग से 100 दिनों तक संचालित होगी।

डीजी एन सुंदरवडिवेलु ने *प्रोजेक्ट मरुमलर्ची* का उद्घाटन किया, जिसके तहत 1,500 टीबी रोगियों को छह महीनों तक पोषक आहार प्रदान किया जाएगा।

*मोबाइल टी बी स्क्रीनिंग वैन के लॉन्च पर क्लब सदस्य।*

## नेत्रहीनों के लिए नकद अनुदान

रोटरी क्लब मुंबई कांदिवली वेस्ट, रो ई मंडल 3141 के अध्यक्ष देवसिंह शाहनी के नेतृत्व में क्लब सदस्यों ने नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया, वर्ली को ₹ 1.25 लाख का दान दिया। यह राशि सफेद छड़ियों, बिस्तर की चादरों की खरीद और नेत्रहीन निवासियों की शिक्षा के लिए प्रदान की गई। रोटेरियनों ने 40 लाभार्थियों के लिए एक शानदार दोपहर का भोजन भी आयोजित किया।

*नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इंडिया, वर्ली के निवासियों के साथ रोटेरियन।*

## महिलाओं का सम्मान

डीजी वी शिवकुमार ने रोटरी क्लब सलेम विंग्स, रो ई मंडल 2982 द्वारा पेरियार यूनिवर्सिटी, सलेम में आयोजित नरुमुगई महिला सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 50 महिला रोटेरियन और 10 गैर-रोटेरियन को पेशेवर उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया गया। प्रेरणादायक भाषणों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, फैशन शो और पुरस्कार समारोहों सहित इस आयोजन में 750 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

*सम्मेलन में रोटरी क्लब सलेम विंग्स के सदस्य।*

# एक दिलचस्प संयोग

एलिफ शफाक का नया उपन्यास अतीत की उदासीन और परेशान करने वाली यादों और भावनाओं को जागृत करता है।

**संध्या राव**

मैं एलिफ शफाक की प्रशंसक हूँ। यह एक असाधारण लेखिका है जिनके खाते में तुर्की और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में 20 से अधिक उपन्यास है। उनकी कथन शैली बहुत ही मार्मिक है और वह पाठकों को ऐसी दुनियाओं से परिचित करवाती है जिनसे हम शायद ही कभी परिचित होते और वह बाल शोषण एवं नरसंहार जैसे विषयों पर लिखती हैं। *द बास्टर्ड ऑफ इस्तान्बुल* में अर्मेनियाई नरसंहार पर उनके नि:संकोच विश्लेषण (जिसे मआधिकारिकफ तुर्की ने हमेशा से नकारा है, हालांकि ओरहान पामुक जैसे अन्य लेखकों द्वारा भी इस मुद्दे को उठाया गया है) की वजह से संबंधित अधिकारियों ने उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जिस वजह से शफाक यूके जाने पर मजबूर हो गई और वह अभी भी वहीं रहती है।

उनकी नवीनतम किताब *देर आर रिवर्स इन द स्काइ* यज़ीदियों के मुद्दे को उठाती है, जो कभी मेसोपोटामिया के नाम से प्रसिद्ध क्षेत्र में रहने वाला एक समुदाय है और इस क्षेत्र में इराक, सीरिया, तुर्की और ईरान के कुछ हिस्से शामिल थे। ऐतिहासिक रूप से सताए गए उनमें से हजारों को सदियों तक व्यवस्थित रूप से नष्ट किया गया, यज़ीदियों को उनकी धार्मिक प्रथाओं की वजह से आज भी दमन और नफरत का सामना करना पड़ता है विशेष रूप से आईएसआईएस द्वारा। शफाक उनके जीवन को एक ऐसी कहानी के माध्यम से प्रस्तुत करती है जो एक अंग्रेज द्वारा खोज की गई प्राचीन पट्टियों के इर्द-गिर्द बुनी गई है जिनपर *द एपिक ऑफ गिलगमेश* के छंद खुदे हुए है - इस उपन्यास में आगे उस अंग्रेज की कहानी भी सामने आती है। और इन सबको पानी की एक छोटी सी बूंद से लेकर टिग्रिस, यूफ्रेट्स और थेम्स जैसी नदियों के संदर्भों से जोड़ा गया। यज़ीदी पानी को विशेष रूप से पवित्र मानते हैं। उपन्यास की शुरुआत एक राजा के सिर पर पानी की एक बूंद के गिरने के साथ होती है और 400 से अधिक पृष्ठों में यह तीन अलग-अलग पात्रों - आर्थर, नरीन, ज़लीखा - को तीन अलग-अलग समय और स्थानों में चित्रित करते हुए तीन अलग-अलग कथानक प्रस्तुत करता है।

राजा को टिगरिस के तट पर स्थित एक सम्पन्न और समृद्ध शहर निनेवह में दिखाया गया है, जहाँ अशुरबानीपाल गर्व से अपने शानदार शहर को देख रहा है: 'वह एक ऐसे साम्राज्य पर शासन करता है जो इतना विशाल है कि उसे ''दुनिया के चारों कोनों के सम्राट'' के रूप में जाना जाता हैं। किसी दिन उसे ''लाइब्रेरियन किंग, द एजुकेटेड मानार्क, द एरुडाइट रूलर ऑफ मेसोपोटामिया'' के रूप में भी याद किया जाएगा - ये शीर्षक ऐसे होंगे जो लोगों को यह भूलने पर मजबूर कर देंगे कि भले ही वह अत्यधिक विद्वान और संस्कारी था मगर वह अपने पूर्वजों से कम क्रूर नहीं था।' उसकी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक गिलगमेश नामक एक नायक के बारे में कविता का एक खंड है।




इस नाम से तुरंत मेरे दिमाग में एक ख्याल आया - और मेरी आँखों में आँसू - मेरी एक प्रिय मित्र ने घबराते हुए कहा: 'तुम *एपिक ऑफ गिलगमेश* को नहीं जानती?! तुम साहित्य की विद्यार्थी हो! वह उस प्रथम साहित्यिक कार्य का नायक है जिसे लिखित रूप से दर्ज किया गया है। क्यूनिफॉर्म में दर्ज किया गया था। तुम नहीं जानती?!' मुझे यह स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं थी क्योंकि मेरी मित्र बहुत ही प्रतिभाशाली थी और आप किसी भी प्रतिभाशाली व्यक्ति के सामने क्या ही कह सकते हैं सिवाय अज्ञानता स्वीकार करने के। हमने करीब एक वर्ष पहले उस मित्र को अचानक से और अप्रत्याशित रूप से खो दिया। हालांकि मैंने सोचा था कि मैं पिछले साल अमेरिका में उसके घर में उसके साथ एक शानदार सप्ताहांत बिताऊंगी मगर मुझे इसके बजाय एक शोक सभा में भाग लेना पड़ गया। संयोग से क्यूनिफॉर्म एक लेखन प्रणाली है जिसका उपयोग प्रारंभिक कांस्य युग से लेकर सामान्य युग की शुरुआत में अब के पश्चिम एशिया/मध्य पूर्व तक किया गया (यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप किस क्षेत्र में रहते हैं)। माना जाता है कि इस महाकाव्य ने

नायक-कविताओं की परंपरा को प्रेरित किया जैसे कि *इलियड* और *ओडिसी*।

कभी-कभी मैं केवल अन्य लोगों के विचार जानने के लिए समीक्षाएं पढ़ती हूँ मगर किताब शुरू करने से पहले कभी नहीं। इसे आप एक फ़िज़ूल जिज्ञासा कह सकते हैं। हालांकि ये समीक्षाएं कभी भी मेरे पढ़ने के निर्णय को या मेरे विचार को प्रभावित नहीं कर सकती वे बस मुझे अंतर्दृष्टि प्रदान करती हैं। मैं *देर आर रिवर्स* को आधा पढ़ चुकी थी जब मैंने *गार्डियन* की समीक्षा देखी जिसके अनुसार इस उपन्यास को समझना कठिन है मुख्य रूप से इसकी ढीली संरचना और वाक्य, भावुकता, अत्यधिकता और पानी से संबंधित अनंत उपमाओं के कारण, हालांकि इसमें कुछ अन्य खंडों की भी सराहना की गई। मेरे सामान्य, जिज्ञासु और पढ़ाकू दिमाग को इसका कथानक आकर्षक, सूचनात्मक और समकालीन वास्तविकताओं से जुड़ा हुआ लगा। हालांकि विभिन्न कथानकों का एक साथ आना अनुमानित था मगर इस उपन्यास ने जो विश्वदृष्टि प्रदान की उसने मुझे मानव व्यवहार के इतिहास पर गहन विचार करने और विभिन्न पात्रों या स्वयं लेखक द्वारा किए गए अवलोकनों के महत्व को रुककर समझने के लिए प्रेरित किया।

उदाहरण के लिए, सैनिक अशुरबानीपाल के गुरू को पकड़ लेते हैं जिस पर वे विश्वासघाती होने का आरोप लगाते हैं और उसे जंजीरों से बांधकर राजा के सामने लाते हैं। बचपन में अशुरबानीपाल ने अपने गुरु से *गिलगमेश* को सुनते हुए कई घंटे बिताए। अपने पूर्व शिष्य के सामने घुटने टेककर वह बूढ़ा आदमी कहता है, मगिलगमेश... वह मृत्यु पर विजय प्राप्त करना चाहता था और इसलिए वह संसार के छोर तक गया मगर असफल रहा। वह यह न समझ सका कि अमर होने का एकमात्र तरीका यह है कि आपको आपके जाने के बाद याद किया जाए और आपको याद तभी किया जाएगा जब आपके कर्म अच्छे होंगे। मेरे राजा, ऐसा क्यों है कि आपने अपनी कहानी को इतना निर्दयी बनाना चुना?फ

लेखिका **ऐलिफ शफाक**

शफाक बड़ी कलात्मकता के साथ कभी-कभी अनुमानित रूप से कहानी को एक साथ बुनकर एक बड़ी तस्वीर पेश करती है। मुझे बड़ा अजीब लगा जब मुझे यह बात पता चली कि इस उपन्यास की एक महत्वपूर्ण नायिका, नौ वर्षीय नरीन धीरे-धीरे अपनी सुनने की क्षमता खो रही है। हमने हाल ही में अपने बुक क्लब में सारा नोविक की *ट्रू बिज़* नामक एक किताब पढ़ी थी (इसका जून 2023 में वर्ल्डवर्ल्ड में एक संक्षिप्त उल्लेख किया गया था); यह किताब बधिरों के एक स्कूल पर आधारित है। डॉक्टरों का कहना है कि नरीन आठ महीने के भीतर अपनी सुनने की क्षमता को पूर्ण रूप से खो देगी और इसलिए इससे पहले कि शिशुओं की किलकारी और मेमनों की मिमियानें की आवाज़ें नरीन के लिए केवल यादें बनकर रह जाएं, उसकी दादी बेस्मा उसे यज़ीदियों के एक पवित्र स्थल पर ले जाकर बपतिस्मा दिलवाना चाहती हैं। वह चाहती है कि नरीन मपहली और आखिरी बार पक्षियों की चहचाहट, फुसफुसाहट और लालिश की पवित्र घाटी की प्रार्थनाओं को सुन सकें। वह नरीन को धरती पर वह एकमात्र स्थान दिखाना चाहती थी जहाँ पर निराशा आशा में बदल जाती है और भटकती आत्माओं को मोक्ष मिल जाता है।फ लेकिन इससे पहले कि वे वहाँ पहुँच पाते सिंजर के पहाड़ों में छिपे हजारों यजीदियों को आईएसआईएस द्वारा अगस्त 2014 के नरसंहार में मार दिया गया और हजारों महिलाओं एवं बच्चों का अपहरण कर लिया गया। इस उपन्यास में इस ऐतिहासिक घटना को कई अन्य सच्ची घटनाओं की तरह ही बहुत ही शानदार एवं मर्मस्पर्शी रूप से वर्णित किया गया है। कुछ किरदार वास्तविक लोगों पर भी आधारित हैं।

*गिलगमेश* के एक लापता खंड की खोज में मेसोपोटामिया जाने वाले आर्थर को पता चलता है कि कैसे यह साम्राज्य खुशफहमी में था कि वह अमर रहेगा सिर्फ इसलिए कि वे एक समय बहुत ही शक्तिशाली था। उसकी पुरातात्विक खोजों में इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिलते हैं और यह भी पता चलता है कि कैसे सबसे शक्तिशाली शासकों को भी मृत्यु से डर लगता था। दरअसल, 'आर्थर को यह संदेह होने लगा था कि सभ्यता वह नाम है जिसे हम उस चीज़ को नुकसान से बचाने के लिए देते है जिसे कोई भी याद रखना नहीं चाहता। विजय अक्सर अनकही क्रूर कहानियों पर आधारित होती है और इसके नायक आक्रामकताओं और अत्याचारों के धागों से बुनकर तैयार होते है। सिंचाई प्रणाली निनेवह की शानदार उपलब्धि थी - लेकिन इसके निर्माण में पता नहीं कितनी जानें गई होंगी। हर सिक्के के दो पहलू होते है, वो पहलू जिसे अक्सर नजरंदाज कर दिया जाता है।

तथाकथित आधुनिक जीवन की हड़बड़ाहट में हम में से अधिकांश लोग धन-दौलत, शक्ति और अन्य भौतिक चीजों के लिए अपनी मानवता को खोते जा रहे हैं। जैसे-जैसे यह उपन्यास समाप्ति की ओर बढ़ता है शफाक इस बारे में एक चेतावनी देती है: मप्राचीन मेसोपोटामिया के लोग लेखन, गणित, खगोल विज्ञान, सिंचाई और पहिए का आविष्कार करने के लिए प्रसिद्ध हैं लेकिन उनका सबसे बड़ी खोज अनदेखी रह गई। वे मातृभूमि को खोने के दर्द का अनुभव करने वाले पहले व्यक्ति थे।फ सदियों बाद भी मातृभूमि को खोने का दर्द ताज़ा रहता है - यहाँ, अभी और हमेशा हर जगह।

> "प्राचीन मेसोपोटामिया के लोग लेखन, गणित, खगोल विज्ञान, सिंचाई और पहिये के आविष्कार के लिए प्रसिद्ध हैं, लेकिन उनकी सबसे बड़ी खोज को मान्यता नहीं मिली है। वे मातृभूमि को खोने का दर्द अनुभव करने वाले पहले व्यक्ति हैं।

*स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।*

रो ई मंडल **3142**

### रोटरी क्लब हीरानंदानी आईवन

एक विशाल चिकित्सा शिविर में 630 मरीजों की जांच की गई, ₹3 लाख की दवाइयाँ वितरित की गईं, 25 मोतियाबिंद सर्जरियों की पहचान की गई, और 575 चश्मे वितरित किए गए।

Rotary PEOPLE OF ACTION

# मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल **3182**

### रोटरी क्लब चिकमगलूर कॉफी लैंड

1,700 से अधिक छात्रों ने गवर्नमेंट जूनियर कॉलेज में रोटरी आउटरीच में भाग लिया जिसमें सामुदायिक पहलों पर प्रमुख वक्ताओं द्वारा वार्ता की गई। डीजी देव आनंद ने सामुदायिक पहल पर बात की।

रो ई मंडल **3203**

### रोटरी क्लब इरोड थिंडल

एक यातायात जागरूकता रैली और रोड शो में वेलालर इंजीनियरिंग कॉलेज के 100 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें डीजी सुरेश बाबू और राज्य के अधिकारियों ने उपस्थिति दर्ज की।

## रो ई मंडल 3212

### रोटरी क्लब शिवकाशी स्पार्कलर

के आर टाइगर रिजॉर्ट में तीन दिवसीय RYLA ने 60 कॉलेज विद्यार्थियों को आकर्षित किया। 48 विजेताओं को पुरस्कार और सभी को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। डीजी मीरानखान सलीम ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

## रो ई मंडल 3181

### रोटरी क्लब मैंगलोर सीसाइड

रोटरी की सार्वजनिक छवि को बढ़ावा देने के लिए आयोजित एक बाल दिवस प्रतियोगिता चिन्नारा चिलीपिली में 35 स्कूलों के 700 छात्रों ने भाग लिया।

## रो ई मंडल 3231

### रोटरी क्लब गुडियात्तम

एक कार्डियोलॉजी शिविर ने केवीएस हार्ट केयर के समर्थन से 135 रोगियों की जांच की गई जिसमें स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों और रोटेरियनों ने भाग लिया।



## रो ई मंडल 3261

### रोटरी क्लब वैनगंगा बालाघाट

हृदय जांच शिविर में 190 बच्चों का ईको परीक्षण किया गया जिनमें से 50 को विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा सर्जरी के लिए भेजा गया।

*वी मुत्तुकुमारन द्वारा संकलित*

# मंडल दीआरएफ योगदान

स्रोत: रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय

वार्षिक कोष (AF) में SHARE, फोकस के क्षेत्र और विश्व कोष शामिल हैं।
पोलियोप्लस में बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन शामिल नहीं है।

नवंबर 2024 तक

(अमेरिकी डॉलर में)

| मंडल संख्या | एनुअल फण्ड | पोलियो प्लस फंड | एंडोमेंट फण्ड | अन्य निधि | कुल योगदान |
|---|---|---|---|---|---|
| 2981 | 45,993 | 11,232 | 0 | 38 | 57,263 |
| 2982 | 27,797 | 4,605 | 10,421 | 33,218 | 76,040 |
| 3000 | 17,893 | 2,671 | 1,000 | 245,336 | 266,900 |
| 3011 | 46,037 | 5,053 | 26,099 | 505,498 | 582,686 |
| 3012 | 1,282 | 151 | 1,500 | 97,500 | 100,433 |
| 3020 | 65,951 | 9,262 | 21,000 | 4,857 | 101,070 |
| 3030 | 19,854 | 875 | 4,190 | 53,000 | 77,920 |
| 3040 | 3,001 | 90 | 0 | 15,717 | 18,808 |
| 3053 | 33,979 | 300 | 0 | 0 | 34,279 |
| 3055 | 19,470 | 2,943 | 2,071 | 60,050 | 84,534 |
| 3056 | 15,645 | 93 | 60 | 133 | 15,930 |
| 3060 | 131,013 | 6,338 | 2,499 | 71,950 | 211,800 |
| 3070 | 14,858 | 582 | 0 | 0 | 15,440 |
| 3080 | 11,104 | 5,041 | 17,384 | 9,561 | 43,090 |
| 3090 | 13,165 | 56 | 7,000 | 0 | 20,221 |
| 3100 | 18,419 | 2,871 | 0 | 34,765 | 56,054 |
| 3110 | 12,365 | 623 | 1,000 | 135,838 | 149,825 |
| 3120 | 30,068 | 1,011 | 8,337 | 12,173 | 51,589 |
| 3131 | 383,471 | 14,052 | 48,524 | 114,948 | 560,994 |
| 3132 | 29,627 | 1,847 | 15,000 | 9,769 | 56,243 |
| 3141 | 321,812 | 24,720 | 78,000 | 1,094,610 | 1,519,142 |
| 3142 | 347,400 | 14,945 | 50,060 | 190,890 | 603,295 |
| 3150 | 55,030 | 11,368 | 57,251 | 387,105 | 510,753 |
| 3160 | 3,996 | 3,159 | 0 | 5,787 | 12,941 |
| 3170 | 28,918 | 19,775 | 2,000 | 90,377 | 141,071 |
| 3181 | 51,295 | 14,937 | 0 | 0 | 66,233 |
| 3182 | 32,583 | 3,098 | 0 | 36 | 35,717 |
| 3191 | 22,493 | 2,542 | 0 | 1,323 | 26,358 |
| 3192 | 66,180 | 1,868 | 1,000 | 33,105 | 102,153 |
| 3201 | 48,294 | 28,225 | 3,190 | 79,150 | 158,859 |
| 3203 | 29,006 | 9,643 | 15,000 | 4,690 | 58,340 |
| 3204 | 7,060 | 2,461 | 1,000 | 0 | 10,522 |
| 3211 | 15,269 | 3,287 | 0 | 11,212 | 29,768 |
| 3212 | 252,115 | 13,969 | 59,000 | 105,483 | 430,567 |
| 3231 | 12,054 | 4,731 | 57,138 | 30,400 | 104,323 |
| 3233 | 9,154 | 14,467 | 0 | 269,325 | 292,947 |
| 3234 | 54,320 | 23,834 | 69,276 | 654,648 | 802,077 |
| 3240 | 130,675 | 25,666 | 36,000 | 13,870 | 206,211 |
| 3250 | 132,016 | 4,534 | 1,000 | 41,503 | 179,053 |
| 3261 | 1,187 | 268 | 0 | 5,205 | 6,660 |
| 3262 | 30,487 | 1,879 | 1,289 | 0 | 33,655 |
| 3291 | 103,161 | 8,693 | 110,000 | 112,580 | 334,434 |
| 3220 Sri Lanka | 42,584 | 2,754 | 4,052 | 4,075 | 53,465 |
| 3271 Pakistan | 8,137 | 30,036 | 0 | 10,500 | 48,673 |
| 63 (former 3272) | 929 | 881 | 0 | 0 | 1,810 |
| 64 (former 3281) | 1,895 | 2,715 | 1,000 | 1,050 | 6,661 |
| 65 (former 3282) | 458 | 1,046 | 0 | 0 | 1,504 |
| 3292 | 50,724 | 19,625 | 30,001 | 86,242 | 186,593 |

*** Undistricted**



पेड़ उगाओ...
प्रकृति तुम्हें
पोषित करेगी...
Rotary
END POLIO NOW
THE MAGIC OF ROTARY
आपकी सेवा में,
रो. ए.के.एस.डॉ. के.श्रीनिवासन्
रोटरी क्लब आफ़ तिरुचिरापल्ली,
RID 3000, Zone - 5

ADVT.

# उत्तर भारत का स्वाद

LBW

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

उत्तर भारत या कम से कम इसका एक हिस्सा जो आगरा के उत्तर में स्थित है, ने 1947 के विभाजन के बाद विशेष रूप से अनेक खाद्य पदार्थों का आविष्कार किया। बटर चिकन। कुलचा आ ला आलू, यानी भरवां कुलचा। चाउ मेन अवेक तड़का, जो 1962 के युद्ध में हमें पराजित करने वाले चीन के खिलाफ हमारा बदला था। (वैसे फ्रेंच में अवेक का अर्थ है 'साथ')। कीमा वाले डोसे, जो दिल्ली के कॉफी हाउस की एक खासियत थी। मुझे लगता है कि इससे केरलवासियों को उनके कोथू परोट्टास की याद आती होगी। और 1980 के दशक में एक मित्र ने मुझे बताया कि इंडियन एयरलाइंस ने भी इडली में कीमा डालने की कोशिश की थी। ओह!

यह काफी लंबी सूची है और मुझे यकीन है कि आप इसमें कुछ और आइटम जोड़ सकते हैं। मैं बस इतना कह सकता हूँ कि अधिकांश मामलों (जैसे बटर चिकन) में यह एक शानदार प्रयोग नहीं था। यह बस एक पुरानी कहावत का सरल प्रमाण था कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। मेरा अपना पसंदीदा बन आमलेट था। यह एक सुपर फास्ट फूड है जो सड़क के ठेलों पर लगभग दो मिनट में तैयार हो जाता है। जब हम दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ते थे तो यह भूख से हमारी रक्षा करता था। इसमें दो अंडे शामिल होते है जिसे ज़ोर-ज़ोर से फेंटकर एक जंग लगे कनस्तर से निकाले गए डालडा की एक छोटी सी झील में डालकर भूना जाता है। हालांकि प्याज अलग से मिलती थी और पोलसन मक्खन का एक बड़ा टुकड़ा मुफ़्त में दिया जाता था। यह एक संपूर्ण भोजन था जो एक रुपये से भी कम में मिल जाता था। कार्ब्स, वसा और प्रोटीन ये सब केवल 50 पैसे में। यह पृथ्वी पर स्वर्ग की तरह था। इसे लिखते हुए मेरे मुंह में पानी आ रहा है।

एक और जगह जहाँ यह स्वर्ग पाया जा सकता था वह था झांसी और भोपाल के बीच स्थित बीना स्टेशन। यहाँ सुबह 7 से 10 बजे के बीच गुजरने वाली ट्रेन नाश्ते के लिए करीब 30 मिनट तक रुकती थी। जब तक ट्रेन रुकी रहती थी तब तक आप प्लेटफॉर्म पर बने एक मध्यम आकार के भोजन कक्ष में जाकर आराम से बैठकर अच्छे से नाश्ता कर सकते थे। उस भोजनगृह में भी बेहतरीन नाश्ते बनते थे और अंडे के नाश्ते ऑर्डर पर तैयार किए जाते थे और टोस्ट मुफ़्त में दी जाती थी। कीमत एक रुपया। लेकिन अफसोस वहाँ कोई बन्स नहीं मिलते थे। रेलवे की कल्पना इतनी दूर तक नहीं पहुँची थी। दिल्ली के निजामुद्दीन स्टेशन पर पूरी-आलू का नाश्ता देने वाला रेस्तरां मेरे और मेरे भाई के लिए एक गुप्त स्थान था। वह पास में ही रहता था और कुछ अधिक कैलोरी लेने के लिए स्टेशन पर चुपके से चला जाता था। घर पर वह केवल खीरे खाता था।

लेकिन उत्तर भारतीय स्टेशनों को भारत के अन्य स्थानों से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलती थी। कर्जत और गोधरा के बोंडे, बड़ौदा स्टेशन के बाहर मिलने वाले उसल पाव, विजयवाड़ा स्टेशन के डाइनिंग रूम में मिलने वाले विशाल वड़ें, मदुरै स्टेशन पर मिलने वाली खिचड़ी, सभी यात्रियों का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करते थे। इस विशेष ज्ञान की प्राप्ति के लिए आपको अक्सर ट्रेन से यात्रा करनी होती है। वहीं अक्सर प्लेन से यात्रा करने वाले लोग ट्रेन के यात्रियों की तुलना में भारतीय व्यंजनों की अद्भुत विविधता से वंचित रह जाते हैं। जब मैं अपनी पत्नी से इन व्यंजनों के स्वाद के बारे में बात करता हूँ तो वह कहती है कि यह वही जगह है जहाँ पर गंदगी और अस्वच्छता इनके स्वाद को बढ़ाती है। मुझे लगता है कि वह सही है। आजकल रेलवे स्टेशन एक नीरस जगह बन गए हैं और इसकी वजह केवल अत्यधिक भीड़ ही नहीं बल्कि यह भी है कि अब वहाँ से खाने-पीने की चीजें लगभग गायब हो चुकी है।

लेकिन यह सिर्फ स्टेशनों पर ही नहीं था। 1975 तक आप ट्रेनों में भी उत्तम श्रेणी का भोजन प्राप्त कर सकते थे। ट्रेनों में तब भोजन का डिब्बा हुआ करता था जहाँ की रसोई से तब ताजा पका हुआ खाना आपकी टेबल पर परोसा जाता था। इसके अलावा वहाँ के वेटर भी साफ-सुथरी पोशाक में रहते थे। सोचिए जब भारत अपनी पूरी सुंदरता के साथ ट्रेन की खिड़की से दिखाई दे रहा होता था और आप चीनी क्रॉकरी और स्टील की कटलरी के साथ पूरे पांच कोर्स के भोजन का आनंद ले रहे होते थे। लेकिन इसके लिए एक तरकीब है। वह है सुबह जल्दी नाश्ता करने से बचना अन्यथा आपको पटरियों के पास सुबह की बहुत सारी क्रियाओं को होते हुए देखना पड़ता। उन दिनों इंडिया ट्रेन के अंदर था और भारत बाहर। दोनों एक-दूसरे को नजरअंदाज करते हुए शांति से आगे बढ़ते रहें।■

Rotary
District 3212

THE MAGIC OF ROTARY

# Yadhumanaval

100 PROGRAMS

## EMPOWERING GIRLS

Rotary strongly encourages partnership with like-minded Institutions and Corporates which support Rotary's Programmes. Empowering girls has been a major focus of Rotary in the recent years.

Therefore the coming together of Rotary District 3212 and IDHAYAM, to empower young adults through a confidence building Programme specially designed by an illustrious life skills facilitator, Dr. Jayanthasri Balakrishnan, titled "Yadhumanaval", is a great blessing indeed.

Jayanthasri Balakrishnan

" SHE PAVES A PATH FOR GIRL CHILDREN TO BECOME STRONGER VERSIONS OF THEMSELVES THROUGH HER MESMERIZING TALK. "

No. of Occurrences
**100**

No. of Beneficiaries
**1,29,660**

LEKHA ads/Jan 25/Rotary/BIW

### Get in Touch

Yadhumanaval
Project Chairman
Rtn D.Vijayakumari
+91 94887 66388

**IDHAYAM**
PROMISE OF HEALTH AND HAPPINESS

ADVT.

Registered No. TN/CCN/359/2024-2026 | Total number of pages in this monthly
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/24-26 | issue, including cover, 84. Price: ₹40
Regd with RNI TNHIN/2001/05271. Rotary Samachar Published 1st week of every month. Posted at Egmore RMS Patrika Channel. Date of posting: 6–12 every month.


# RJ MANTRA ENGLISH SCHOOL

IDHAYAM RAJENDRAN CHARITIES, AFFILIATED TO CISCE-TN 082.
VIRUDHUNAGAR TAMILNADU.

## ADMISSIONS OPEN 2025-2026

learn the Magic of learning

RJ MANTRA IS THE PLACE WHERE THE LEARNING NEEDS OF EVERY CHILD IS MET

**99.9%**

For More Information

94890 67789
89036 60689

www.rjmantra.com

admin@rjmantra.com

ADVT.